सुप्रभात
रांची, शुक्रवार
05.05.2023
* नगर संस्करण । पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक
# खबर मन्त्र
सबकी बात सबके साथ



khabarmantra.net | वैशाख, शुक्ल पक्ष, पूर्णिमा संवत 2080 | मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 10 । अंक : 289

06 विश्व की समृद्धि, संरक्षण और समभाव के प्रेरक बुद्ध

## न्यूज डायरी

### साल का पहला चंद्र ग्रहण आज रात 8: 45 बजे से

**रांची।** वर्ष का पहला चंद्र ग्रहण पांच मई शुक्रवार को रात 8.45 मिनट से शुरू होगा और इसकी समाप्ति देर रात एक बजे होगी। हालांकि यह उपच्छाया चंद्र ग्रहण है, इसलिए यहां इसका सूतक मान्य नहीं होगा।

### कश्मीर के बारामूला में दो आतंकी मारे गये

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के बारामूला जिले में सुरक्षाबलों ने लश्कर के दो आतंकियों को एनकाउंटर में मार गिराया। दोनों आतंकियों के शवों को कब्जे में लिया गया। उनके पास से हथियारों को बरामद किया गया है।

### यूपी में गैंगस्टर अनिल दुजाना एनकाउंटर में ढेर

**मेरठ।** वेस्ट यूपी और एनसीआर का खूंखार अपराधी अनिल दुजाना को यूपी एसटीएफ ने मार गिराया है। मेरठ में यूपी एसटीएफ ने मार गिराया। अनिल दुजाना पर 62 मुकदमे थे, इनमें 18 से ज्यादा हत्या के केस हैं। अनिल दुजाना पर 75 हजार रुपये का इनाम घोषित था।

### मणिपुर में हिंसा तेज इलाकों में सेना तैनात

**मणिपुर।** हिंसाग्रस्त इलाकों में दंगाइयों को सीधे गोली मारने के आदेश जारी किये गये हैं। राज्यपाल अनुसूईया उइके ने गृह मंत्रालय को मंजूरी दे दी है।

### छत्तीसगढ़ : हादस में पांच महिला समेत 11 की मौत

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के बालोद जिले में बीती रात्रि ट्रक और बोलेरो में हुई टक्कर में पांच महिलाओं समेत 11 लोगों की मौत हो गयी। बोलेरो में सवार पांच महिलाओं एवं एक बच्चे समेत 10 लोगों की मौके पर ही मौत हो गयी। जबकि एक घायल की उपचार के दौरान मौत हो गयी।

### पहलवानों के उत्पीड़न मामले की सुनवाई बंद

**नयी दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने भारतीय कुश्ती महासंघ के प्रमुख एवं भाजपा सांसद बृजभूषण शरण सिंह पर यौन उत्पीड़न का आरोप लगाने वाली सात महिला पहलवानों की शिकायत पर प्राथमिकी दर्ज करने और संबंधित याचिकाकर्ताओं को पर्याप्त पुलिस सुरक्षा मुहैया कराने के बाद याचिका आगे की सुनवाई बंद करने का आदेश दिया।

### डेल्टा रैंकिंग में रामगढ़ को देश में दूसरा स्थान

**रामगढ़।** आकांक्षी जिला कार्यक्रम के तहत नीति आयोग से जारी मार्च की डेल्टा रैंकिंग में रामगढ़ जिले को देश में दूसरा स्थान दिया है। साथ ही हेल्थ एंड न्यूट्रिशन क्षेत्र में जिले को देश में पहला स्थान मिला है। इस उपलब्धि पर उपायुक्त माधवी मिश्रा ने जिला प्रशासन के अधिकारियों एवं कर्मियों को बधाई देते हुए भविष्य में भी इसी तरह कार्य करने के लिए प्रेरित किया।

### गहना आभूषण

| | | |
|---|---|---|
| सोना (बिक्री) | : | 58,700 रु./10 ग्राम |
| चांदी | : | 81,000 रु./प्रति किलो |

# 10 घंटे पूछताछ के बाद छवि रंजन गिरफ्तार

- पूछताछ के बाद इडी ने उनके वकील और मेडिकल टीम को ऑफिस बुलाया

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** प्रवर्तन निदेशालय (इडी) ने रांची के पूर्व डीसी सहआइएएस छवि रंजन गुरुवार को करीब दस घंटे की पूछताछ के बाद देर रात गिरफ्तार कर लिया। जमीन घोटाले से जुड़े मामलों में छवि रंजन से इडी ने दस घंटे तक पूछताछ में इडी के अधिकारियों को छवि रंजन अपने जबाबों से संतुष्ट नहीं कर सके। अंतः में इडी ने छवि रंजन के अधिवक्ता को कार्यालय बुलाया गया, जहां पर कस्टडी में लेने की प्रक्रिया आरंभ की गयी। इडी अधिकारियों ने गिरफ्तारी के पूर्व मेडिकल टीम को भी अपने दफ्तर में बुलाया और उनकी स्वास्थ्य जांच करायी। इडी ने सेना के कब्जे वाली जमीन के अलावा चेशायर होम रोड की जमीन की खरीद बिक्री मामले में छवि रंजन की भूमिका को बेहद संदेहास्पद माना था। इसी वजह से इडी ने 13 अप्रैल को उनके और कई जमीन माफिया के ठिकानों पर छापा भी मारा था।

**आज अदालत में पेशी :** सूत्रों के अनुसार शुक्रवार को आइएएस छवि रंजन को इडी की विशेष अदालत में पेश किया जायेगा और वहां से न्यायिक हिरासत में भेजा जायेगा। संभावना यह भी व्यक्त की जा रही है कि छवि रंजन से और भी पूछताछ करने के लिए इडी अधिकारी कोर्ट में रिमांड के लिए आवेदन भी दे सकते हैं।

**दूसरी बार इडी के सामने पेशी :** गौरतलब हो कि आइएएस अधिकारी और रांची के पूर्व डीसी, छवि रंजन दूसरी बार इडी के सवालों का सामना करने ईडी दफ्तर पहुंचे थे। छवि रंजन से होने वाली पूछताछ बेहद महत्वपूर्ण माना गया था। गुरुवार दोपहर में ही छवि की गिरफ्तारी की भूमिका बन चुकी थी। जमीन घोटाले में छवि की भूमिका को लेकर आधा दर्जन से ज्यादा आरोपितों से इडी पूछताछ कर चुकी है, पूछताछ के बाद ही छवि को दोबारा समन जारी कर बुलाया गया था। (शेष पेज 11 पर)

### मुंह खोलिये, नहीं तो गिरफ्तार हो जाइये



गुरुवार को आइएएस अधिकारी छवि रंजन ईडी के द्वारा तय समय से पहले ही एजेंसी के दफ्तर पहुंच गये थे। अंदर जाने के थोड़ी देर बाद ही उनसे पूछताछ शुरू कर दी गयी। इडी सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार अफसर अली, रजिस्ट्रार वैभव मणि त्रिपाठी सहित अन्य जमीन माफियाओं ने पूछताछ के दौरान हर मामले में छवि रंजन का नाम लिया था। पूछताछ के आधार पर जो जानकारियां इडी के सामने आयी थी, उन्हीं को आधार बनाते हुए छवि को गिरफ्तार किया गया है। इडी ने कहा कि या तो मुंह खोलिये, नहीं तो कस्टडी में आइये।

### डीसी रहते जमीन की अधिकांश गड़बड़ी

इडी सूत्रों के मुताबिक, रांची में जमीन के कागजात में हेरफेर और फिर उसकी बिक्री में तत्कालीन डीसी छवि रंजन की अहम भूमिका थी। छवि रंजन के कार्यकाल के दौरान विवादित जमीन को फर्जी कागजात के जरिये खरीद बिक्री जोर शोर से हुई थी। छवि रंजन के डीसी रहते ही रांची के बजरा, करमटोली स्थित सेना जमीन और सदर स्थित चेशायर होम रोड की जमीन का फर्जीवाड़ा हुआ। इडी सूत्रों के मुताबिक, जमीन घोटाले में छवि रंजन और जेल में बंद सत्ता के पावर ब्रेकर प्रेम प्रकाश की संलिप्तता के पुख्ता साक्ष्य एजेंसी को मिले थे। इडी सूत्रों के मुताबिक, जमीन घोटाले में छवि रंजन और जेल में बंद सत्ता के पावर ब्रेकर प्रेम प्रकाश की संलिप्तता के पुख्ता साक्ष्य एजेंसी को मिले हैं।

# 15 लाख के इनामी नक्सली इंदल गंझू ने किया समर्पण

- नक्सलियों का था थिंक टैंक 145 से ज्यादा कांडों में रहा शामिल
- चतरा मुठभेड़ के बाद बिहार भाग गया था गया जिले का इंदल

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** भाकपा माओवादियों के थिंक टैंक माने जाने वाले रिजनल कमिटी के सदस्य इंदल गंझू उर्फ ललन ने गुरुवार को रांची में आइजी अभियान अमोल वी होमकर के सामने आधिकारिक रूप से सरेंडर कर दिया। झारखंड सरकार ने इंदल के सिर पर 15 लाख रुपये का इनाम घोषित था। इंदल एक दुर्दांत नक्सली कमांडर था, उस पर झारखंड और बिहार में 145 से ज्यादा नक्सल कांड दर्ज हैं। इंदल गंझू ने रांची आइजी कार्यालय में आइजी अभियान, आइजी सीआरपीएफ और चतरा एसपी के सामने सरेंडर किया।

**चतरा मुठभेड़ में भी शामिल था :** आइजी अभियान अमोल होमकर ने बताया कि 15 लाख का इनामी इंदल बीते दिनों चतरा में हुए पुलिस मुठभेड़ में शामिल था। इस मुठभेड़ में पांच शीर्ष नक्सली मारे गए थे। मुठभेड़ के दौरान इंदल किसी तरह भाग कर बिहार चला गया था। उसके बाद वह पुलिस के संपर्क में आया और खुद के सरेंडर करने की बात कही। (शेष पेज 11 पर)



### हजारीबाग में टीएसपीसी के तीन उग्रवादी गिरफ्तार

**हजारीबाग।** पुलिस ने केरेडारी थाना के डमारु के जंगल में तृतीय सम्मेलन प्रस्तुति समिति (टीएसपीसी) के एरिया कमांडर पहाड़ी उर्फ रामेश्वर महतो उर्फ रमेश महतो, दिवाकर गंझू उर्फ प्रतापजी, राजेश गंझू, मनोज मुंडा को गिरफ्तार किया है। ये लोग संगठन के अन्य सक्रिय सदस्यों के साथ केरेडारी, बड़कागाव, बुढमु, उरीमारी, खलारी आदि क्षेत्र में किसी बड़ी घटना को अंजाम देने की फिराक में थे। गुप्त सूचना पर पुलिस अधीक्षक मनोज रतन चौथे ने जिला बल एवं सीआरपीएफ ने टंडवा के साथ डमारु जंगल में छापेमारी अभियान चला कर दबोचा। पुलिस को देख कर सभी भागने लगे थे, पर जवानों ने उग्रवादियों को खदेड़ कर धर दबोचा। इनके पास से कई हथियार और सामग्री मिली है। एसपी ने बताया कि दिनेश लोहरा चंदवा लातेहार, मुकेश तुरी उरीमारी व बहादुर गंझू गिद्दी के रहने वाले हैं।



### सीपी राधाकृष्णन से मिले राज्य के प्रथम राज्यपाल प्रभात कुमार

**रांची।** राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन से गुरुवार को झारखंड के प्रथम राज्यपाल प्रभात कुमार ने राज भवन में मुलाकात की। राजभवन की ओर से बताया गया कि यह दोनों की शिष्टाचार मुलाकात थी।

**राज्यपाल आज करेंगे उदघाटन:** राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन रांची में शुक्रवार को तीन दिवसीय बांग्ला सांस्कृतिक मेले का उदघाटन करेंगे। बंगाली युवा मंच के मुख्य संरक्षक सुप्रियो भट्टाचार्य ने बताया कि विधानसभा अध्यक्ष रवींद्रनाथ महतो 6 मई को मुख्य अतिथि के रूप में मेले का भ्रमण करेंगे। वहीं समापन समारोह में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन भाग लेंगे।

#### 7 से 11 के बीच आ रहा साल का पहला साइक्लोन

# तबाही मचायेगा मोचा, बंगाल और ओड़िशा में अलर्ट जारी

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** इस साल का पहला चक्रवात मोचा (मोका) दस्तक देने को तैयार है। मौसम विभाग के अनुसार सात मई से 11 मई के बीच चक्रवात आ सकता है। पश्चिम बंगाल और ओड़िशा दोनों राज्यों को अलर्ट जारी कर दिया गया है। बंगाल और ओड़िशा से सटे झारखंड के कुछ इलाकों में भी मोचा के असर की आशंका जतायी गयी है। भारतीय मौसम विभाग के अनुसार बहुत संभव है कि यह चक्रवात तूफान में बदल जाये। इस चक्रवात का असर बांग्लादेश और बर्मा तक बना रहेगा। (शेष पेज 11 पर)

### झारखंड में भी कुछ असर के आसार



इस चक्रवात का नाम मोचा रखने का सुझाव यमन ने दिया था। मोचा लालसागर तट पर एक बंदरगाह सिटी है। किसी तूफान या चक्रवात का नाम ऐसा रखा जाता है, जिस पर किसी भी सदस्य देश को आपत्ति न हो और यह किसी की भावना को आहत न करता हो। अधिकतम आठ अक्षर का नाम रखा जा सकता है। एक बार जिस नाम का प्रयोग हो गया, वह दोबारा प्रयोग में नहीं आता है। हिंद महासागर में अगर कोई चक्रवात आता है, तो 13 देशों के सदस्य इस पर निर्णय करते हैं। इसमें भारत के अलावा पाकिस्तान, श्रीलंका, बांग्लादेश, म्यांमार, ओमान, थाईलैंड, मालदीव, ईरान, यमन, कतर और यूएई फैसला करते हैं। नामकरण की प्रक्रिया 1953 से शुरू हुई थी। पूरी दुनिया में छह रिजनल स्पेशलाइज्ड वेदर साइंस सेंटर और पांच रिजनल उष्ण कटिबंधीय साइक्लोन सेंटर हैं, जो समय-समय पर परामर्श जारी करते रहते हैं।

#### जांच कमेटी का प्रपोजल नहीं मिलने से खफा

# अगली सुनवाई में सख्त आदेश देंगे : हाइकोर्ट

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्र की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने रिम्स में हड़ताल के दौरान 28 मरीजों की हुई मौत मामले में जांच कमेटी को लेकर अबतक प्रपोजल नहीं भेजने पर गुरुवार को सख्त नाराजगी जतायी। कोर्ट ने मौखिक कहा कि अगर प्रपोजल नहीं भेजा गया तो राज्य सरकार के विरुद्ध अगली सुनवाई में कड़ा आदेश पारित किया जायेगा। सुनवाई के दौरान राज्य सरकार की ओर से कमेटी के गठन के लिए प्रपोजल चीफ जस्टिस के पास भेजने के लिए एक सप्ताह के समय की मांग की गयी थी, जिससे जिला जज का नाम प्रस्तावित किया जा सके। कोर्ट ने मामले की सुनवाई 18 मई निर्धारित की है।

### रिम्स में मौत का मामला

रिम्स में 1 जून 2018 को एक मरीज की मौत के बाद परिजनों के बवाल को लेकर जूनियर डॉक्टर और नर्स स्ट्राइक हड़ताल पर चले गये थे। हड़ताल के दौरान 28 मरीजों की मौत हो गयी थी। इसी मामले में जांच कमेटी को लेकर अबतक प्रपोजल नहीं भेजने पर हाईकोर्ट ने गुरुवार को सुनवाई के दौरान सख्त नाराजगी जतायी। (शेष पेज 11 पर)

### बिहार में हाइकोर्ट ने जाति सर्वेक्षण पर लगायी रोक

**पटना (खबर मन्त्र)।** पटना उच्च न्यायालय ने बिहार सरकार द्वारा किये जा रहे जाति आधारित गणना पर बृहस्पतिवार को रोक लगा दी। अदालत मामले की सुनवाई अब तीन जुलाई को करेगी। मुख्य न्यायाधीश के विनोद चंद्रन और न्यायमूर्ति मधुरेश प्रसाद की खंडपीठ ने कई याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए सरकार को जाति आधारित सर्वेक्षण तुरंत रोकने और इस सर्वेक्षण अभियान के तहत अबतक एकत्र आंकडों को सुरक्षित रखने का निर्देश दिया। बिहार में जातिगत जनगणना और आर्थिक सर्वेक्षण को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई पूरी होने के बाद हाइकोर्ट ने अंतरिम आदेश जारी करते हुए इस पर रोक लगा दी है। हाई कोर्ट के इस निर्णय के बाद बिहार में सियासत तेज हो गयी है। महागठबंधन के नेताओं ने कहा कि आगे अब सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटायेंगे।

#### झारखंड के सरकारी स्कूलों में हर्ष जोहार पाठ्यक्रम शीघ्र

# तनावमुक्त माहौल में खेल-खेल में बच्चे करेंगे पढ़ाई

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** राज्य के सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों को अब खेल-खेल में शिक्षा दी जायेगी। झारखंड सरकार ने इसके लिए दिल्ली के हैप्पीनेस प्रोग्राम की तर्ज पर हर्ष जोहार पाठ्यक्रम शुरू किया है। हर्ष जोहार के जरिये बच्चों को ना केवल नैतिक शिक्षा बल्कि तनावमुक्त वातावरण में कैसे पढ़ाई करें, इसके तरीके भी बताये जायेंगे। फिलहाल, इसकी शुरुआत उत्कृष्ट विद्यालय से हो रही है, जहां बच्चों के लिए प्रतिदिन 45 मिनट की एक घंटी होगी। हालांकि, इसे हर विषय की पढ़ाई के साथ बीच में 10 मिनट हर्ष जोहार के जरिये बच्चों को तनावमुक्त किया जा सकता है। शिक्षा सचिव के रवि कुमार ने इसे बच्चों को पढ़ाई के प्रति एकाग्रता लाने में सहायक होने की बात कही है, जिससे बच्चे पढ़ाई को बोझ समझने के बजाये खेल-खेल में शिक्षा ग्रहण करने में सफल होंगे। (शेष पेज 11 पर)

### दिल्ली के हैप्पीनेस प्रोग्राम की तरह बना पाठ्यक्रम



झारखंड सरकार का हर्ष जोहार कार्यक्रम दिल्ली के हैप्पीनेस प्रोग्राम के तर्ज पर शुरू किया जा रहा है। इसके लिए शिक्षा विभाग ने प्रत्येक उत्कृष्ट विद्यालय के दो-दो शिक्षकों को प्रशिक्षित कर मार्गदर्शिका दी है, जिसमें बच्चों के साथ स्कूल में व्यवहार के तौर तरीके, उनकी समस्या को जानने की कोशिश और उन्हें तनावमुक्त वातावरण में शिक्षा देने की कला को बताया गया है। प्रशिक्षित दोनों शिक्षकों को अपने अपने विद्यालय में सभी शिक्षकों को भी प्रशिक्षित करने को कहा गया है। शिक्षा विभाग के द्वारा तैयार हर्ष जोहार पाठ्यक्रम को प्रारंभिक शिक्षा से लेकर उच्च माध्यमिक वर्ग तक लागू किया जा रहा है।



## विधायक चमरा लिंडा के मामले में फैसला 18 मई को

**रांची।** बिशुनपुर के झामुमो विधायक चमरा लिंडा के खिलाफ सरकारी आदेश एवं चुनाव आचार संहिता का उल्लंघन करने के मामले में 18 मई को फैसला आयेगा। रांची के एमपी-एमएलए की अदालत ने बहस पूरी होने के बाद फैसले की तारीख निर्धारित की है। अप्रैल 2022 को आरोपी के खिलाफ आरोप तय किया गया था। आरोप गठन के बाद अभियोजन की ओर से साक्ष्य प्रस्तुत करना था। लेकिन, 1 साल बाद भी अभियोजन की ओर से साक्ष्य प्रस्तुत नहीं किया गया।

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल, कोडरमा**

पत्रांक ................ दिनांक ................

**अल्पकालीन उद्धरण आमंत्रण सूचना**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि कार्यपालक अभियंता, पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल, कोडरमा के अन्तर्गत चल रहे कार्यों के पर्यवेक्षण हेतु मासिक किराये पर डीजल एल०पी० वाहन यथा-Scorpio की आपूर्ति हेतु दिनांक-16.05.2023 के अपराह्न 3:00 बजे तक दर हेतु उद्धरण मुहरबंद लिफाफे में अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में प्राप्त किया जाएगा, जो दिनांक-16.05.2023 को ही अपराह्न 3:30 बजे अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में उद्धरणकर्त्ता/उनके द्वारा प्राधिकृत व्यक्ति के समक्ष उपस्थिति/अनुपस्थिति में खोला जायेगा। उद्धरणकर्त्ता द्वारा उद्धृत दर चालक एवं सभी कर सहित होगा।

उद्धरण की शर्तें कार्यालय एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखी जा सकती हैं।

E-mail ID-eercdkoderma-jhr@nic.in

ह०/-
कार्यपालक अभियंता
प.नि.वि. पथ प्रमण्डल,कोडरमा।

PR 296533 Road(23-24)#D

# पहली, छठी और नौवीं कक्षा के लिए विद्यार्थियों का होगा नामांकन

# सीएम हेमंत की पहल पर 80 उत्कृष्ट विद्यालयों में नामांकन प्रक्रिया शुरू

### बाल वाटिका में भी होगा नामांकन

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने जिन 80 उत्कृष्ट विद्यालयों का शुभारम्भ किया था उन विद्यालयों में नामांकन प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। बच्चे पहली, छठी और नौवीं कक्षा में नामांकन ले सकेंगे। इसके लिए आवेदन जमा करने की तिथि 2 मई से 15 मई निर्धारित है। नामांकन के लिए टेस्ट की तिथि 19 मई निर्धारित है जबकि फर्स्ट मेरिट लिस्ट का प्रकाशन 22 मई को होगा। मेरिट लिस्ट में शामिल बच्चों के नामांकन लेने की तिथि 23 मई से 8 जून 2023 की गई है। कक्षा 9 से 12 तक संचालित होने वाले उत्कृष्ट विद्यालयों में कक्षा 9 एवं कक्षा 6 से 12 तक संचालित विद्यालयों में कक्षा 6 में नामांकन कराया जा सकता है। आवेदन प्रपत्र निःशुल्क मिलेगा। उपरोक्त कक्षा में नामांकन लेने वाले बच्चों को सीबीएसई माध्यम से एनसीईआरटी पाठ्यक्रम में शिक्षा दी जायेगी।



**बाल वाटिका में भी नामांकन शुरू :** उत्कृष्ट विद्यालयों के बाल वाटिका एवं कक्षा 1 में बच्चे नामांकन ले सकेंगे। बाल वाटिका में वैसे बच्चे नामांकन के पात्र होंगे, जिन्होंने 1 अप्रैल 2022 से 31 मार्च 2023 तक 5 वर्ष की आयु पूरी कर ली हो, जबकि कक्षा 1 में वैसे बच्चे नामांकन ले सकेंगे जिन्होंने जिन्होंने 1 अप्रैल 2022 से 31 मार्च 2023 तक 6 वर्ष की आयु पूरी कर ली हो। नामांकन के लिए ऑनलाइन आवेदन पत्र राज्य परियोजना कार्यालय, झारखण्ड शिक्षा परियोजना परिषद के आधिकारिक वेबसाईट पोर्टल के एडमिशन लिंक पर जरूरी डॉक्यूमेंट्स के साथ जमा करना होगा।

### उत्कृष्ट विद्यालयों में चार कोटि के विद्यालय

दरअसल, 80 उत्कृष्ट विद्यालयों में चार कोटि के विद्यालयों को शामिल किया गया है। जिला स्कूल के तर्ज पर उत्कृष्ट शिक्षण केंद्र की संख्या 25, जिला मुख्यालय का एक बालिका माध्यमिक प्लस टू विद्यालय जिसकी संख्या 24, जिला मुख्यालय का एक केजीबीवी जिसकी संख्या 24 एवं प्रखंड का एक मॉडल स्कूल जिसकी संख्या 7 है। इन 80 उत्कृष्ट विद्यालयों के वर्तमान संचालन का स्तर अलग-अलग है। इसके तहत कक्षा 1 से 12 तक के विद्यालयों की संख्या 04, कक्षा 09 से 12 तक के विद्यालयों की संख्या 27, कक्षा 06 से 12 तक के विद्यालयों की संख्या 48, एवं कक्षा 01 से 08 तक के विद्यालयों की संख्या 01 है।

## खबर एक नजर में

### बिल्डर अमित सरावगी पर नहीं होगी पीड़क कार्रवाई

**रांची।** झारखंड के चर्चित बिल्डर अमित सरावगी की अग्रिम जमानत याचिका पर झारखंड हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। जस्टिस गौतम कुमार चौधरी के कोर्ट ने अमित सरावगी की बेल पर सुनवाई करते हुए उसके खिलाफ पीड़क कार्रवाई पर रोक का आदेश दिया है। अब अदालत इस मामले में 26 जून को सुनवाई करेगी। यह मामला अलग-अलग बैंकों से 100 करोड़ से ज्यादा राशि के बैंक फ्रॉड से जुड़ा है। सीबीआई ने वर्ष 2018 में अमित सरावगी के खिलाफ कांड संख्या 08/2018 दर्ज की थी। अमित मनी लाउंड्रिंग का भी आरोपी है।

### प्रदूषण रोकने के लिए कोर्ट के आदेश का पालन हो

**हाईकोर्ट ने राज्य सरकार को दिया निर्देश**

**रांची।** रामगढ़ के भुरकुंडा में कोयला एवं लौह अयस्क ट्रांसपोर्टिंग एवं अवैध माइनिंग से होने वाले प्रदूषण की रोकथाम को लेकर संतोष पाठक की जनहित याचिका की सुनवाई गुरुवार को झारखंड हाईकोर्ट में हुई। मामले में कोर्ट ने राज्य सरकार को दिया निर्देश कि भुरकुंडा में प्रदूषण की रोकथाम को लेकर कोर्ट के आदेश का अनुपालन 1 सप्ताह में सुनिश्चित करें। कोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई 10 मई निर्धारित की। सुनवाई के दौरान प्रार्थी के अधिवक्ता ने कोर्ट को बताया कि अभी तक भुरकुंडा में प्रदूषण की रोकथाम को लेकर राज्य सरकार की ओर से कोई कार्रवाई शुरू नहीं हुई है। भुरकुंडा में कोल ट्रांसपोर्टिंग, लौह अयस्क के ट्रांसपोर्टिंग से प्रदूषण जारी है। इससे लोगों को काफी परेशानी हो रही है।

### निकाय चुनाव पर 8 मई को होगी सुनवाई

**रांची।** झारखंड में नगर निकायों का चुनाव जल्द कराने को लेकर झारखंड हाईकोर्ट में दायर रिट याचिका पर सुनवाई 8 मई को होगी। मामले की जल्द सुनवाई का आग्रह करते हुए अधिवक्ता विनोद सिंह ने इस मामले को हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति राजेश शंकर की कोर्ट में गुरुवार को मेंशन किया। जिसके बाद कोर्ट ने सुनवाई सोमवार को निर्धारित की। पार्षद रोशनी खलखो सहित अन्य पार्षदों की ओर से हाईकोर्ट में याचिका दाखिल कर कहा गया है कि राज्य में जल्द निकायों का चुनाव कराया जाए। जब तक चुनाव नहीं होता है तब तक वैकल्पिक व्यवस्था के रूप में वर्तमान पार्षद को तदर्थ रूप में दायित्व का निर्वहन करने का आदेश देने का आग्रह कोर्ट से किया गया है। बता दें कि 27 अप्रैल तक राज्य में निकाय चुनाव पूरा हो जाना चाहिए था, लेकिन कई कारणों से चुनाव संपन्न नहीं हो सका है।

### संजय तिवारी की डिस्चार्ज अर्जी खारिज

**रांची।** मिड डे मिल के 100 करोड़ रुपये घोटाले की राशि की मनी लाउंड्रिंग के आरोपी भानु कंस्ट्रक्शन के पार्टनर बिल्डर संजय कुमार तिवारी की डिस्चार्ज अर्जी ईडी के विशेष न्यायाधीश दिनेश राय की अदालत ने गुरुवार को फैसला सुनाते हुए खारिज कर दी है। अदालत ने 24 अप्रैल को डिस्चार्ज अर्जी पर सुनवाई के बाद फैसला सुरक्षित रख लिया था। मामले में अब संजय तिवारी एवं राजू वर्मा के खिलाफ आरोप गठन के बिंदु पर सुनवाई होगी। इसके लिये अदालत ने 15 मई की तारीख निर्धारित की है। उस दिन दोनों आरोपियों को व्यक्तिगत रूप से अदालत में उपस्थित रहने का निर्देश दिया गया है।

### केंद्र, राज्य और बार काउंसिल को नोटिस

**वकीलों की बीमा के लिए दायर पीआइएल**

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट ने राज्य में वकालत करने वाले अधिवक्ताओं को लाइफ इंश्योरेंस और हेल्थ इंश्योरेंस कवरेज देने की मांग को लेकर दाखिल जनहित याचिका पर सुनवाई की। इस दौरान हाईकोर्ट ने केंद्र सरकार, झारखंड सरकार, बार काउंसिल ऑफ इंडिया और झारखंड स्टेट बार काउंसिल को नोटिस जारी किया है। अदालत ने चार सप्ताह के भीतर सभी को जवाबी हलफनामा दायर करने का निर्देश दिया है। मामले की अगली सुनवाई के लिए 26 जून की तारीख मुकर्रर की गई है। इसे लेकर विदेश कुमार धान ने जनहित याचिका दाखिल की गई है।

### देवघर एयरपोर्ट अथॉरिटी को हाईकोर्ट का निर्देश- उपायुक्त को सर्वेयर नियुक्ति के लिए करें अनुरोध

**देवघर एयरपोर्ट में नाइट लेंडिंग मामला**

**रांची।** देवघर एयरपोर्ट पर नाइट लेंडिंग शुरू नहीं होने तथा एयरपोर्ट के आस-पास की ऊंची बिल्डिंग को तोड़ने से संबंधित सांसद निशिकांत दुबे की अवमानना याचिका पर गुरुवार को झारखंड हाई कोर्ट में सुनवाई हुई। मामले में कोर्ट ने देवघर एयरपोर्ट लिमिटेड को निर्देश दिया कि वह डीसी देवघर को पत्र लिखकर एक सर्वेयर की नियुक्ति के लिए अनुरोध करें, ताकि जिनके मकान टूटेंगे उनके लॉस का एसेसमेंट किया जा सके। सर्वेयर इससे संबंधित अपनी रिपोर्ट मध्यस्थ को सौंपेगा। मामले की अगली सुनवाई 28 जून को होगी। पिछली सुनवाई में कोर्ट ने मामले में एक मध्यस्थ नियुक्त करने को कहा था। यह मध्यस्थ प्राइवेट पार्टी जिनका मकान टूटना है और देवघर एयरपोर्ट लिमिटेड के बीच वार्ता करेगा। मकान मालिकों को कितना मुआवजा मिलेगा और कब तक उनका मकानों को तोड़ा जाना है आदि विषयों पर दोनों पक्षों से बातचीत कर मध्यस्थ अपनी रिपोर्ट कोर्ट को रिपोर्ट देगा। बता दें कि देवघर एयरपोर्ट के आसपास के 7 ऊंची बिल्डिंग को तोड़ने को लेकर देवघर जिला प्रशासन की ओर से मकान मालिकों को नोटिस जारी किया गया था। भाजपा सांसद निशिकांत दुबे की ओर से देवघर एयरपोर्ट के सुचारू ढंग से संचालन करने एवं वहां नाइट लैंडिंग की सुविधा देने को लेकर अवमानना याचिका दाखिल की गई है।

**झारखंड शिक्षा परियोजना,लातेहार**
**समाहरणालय परिसर दूसरी मंजिल,लातेहार**
दूरभाष संख्या : 06565-248038
ई-मेल : dpolatehar@yahoo.co.in

**झारखंड शिक्षा परियोजना, लातेहार अन्तर्गत कस्तूरबा गाँधी बालिका विद्यालयों में विषयवार शिक्षिका के रिक्त पदों के विरूद्ध संविदा आधारित नियुक्ति संबंधी आम सूचना**

सूचित किया जाता है कि सरकार के सचिव, स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग झारखंड सरकार राँची के पत्रांक GE/08/163/2022-23/2835 दिनांक 03.11.2022 एवं राज्य परियोजना कार्यालय राँची के पत्रांक GE/08/163/2022/3694 दिनांक 30.12.2022 के अनुसार प्रकाशित विज्ञापन के आलोक में जिले के विभिन्न कस्तूरबा गाँधी बालिका विद्यालयों में विषयवार शिक्षिकाओं के रिक्त पदों के विरूद्ध नियुक्ति हेतु अहर्ता पूर्ण करने वाले महिला अभ्यर्थियों की अन्तर्वीक्षा दिनांक 09.05.2023 को अपराह्न 01:00 बजे से आहूत की गई है। विषयवार अहर्ता पूर्ण करने वाले अभ्यर्थियों की सूची जिला लातेहार के वेबसाईट WWW.latehar.nic.in पर उपलब्ध है। संबंधित अभ्यर्थी अपने सभी शैक्षणिक एवं प्रशैक्षणिक मूल प्रमाण पत्रों के साथ दिनांक 09.05.2023 को ससमय झारखंड शिक्षा परियोजना कार्यालय लातेहार में उपस्थित होना सुनिश्चित करेंगे।

जिला शिक्षा पदाधिकारी-सह-
जिला कार्यक्रम पदाधिकारी,
समग्र शिक्षा अभियान, लातेहार

PR 296548 Human Resource Developement(23-24).D

## मनी लॉन्ड्रिंग : आरोपी अरविंद व्यास को हाईकोर्ट से राहत

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** पूर्व मुख्यमंत्री मधु कोड़ा से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में आरोपी अरविंद व्यास की ओर से निचली अदालत में व्यक्तिगत उपस्थिति से छूट का आग्रह करने वाली क्रिमिनल रिवीजन याचिका पर हाई कोर्ट ने फैसला सुनाया है। हाईकोर्ट ने निचली अदालत द्वारा उनकी उपस्थिति संबंधि याचिका खारिज करने के आदेश को रद्द कर दिया। उस दौरान अरविंद व्यास की जगह उनके अधिवक्ता कोर्ट में उपस्थिति दर्ज कराएंगे। कोर्ट ने उपस्थिति से छूट देते हुए यह शर्त दी है कि आरोपी अरविंद व्यास सीआरपीसी की धारा-313 के बयान दर्ज कराने के दौरान एवं केस के जजमेंट के दौरान कोर्ट में उपस्थित रहेंगे।

**चितौड़गढ़ से आते हैं अरविंद व्यास :** दरअसल, निचली अदालत द्वारा व्यक्तिगत उपस्थिति के छूट संबंधी याचिका को खारिज किए जाने को अरविंद व्यास ने हाईकोर्ट में चुनौती दी थी। अरविंद व्यास की ओर से कोर्ट से आग्रह किया गया था कि वे राजस्थान के चित्तौड़गढ़ में रहते हैं। ईडी कोर्ट में उन्हें हर पेशी पर उपस्थित होना होता है। चित्तौड़गढ़ की रांची से दूरी करीब 1600 किमी है। आने जाने में 3200 किमी पड़ता है। आने जाने में बड़ी राशि भी खर्च होती है। ऐसे में जब कोर्ट उन्हें बुलाएगा तो वे व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होने के लिए तैयार हैं लेकिन मामले की हर तारीख में आना संभव नहीं है। इसलिए अपने अधिवक्ता की उपस्थिति के लिए आदेश दिया जाए।

**झारखण्ड शिक्षा परियोजना, कोडरमा**
**समग्र शिक्षा,समाहरणालय भवन, कोडरमा, दूरभाष: 8002410681**
jepckoderma@yahoo.co.in & kodermassa@gmail.com

**विज्ञप्ति संख्या-539/03.05.2023**

**कोडरमा जिला अन्तर्गत 04 कस्तूरबा गाँधी बालिका विद्यालयों में शिक्षिका एवं लेखापाल-सह-कम्प्यूटर ऑपरेटर के नियुक्ति के निमित आपत्ति प्राप्त करने हेतु आम सूचना-**

कोडरमा जिला अन्तर्गत 04 कस्तूरबा गाँधी विद्यालयों में शिक्षिका एवं लेखापाल-सह-कम्प्यूटर ऑपरेटर के रिक्त पदों पर संविदा आधारित नियुक्ति हेतु राज्य परियोजना कार्यालय के विज्ञापन संख्या GE/08/163/2022/3694 दिनांक 30.12.2022 एवं कार्यालय द्वारा प्रकाशित विज्ञापन संख्या- SSA/1289/2022 के द्वारा प्रकाशित विज्ञापन के आलोक में अंतिम तिथि दिनांक 30.01.2023 तक अभ्यर्थियों निबंधित डाके के द्वारा प्राप्त आवेदन पत्रों के आधार पर दिये गये विवरणी का अवलोकन कर विहित प्रपत्र में कोडरमा जिला के NIC बेबसाईट koderma.nic.in पर अपलोड किया गया है। इसमें किसी भी अभ्यर्थी का आवेदन पत्र के साथ दिये गये सूचना/प्रमाण पत्र अपूर्ण अथवा छुट गया हो या कोई त्रुटि रह गया हो तो दिनांक 10.05.2023 को अपराह्न 5:00 बजे तक अपना आपत्ति जिला कार्यालय, समग्र शिक्षा, कोडरमा, समाहरणालय भवन, कोडरमा में निबंधित डाक द्वारा आवेदन देकर आपत्ति दर्ज कराई जा सकती है। आपत्ति सही पाये जाने पर इसमें सुधार किया जा सकेगा। इसमें कोई भी नया प्रमाण-पत्र मान्य नहीं होगा। निर्धारित तिथि 10.05.2023 अपराह्न 5:00 बजे के बाद कोई भी आपत्ति स्वीकार्य नहीं होगा।

जिला शिक्षा पदाधिकारी-सह-
जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, समग्र शिक्षा, कोडरमा

PR 296498 Jharkhand Education Project Council(23-24).D

## सीएम के इशारे पर स्पीकर ने नेता प्रतिपक्ष का मामला उलझाये रखा: बाबूलाल मरांडी

**भाजपा विधायक दल के नेता ने कहा- सरकार को लोकायुक्त जांच एवं सूचनाओं के उजागर होने का भी सता रहा भय**



**यह भी बोले बाबूलाल: जहां तक जेवीएम का भाजपा में विलय का सवाल है तो चुनाव आयोग ने अपने निर्णय में सारी स्थित स्पष्ट कर दी है...**

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** भाजपा विधायक दल के नेता बाबूलाल मरांडी ने कहा है कि सीएम के इशारे पर स्पीकर ने नेता प्रतिपक्ष का मामला उलझाया है। श्री मरांडी गुरूवार को पार्टी मुख्यालय में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार उजागर करने केलिए कई केंद्रीय संवैधानिक संस्थायें कार्यरत हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश भाजपा ने अपने विधायक दल का नेता चयन कर विधानसभा सचिवालय को विधिसम्मत सूचना दी है। उन्होंने कहा कि जहां तक जेवीएम का भाजपा में विलय का सवाल है तो चुनाव आयोग ने अपने निर्णय में सारी स्थित स्पष्ट कर दी है। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग एक संवैधानिक संस्था है, जिसने विलय को मान्यता देते हुए दो बार उन्हें राज्यसभा चुनाव में भाजपा विधायक के रूप में मत देने का अधिकार दिया है। फिर भी स्पीकर के द्वारा भाजपा के नेता विधायक दल को नेता प्रतिपक्ष का दर्जा नहीं देना राज्य सरकार के इशारे पर एक राजनीतिक साजिश है।

उन्होंने कहा कि राज्य सरकार नही चाहती कि नेता प्रतिपक्ष की अनुशंसा से लोकायुक्त का चयन हो, सूचना आयुक्त का चयन हो। क्योंकि राज्य सरकार की नाकामियां उजागर होंगी। उन्होंने कहा कि लोकायुक्त के माध्यम से भ्रष्टाचार की जांच हो सकेगी। उन्होंने कहा कि भले ही राज्य सरकार तिकड़म से महत्वपूर्ण संवैधानिक पदों को भरने से रोक दे लेकिन देश में कार्य कर रही अन्य संवैधानिक एजेंसियों की जांच से नही बच सकती है। उन्होंने कहा कि आज राज्य सरकार पर जांच एजेंसियों का शिकंजा लगातार कसता ही जा रहा है। उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार से बचाव के लिए राज्य सरकार कागजात तक गायब करवाने से बाज नहीं आ रही है। राज्य के हालात ये हैं कि राज्य सरकार के मंत्रियों से नैतिकता गायब है। गरीबों की थाली से रोटी गायब है, बेरोजगारों के हाथों से रोजगार गायब है। और पूरी सरकार का ईमान गायब है। उन्होंने कहा कि ऐसे में राज्य सरकार से राज्य के विकास की उम्मीद नहीं की जा सकती है।

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, गढ़वा**
सहिजना मोड़, गढ़वा (झारखण्ड) पिन नं० 822114
Email : eedwsd.garhwa1@gmail.com

**ई० प्रोक्योरमेन्ट अतिअल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना (11th Call)**

Tender Notice No.-DWSD/GAR/SVS-02 / 2023-24 Dated – 03.05.2022

| Sl. No. | Name of Work | No. of Schemes | Estimated cost (in Rs.) | Bid Security (Rs.) | Cost of BOQ (Rs.) | Time of Completion |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | **Bhatauliya** Group of SVS Scheme under **Majhiaon Block (Group No. 03)** | 01 No. | 10,02,797.00 | 20,500.00 | 1250/- | 06 Months |
| 2 | Date & time of Tender Uploading on Website | 06.05.2023/12:30 P.M. | | | | |
| 3 | Last date & time of Bid Submission | 11.05.2023/05:00 P.M. | | | | |
| 4 | Last date & time of Submission Cost of BOQ and EMD (in Hard copy) | 12.05.2023/ 10:30 AM to 05:00 P.M. (1) Executive Engineer, Drinking Water & Sanitation Division, Garhwa. (2) Superintending Engineer, Drinking Water & Sanitation Circle, Medininagar. | | | | |
| 5 | Date & time of Opening Tender | 13.05.2023/05:00 P.M. | | | | |
| 6 | Name & Address of Office inviting tender | Executive Engineer, Drinking Water & Sanitation Division,Garhwa. | | | | |
| 7 | Name & Address of Opening Officer | Executive Engineer, Drinking Water & Sanitation Division,Garhwa. | | | | |
| 8 | Contact No. of Procurement office | 9973003856 | | | | |
| 9 | Help No. of e-Procurement Cell | 0651-2490920 | | | | |

नोट- (i) निविदा की प्राक्कलित राशि घट-बढ़ सकती है, तत्पश्चात अग्रधन की राशि देय होगा।
(ii) विस्तृत जानकारी हेतु वेबसाइट http://jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है। कार्यपालक अभियंता

PR 296541 Drinking Water and Sanitation (23-24)_D पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गढ़वा

**Office of The Executive Engineer**
**Building Construction Department**
**Building Division, Garhwa.**

**VERY SHORT NOTICE INVITING RE-TENDER**

Sealed Tenders are invited for **Renovation of Health and Wellness & Yoga Shade at Hesatu Bargar under Garhwa Distt. For the year 2023-24.** by the Executive Engineer. Building Construction Department, Building Division, Garhwa from the Registered contractor in the Office of the undersigned & in the office of S.E. B.C.D. Circle No-02. Ranchi on **16-05-2023** up to 3.00 pm and will be opened on **16-05 2023** at 3.30 pm in respective offices By Executive Engineer or his authorized representative in the presence of tenderes or their authorized representative. Who so ever desire may remain present at the time of opening Detail list of work, specification, quantity etc. may be obtained from the aforesaid offices in working day on **15-05-2023** from 10.00 am to 1.00 pm which cost of Bid Rs. **1250/-** in shape of Demand Draft (non-refundable) on any State Bank Payable at SBI, Main Branch, Garhwa in favour of The Executive Engineer, Building Division, Garhwa.

The tenderer should be accomplished with the initial security deposit which will be 2% of the tender amount(Refundable) in shape of Bank Guarantee or 5 Years/3Years Post Office Term Deposit or N.S.C. (8th issue) fixed deposit of the Scheduled Bank duly pledge in favor of Executive Engineer, Building Division, Garhwa.

**Executive Engineer,**
**Building Division, Garhwa.**

PR 296516 Building(23-24)#D

## झारखंड में बहन-बेटियां पूरी तरह असुरक्षित: दीपक प्रकाश

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश ने कहा है कि राज्य सरकार की विधि व्यवस्था पूरी तरह ध्वस्त हो गयी है। उन्होंने कहा कि साहेबगंज के बोरियो संथाली गांव की आंगनबाड़ी सेविका मालोती सोरेन की टुकड़ों में काटकर हुई हत्या पर शर्मनाक है। उन्होंने कहा कि इस सरकार में बहन बेटियों की इज्जत और जान दोनों सुरक्षित नहीं है। बेटियों के माता पिता और परिजन दहशत में जी रहे हैं। उन्होंने कहा कि जिस साहेबगंज के बोरियो में विगत 16 दिसंबर को 50 टुकड़ों में काटकर रुबिका पहाड़िन की दर्दनाक हत्या की गई थी उसी क्षेत्र में 6 माह के अंदर उसी प्रकार की घटना की पुनरावृत्ति होना यह बताता है कि राज्य में विधि व्यवस्था पूरी तरह ध्वस्त हो चुकी है। उन्होंने कहा कि 5000 से अधिक दुष्कर्म की घटनायें पिछले तीन वर्षों में पुलिस रिकॉर्ड में दर्ज हैं। अपराधी 5-6 वर्ष के बच्चियों को भी अपनी हवस का शिकार बना रहे हैं।

**पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, रेल जमशेदपुर**

**आवश्यक सूचना**

रेल थाना राँची अन्तर्गत लोहरदगा रेलवे स्टेशन के पोल सं0-486/12-13 पर एक अज्ञात महिला, उम्र लगभग 35 (पैंतिस) वर्ष साथ में बच्ची, उम्र-लगभग 04(चार) वर्ष का शव बरामद हुआ हैं, जिनकी मृत्यु चौपन-राँची एक्सप्रेस ट्रेन के चपेट में आने से हो गयी हैं। बरामद शवों कि विवरणी निम्न प्रकार हैं :-



| अज्ञात मृतक महिला की विवरणी | अज्ञात मृतक बच्ची की विवरणी |
|---|---|
| 01. लिंग-महिला, | 01. उम्र-करीब 04 वर्ष, |
| 02. उम्र-लगभग 35 वर्ष, | 02. रंग-साँवला, |
| 03. रंग-साँवला, | 03. चेहरा-गोल, |
| 04. चेहरा-चौड़ा एवं गोल, | 04. पहनावा-लाल रंग का फ्राक। |
| 05. बालों का रंग-काला, | |
| 06. पहनावा-हरे रंग का सलवार-समीज। | |

अतः इस उदघोषणा के द्वारा आमजनों से अपील की जाती है कि उपरोक्त अज्ञात शवों के संबंध में किसी प्रकार की सूचना होने/प्राप्त होने पर निम्नांकित दुरभाष नंबरो पर संपर्क स्थापित कर सूचित करें। आपका परिचय गोपनीय रखा जायेगा एवं आपको उचित ईनाम दिया जायेगा।

पुलिस अधीक्षक, रेल जमशेदपुर :- 9431303400
पुलिस उपाधीक्षक(मु0), रेल जमशेदपुर :- 8340185711
पु0नि0-सह-थाना प्रभारी, रेल थाना राँची :- 9570152266

पुलिस अधीक्षक,
रेल जमशेदपुर

PR 296575 Police(23-24).D

**झारखण्ड शिक्षा परियोजना परिषद्**
जे.एस.सी.ए. स्टेडियम रोड,
सेक्टर-3, धुर्वा, राँची - 834004
दूरभाष - 0651-2444501,2444502,फैक्स - 2444506,
ई-मेल: jepcranchi1@gmail.com

पत्रांक: ME/01/798/2010/2027 दिनांक : 02/05/2023

**अति-अल्पकालीन इच्छा की अभिव्यक्ति**

झारखण्ड शिक्षा परियोजना परिषद, राँची द्वारा समय-समय पर विभिन्न कार्यक्रमों के आयोजन के दौरान एवं कार्यालय के दैनिक कार्य हेतु लेखन सामग्री तथा कार्यालय में अधिष्ठापित फाटोकॉपी/प्रिंटर्स के कार्टिज संबंधी आवश्यकताओं के लिये दर निर्धारण हेतु इच्छुक संस्थान/फर्म/ऐजेंसी से विहित प्रपत्र में सीलबंद इच्छा की अभिव्यक्ति आमंत्रित करती है।

इच्छुक संस्थान/फर्म/ऐजेंसी दिनांक 10.05.2023 की संध्या 5.00 बजे तक विहित प्रपत्र में इच्छा की अभिव्यक्ति झारखण्ड शिक्षा परियोजना परिषद् के उपर्युक्त अंकित कार्यालय में समर्पित कर सकते है। इससे संबंधित विस्तृत निविदा प्रपत्र कार्यालय के आधिकारिक वेबसाईट www.jepc.jharkhand.gov.in से प्राप्त किया जा सकता है।

ह०/-
(किरण कुमारी पासी)
राज्य परियोजना निदेशक

PR 296507 Jharkhand Education Project Council(23-24).D

### दोनों नेताओं के बीच शुरू हुई राजनीतिक अदावत

# बन्ना की राजनीतिक जमीन छिनना चाहते हैं सरयू राय!

**2024 के चुनाव के पहले दोनों के बीच राजनीतिक अदावत अंजाम तक पहुंचनने की उम्मीद**

उदय चौहान





**रांची।** भाजपा के रघुवर दास की राजनीतिक जमीन छिनने वाले निर्दलीय सरयू राय अब स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता को 'बर्बाद' करने में तुले हुये हैं। दरअसल, सरयू राय और बन्ना गुप्ता की राजनीतिक अदावत वर्ष 2019 से पहले की है। पश्चिमी सिंहभूम विधानसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ने के कारण दोनों नेताओं के बीच राजनीतिक प्रतिस्पर्धा शुरू हुई थी, जो बाद में राजनीतिक दुश्मनी में तब्दील हो गयी। अब, सरयू राय हर हाल में बन्ना गुप्ता की राजनीतिक जमापूंजी को समाप्त करने के लिए चक्रव्यूह रच रहे हैं। श्री राय के ताबड़तोड़ हमले से बन्ना गुप्ता को संभलने का मौका तक नहीं मिल रहा है। सबसे पहले स्वास्थ्य मंत्री पर श्री राय ने भ्रष्टाचार और पद का दुरूपयोग का मामला उठाया था। इसके बाद सरयू राय ने पश्चिमी सिंहभूम के विधायक व स्वास्थ्य मंत्री को विधानसभा के भीतर झूठ व फरेब के मामले को लेकर चुनौती दे डाली। इसके बाद दोनों ओर से सदन में ही राजनीतिक झकझूमर होता रहा। इसके बाद जब बन्ना को लेकर अश्लील वायरल वीडियो आया तो सरयू राय बीच में कूद पड़े और बन्ना गुप्ता को मंत्रिमंडल से बाहर करने की मांग तक कर डाली। इस प्रकरण पर दोनों ओर से वाकयुद्ध अभी तक जारी है।

इधर, मंत्री बन्ना गुप्ता ने श्री राय के विरूद्ध मानहानि का नोटिस दिया है और श्री राय ने इसके उलट पलटवार किया है। इसी बीच श्री राय ने 'तस्वीर वार' शुरू कर दिया है। इसके तहत बन्ना गुप्ता की एक तस्वीर कुख्यात विक्रम शर्मा के साथ सोशल मीडिया पर डाली गयी है। कहा है कि स्वास्थ्य मंत्री गैंगस्टर अखिलेश सिंह के गुरू विक्रम शर्मा के साथ टूर पर जाते रहे हैं।

इसके पहले भी श्री राय ने बन्ना गुप्ता की एक तस्वीर सोशल मीडिया पर अपलोड किया गया था, जिसमें मंत्री एक पिस्टल के साथ नजर आ रहे हैं। श्री राय ने मंत्री के हाथ में रखे पिस्टल को प्रतिबंधित श्रेणी का बताते हुए कड़ी कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने राज्य के डीजीपी को पत्र लिख कर प्रतिबंधित पिस्टल की अवैध खरीदारी मामले में कार्रवाई करने का आग्रह किया है। इसके निमित्त डीजीपी ने जिला प्रशासन से रिपोर्ट की मांग की है।

खैर! फिलहाल स्वास्थ्य मंत्री बन्ना व सरयू राय के बीच जोरदार राजनीतिक टक्कर जारी है। दोनों ही नेता एक-दूसरे की राजनीतिक जमीन को धराशायी करने में जी-जान से जुटे हैं। आगामी 2024 के चुनाव के पहले दोनों के बीच राजनीतिक अदावत अंजाम तक पहुंचनने की उम्मीद है।

## स्पीड न्यूज

### तीसरी आंख की निगरानी में एमके डीएवी में होगी नीट की परीक्षा





**मेदिनीनगर।** डीएवी प्रबंध कर्तृ समिति नई दिल्ली के प्रधान, आर्यरत्न, पद्मश्री डॉ पूनम सूरी एवं आर्यवीर डॉक्टर जेपी शूर डायरेक्टर पीएस-1 के आशीष के नेतृत्व में संचालित एमके डीएवी पब्लिक स्कूल में रविवार को राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी एनटीए द्वारा नीट यूजी परीक्षा 2023 आयोजित की जायेगी। यह परीक्षा हर वर्ष आयोजित होती है। एनटीए के सिटी को-ऑर्डिनेटर डीएवी के प्राचार्य डॉक्टर जीएन खान ने बताया कि मेदिनीनगर एवं आसपास के जिलों के छात्रों ने एमके डीएवी को परीक्षा केंद्र के रूप में चुना है। यह इस क्षेत्र का इकलौता परीक्षा केंद्र है। उन्होंने जीरो टॉलरेंस पर परीक्षा करवाने हेतु डीसी, एसपी, अनुमंडल पदाधिकारी एवं थाना इंचार्ज को पत्र लिखकर पर्याप्त पुलिस बल के साथ साथ दंडाधिकारी नियुक्त करने का आग्रह किया है। प्राचार्य ने बताया कि इससे परीक्षा केंद्र पर शांति व्यवस्था बनाये रखने में सुविधा होगी। परीक्षार्थी 11 बजे से परीक्षा केंद्र पर उपस्थित होंगे। वहां उनके एनटीए द्वारा थर्मल स्क्रीनिंग एवं रजिस्ट्रेशन किया जायेगा। परीक्षार्थियों की शारीरिक जांच, बायोमेट्रिक उपस्थिति, अभिलेख सत्यापन होगा। तत्पश्चात निर्धारित परीक्षा कक्ष में जाने की अनुमति होगी। एनटीए के सिटी को-ऑर्डिनेटर ने बताया कि तनाव मुक्त, निश्चिंत भाव वातावरण में यह परीक्षा संपन्न होगी। वीक्षक परीक्षार्थियों की समस्या समाधान हेतु उपस्थित होंगे।

### चैनपुर : शिक्षक ने किया आरसीएम शॉपिंग प्वाइंट का उद्घाटन



**चैनपुर पलामू।** नगर निगम क्षेत्र के शाहपुर वन विभाग के समीप बुधवार को आरसीएम शॉपिंग प्वाइंट का उदघाटन शिक्षक संजीव कुमार ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। उन्होंने कहा कि आरसीएम का प्रोडक्ट को लोगों को दिनचर्या में लाने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि स्थानीय लोगों को सामग्री सहजता से उपलब्ध होगा। आरसीएम बिजनेस टेक्निकल मुख्य वक्ता सियाराम तिवारी ने कहा कि शाहपुर के लिए सुनहरा अवसर है। आरसीएम बिजनेस में लगभग 600 से ज्यादा प्रकार की आम जरूरत की घरेलू उत्पाद आती है। मौके पर दीनानाथ मेहता, रॉयल्टी अचीवर जितेंद्र प्रसाद, लीडरशिप सत्येंद्र सूरज, आरसीएम बिजनेस के प्रोपराइटर विनय बैठा समेत कई अन्य उपस्थित थे।

### भाजपा नेता ने नगर निगम आयुक्त को पानी समस्या से कराया अवगत



**मेदिनीनगर।** भाजपा नेता परशुराम तिवारी ने नगर निगम के आयुक्त को पंपूकल का वीडियो भेजकर शहर में हो पेयजलापूर्ति की समस्या से अवगत कराया है। उन्होंने कहा कि बेलवाटिकर पप्पू कल का पानी सप्लाई का स्थिति वीडियो देखकर समझा जा सकता है। कहा कि ठेकेदार के द्वारा पीएचडी विभाग को सप्लाई लेता है लेकिन मटेरियल नहीं डाला जाता है 27 फरवरी को 40 बोड़ा चूना लाया था 30 अप्रैल को भी 17 बोडा पड़ा हुआ है बिना सामान का पानी सप्लाई किया जाता है। पानी आपूर्ति बिना फिल्टर किये शहरवासियों को भेजा जा रहा है। कहा कि नदी से उठाकर सीधे पानी टंकी में भेजा जा रहा है। टंकी में लेबल टूटा होने के कारण पानी भरा नहीं जा सकता है। उन्होंने कहा कि जनता को गंदा पानी की आपूर्ति किये जाने से बीमारी होने की आशंका है।

### पूर्व मंत्री ददई दुबे के खिलाफ मामला दर्ज

**मेदिनीनगर।** राज्य के पूर्व मंत्री और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता चंद्रशेखर दुबे उर्फ ददई दुबे सहित दस के खिलाफ गुरुवार को नावाबाजार थाना में नेशनल हाइवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया के एक अधिकारी ने गाली-गलौच एवं मारपीट करने का मामला दर्ज कराया। प्राथमिकी बुधवार की शाम दर्ज की गई। विश्रामपुर के एसडीपीओ सुरजीत कुमार ने बताया कि उक्त एजेंसी के प्रोजेक्ट प्रभारी एवं अभियंता पार्थ घोष के दिए आवेदन के बाद हुई प्रारंभिक जांच के पश्चात प्राथमिकी दर्ज की गयी है। उन्होंने बताया कि उक्त एजेंसी राष्ट्रीय राजमार्ग-75 के तहत भोगु से शंखा तक फोरलेन निर्माण में लगी है। इस मामले में चंद्रशेखर दुबे उर्फ ददई दुबे पर आईपीसी की धारा 147, 149, 341, 342, 353, 323, 447, 504, 506 लगाई गई है। आरोप है कि ददई दुबे अपने निजी सहायक और 8-10 अज्ञात लोगों के साथ कार्यालय में घुस गए थे और उन्होंने कंपनी के इंजीनियर दीपांजन दत्ता और अन्य कर्मियों के साथ गाली-गलौच और मारपीट की है। नावा बाजार थाना प्रभारी दीपक दास ने बताया कि एफआईआर दर्ज की गई है। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

### कल नहीं होगी पलामू जिला स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता, घोषणा बाद में

**मेदिनीनगर।** पलामू जिला कबड्डी एसोसिएशन के तत्वाधान में 6 मई को प्रातः 8 बजे से जी एल ए कॉलेज डाल्टनगंज के मैदान में सीनियर बालक/ बालिका कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। जिला स्तरीय प्रतियोगिता के माध्यम से चयनित खिलाड़ियों को जामताड़ा के गांधी मैदान में राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेना था। राज्य स्तरीय प्रतियोगिता 17 से 19 मई को होनी थी, जो अपरिहार्य कारणों से स्थगित की गयी है। राज्य स्तरीय प्रतियोगिता की नई तिथि की घोषणा बाद में प्रकाशित किया जायेगा।

### आनंदमार्गी आज मनायेंगे आनंद पूर्णिमा

मेदिनीनगर। 5 मई को आनंद मार्ग प्रचारक संघ के धर्मगुरू श्री श्री आनंदमूर्ति सह श्री प्रभात रंजन सरकार का 102वां जन्मदिवस है। जिसे लेकर आनंदमार्गियों में काफी उत्साह है। आनंदमर्गियों ने इसे लेकर नई मोहल्ला स्थित आनंदमार्ग जागृति केंद्र को सजाया गया है।

# पार्टी को शरद पवार के कुशल नेतृत्व की जरूरत है : कमलेश

- राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष ने शरद पवार को लिखा पत्र

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद पलामू।** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के झारखंड प्रदेश अध्यक्ष सह विधायक कमलेश कुमार सिंह ने राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष शरद पवार को पत्र लिखा है।

उन्होंने पत्र में लिखा है कि राष्ट्रीय अध्यक्ष पद को छोड़ने के फैसले से उनके सहित संपूर्ण झारखंड प्रदेश के राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ता मर्माहत हैं। उन्होंने लिखा है कि शरद पवार जी के कुशल नेतृत्व में राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी ने सम्पूर्ण देश मे सफलता का परचम लहराया है।

**कार्यकर्ताओं की भावना को समझ फैसले पर पुनर्विचार का आग्रह**



उन्होंने वर्तमान परिस्थिति में राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी को शरद पवार के कुशल नेतृत्व की आवश्यकता बताया है। प्रदेश अध्यक्ष कमलेश कुमार सिंह ने निवेदन किया है कि राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के झारखंड प्रदेश के कार्यकर्ताओं की भावनाओं को समझते हुए अपने फैसले पर पुनर्विचार करें। यह पार्टी के हित में होगा।

# पांकी विधानसभा क्षेत्र में शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने हेतु हैं कृतसंकल्पित : डॉ मेहता

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**पांकी पलामू।** पांकी विधानसभा क्षेत्र में शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने को ले संकल्पित हैं। उक्त बातें पांकी विधानसभा क्षेत्र के विधायक कुशवाहा डॉ शशिभूषण मेहता ने कही। विधायक डॉ मेहता ने कहा कि छात्र-छात्राओं को बेहतर शिक्षा सुविधा दिलाने हेतु पांकी विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न प्रखंडों में आधा दर्जन विद्यालय भवन निर्माण की स्वीकृति प्रदान की गयी है।

**इन कार्यों को विधायक ने दी है स्वीकृति**



डॉ शशिभूषण मेहता, पांकी विधायक।

इसमें विधानसभा क्षेत्र के पांकी प्रखंड अंतर्गत राजकीयकृत डॉ अंबेडकर उच्च विद्यालय, तेतराई में छह (06) कमरों का निर्माण, पांकी प्रखंड अंतर्गत कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय, पांकी में छह (06) कमरों का निर्माण, तरहसी प्रखंड अन्तर्गत उत्क्रमित मध्य विद्यालय, कोईरियाडीह में चार (04) कमरों का निर्माण, मनातू प्रखंड अन्तर्गत उत्क्रमित राजकीयकृत उच्च विद्यालय, डुमरी में चार (04) कमरों का निर्माण, मनातू प्रखंड अन्तर्गत उत्क्रमित राजकीयकृत उच्च विद्यालय, करैला में तीन (03) कमरों का निर्माण और तरहसी प्रखंड अन्तर्गत राजकीयकृत नवसृजित मध्य विद्यालय, भालोगाड़ी में तीन (03) कमरों का निर्माण कार्य की स्वीकृति प्रदान की गयी है। विधायक डॉ मेहता ने बताया कि यथाशीघ्र सभी विद्यालय भवनों का निर्माण कार्य शुरू कर दिया जायेगा।

# विश्रामपुर विस क्षेत्र में बह रही है विकास की गंगा : डॉ ईश्वरसागर

- भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य ने किया खदिया बांध जीर्णोद्धार का शिलान्यास

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**उंटारी रोड पलामू।** प्रखंड अंतर्गत बिरजा में गुरुवार को लघु सिंचाई प्रमंडल विभाग से बनने वाली खदिया बांध जीर्णोद्धार कार्य की आधारशिला भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी ने रखा।



नारियल फोड़कर बांध जीर्णोद्धार कार्य का शिलान्यास करते भाजपा नेता व अन्य।

मौके पर श्री चंद्रवंशी ने कहा कि बांध का जर्णोद्धार हो जाने से हजारों एकड़ भूमि सिंचाई हेतु लाभान्वित होगा साथ ही पानी का जमाव बराबर रहेगा। पूर्व जिला पार्षद सह विधायक प्रतिनिधि मनोज सिंह ने कहा कि विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी के नेतृत्व में पूरे विधानसभा में विकास की गंगा बह रही है।

उन्होंने बताया कि बिरजा, चेचरिया, मलवरिवा, मुरमा खुर्द, लहरबंजारी में बांध का जिर्णोद्धार किया जायेगा।

मौके पर मंडल अध्यक्ष सुशील ठाकुर, विश्रामपुर युवा मोर्चा अध्यक्ष अनुज कुमार चौधरी, महामंत्री सुनील तिवारी, मानदेव साह, पूर्व प्रमुख रामसेवक पासवान, अजित चंद्रवंशी, रामप्रसाद चौधरी, सुरेंद्र नाथ तिवारी सहित कई लोग मौजूद थे।

# विपिन यादव बने वाइजेके स्टूडेंट्स फेडरेशन की जिला समिति के अध्यक्ष

- वाइजेके ने पलामू जिला समिति की पुनर्गठित, मोहित बने सचिव
- युवा जागृति केंद्र के केंद्रीय अध्यक्ष राजन सिन्हा ने माला पहना कर किया सभी मनोनीत पदाधिकारियों का स्वागत

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** वाईजेके स्टूडेंट्स फेडरेशन की पलामू जिला समिति का पुनर्गठन किया गया। जिसमें सर्वसम्मति से विपिन यादव को अध्यक्ष, मोहित साहू को सचिव, कृष्णा यादव को उपाध्यक्ष और निशांत दुबे को सह सचिव बनाया गया। सभी मनोनीत पदाधिकारियों का स्वागत युवा जागृति केंद्र के केंद्रीय अध्यक्ष राजन सिन्हा ने माला पहना कर किया।



नवमनोनीत पदधारियों के साथ वाइजेके स्टूडेंट्स फेडरेशन के लोग।

**छात्र हित में पूर्व की भांति सदैव कार्य करेगी :** मौके पर श्री सिन्हा ने कहा कि सभी नव निर्वाचित पदाधिकारियों से संगठन यह उम्मीद करता है कि जिला समिति छात्र हित में पूर्व की भांति सदैव कार्य करेगी और उनकी समस्याओं के निवारण के लिए प्रतिबद्ध रहेगी।

**कार्यक्रम में ये भी थे उपस्थित :** मौके पर बिपिन यादव, मोहित साहू, कृष्णा यादव, केंद्रीय सचिव मुकेश विश्वकर्मा, युवा जागृति केंद्र के जिला सचिव नीरज तिवारी, वाइजेके स्टूडेंट्स फेडरेशन के प्रमंडलीय अध्यक्ष प्रिंस सिंह, पूर्व जिला अध्यक्ष श्रवण सिंह जीएलए कॉलेज सचिव राहुल कुमार, अरविंद कुमार, मिथिलेश कुमार, भूषण कुमार, रितिक गुप्ता, अभिषेक कुमार सत्यम कुमार समेत दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## हरिहरगंज : दुकान से तीन हजार नकद समेत 25 बोरा अनाज चोरी

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**हरिहरगंज पलामू।** थाना क्षेत्र के तेंदुआ कला गांव में एनएच 98 किनारे स्थित गल्ला दुकान का शटर का ताला तोड़कर अज्ञात चोरों ने तीन हजार नकद सहित 25 बोरी अनाज की चोरी कर ली। दुकानदार विजयेंद्र साव ने बताया कि बुधवार की रात वह अपनी दुकान बंद कर घर चला गया था। गुरुवार की सुबह दुकान का शटर खुला होने की जानकारी मिलने पर दुकान में जाने पर 23 बोरा अरहर, एक बोरा चावल, एक बोरा सरसों तथा बक्सा में रखा हुआ 3 हजार नगद गायब पाया। वहीं दुकान के बाहर खड़े रामाश्रय साव का टेंपो का गेट का शीशा तोड़कर बैटरी तथा टूल कीट की चोरी कर ली गयी। चोरों ने शटर में लगा दो ताला व लॉक को तोड़कर घटना का अंजाम दिया है। अज्ञात चोरों ने नकदी सहित करीब एक लाख रुपये मूल्य की चोरी की है। पीड़ित दुकानदार ने इसकी सूचना थाना को दी। इसके आधार पर एसआई निर्भय कुमार तथा निरंजन कुमार सिंह ने घटनास्थल पर आकर छानबीन किया।

## विक्रम जपला और विनोद हैदरनगर के उप डाकपाल पद पर दिया योगदान

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**हुसैनाबाद पलामू।** पलामू प्रमंडल के जपला मुख्य डाकघर में गढ़वा से स्थानांतरित होकर आये विक्रम कुमार ने प्रभारी उप डाकपाल पद पर योगदान किया। जबकि जपला के विनोद चौधरी हैदरनगर उप डाकघर में उप डाकपाल के पद पर योगदान किया। जपला मुख्य डाकघर के अरविंद कुमार ओझा ने नये प्रभारी उप डाकपाल को बुके देकर स्वागत किया और विनोद कुमार को विदाई किया। मौके पर विक्रम कुमार ने कहा कि जपला मुख्य डाकघर में कार्यरत सभी कर्मचारियों एवं अभिकर्ताओं के सहयोग से खाताधारकों की समस्याओं का निदान किया जायेगा और डाकघर में पासबुक और चेक की कमी को उच्चाधिकारियों से आग्रह कर पूर्ति करायी जायेगी। मौके पर डाक सहायक शशि कुमार, भोला कुमार, श्रवण कुमार, देवेंद्र नाथ गुप्ता, शिवकुमार विश्वकर्मा, सौरभ अग्रवाल, संतोष ठाकुर, रविकांत सिंह, कैलाश मेहता, रंजीत सिंह, राजकुमार आदि थे।

### एसपी ने की प्रतिभावान नूर को सहायता



**मेदिनीनगर।** चैनपुर प्रखंड के शाहपुर निवासी जारा नूर के द्वारा कड़ी मेहनत कर स्नातक की परीक्षा उत्तीर्ण होने के पश्चात सिविल सर्विसेज परीक्षा की तैयारी कर रही हैं। परंतु घर की पारिवारिक आर्थिक समस्या के कारण काफी कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है। इस संबंध में जारा नूर द्वारा पुलिस अधीक्षक से मिलकर अपनी समस्या रखी। एसपी चंदन सिन्हा द्वारा बालिका जारा नूर को इस संबंध में उपायुक्त और समाज कल्याण विभाग,पलामू से मिलने की सलाह दी। साथ ही एसपी ने तत्काल जारा नूर को सिविल सर्विसेज परीक्षा तैयारी करने हेतु पांच हजार व्यक्तिगत तौर पर प्रदान किये।

जिला के जनसेवकों ने काला बिल्ला लगाकर किया कार्य

### कल मशाल जुलूस निकालेंगे जनसेवक



**मेदिनीनगर।** झारखंड राज्य जनसेवक संघ के आह्वान पर पलामू जिला के जनसेवकों ने अपनी मांगों को लेकर दो दिवसीय काला बिल्ला लगाकर कार्य किया। जनसेवकों के ग्रेड पे 2400 से 2000 करने के विरोध में जनसेवकों ने सरकार के प्रति आक्रोश व्यक्त किया। जिला परिषद कार्यालय के समीप आयोजित धरना में जनसेवकों ने डीसी, डीडीसी, आयुक्त को ज्ञापन मांगों को रखा। जनसेवकों ने छह अप्रैल को राजभवन के समक्ष धरना दिया था। आठ को जिला मुख्यालय से छह मुहान चौक तक मशाल जुलूस निकलेगा। नौ को जनसेवक हड़ताल पर जायेंगे। इसकी जवाबदेही सरकार की होगी। मौके पर जिलाध्यक्ष आलोक, उपाध्यक्ष ललन पासवान, महामंत्री अभिषेक, मीडिया प्रभारी शिवनारायण उरांव, एमएमओपीएम के संयोजक मनोज मेहता, शिक्षक संघ अध्यक्ष विनय मांझी, यशवंत, बलवंत, अमरेश, कांति, ज्योति रानी समेत कई जनसेवक शामिल थे।

## महोत्सव में भाजपा जनप्रतिनिधियों की उपेक्षा संकीर्ण राजनीतिक सोच : कर्नल संजय सिंह

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर/ हुसैनाबाद।** बंशीधर महोत्सव में जिस तरीके से झामुमो सरकार के इशारे पर वहां के स्थानीय प्रशासन ने जान बूझ कर भाजपा के सांसद वीडी राम तथा स्थानीय विधायक भानु प्रताप शाही को प्रचार में लगे पोस्टर से हटवाया है यह निंदनीय है। साथ ही एक ओछी राजनीति का परिचायक है। उक्त बातें भाजपा सैन्य प्रकोष्ठ के संयोजक सह किसान ब्रिगेड के संरक्षक कर्नल संजय ने एक प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम कही।

**रघुवर दास ने शुरू करवाया था कार्यक्रम**



वंशीधर महोत्सव पूर्व भाजपा मुख्यमंत्री रघुवर दास ने पर्यटन को बढ़ावा देने हेतु प्रारंभ करवाया था और उसी में भाजपा के सांसद-विधायक की उपेक्षा पूरी जनता की भावना के साथ दुर्व्यवहार है क्योंकि भाजपा सांसद-विधायक सभी जनता के प्रतिनिधि होते हैं, कोई अकेला व्यक्ति नहीं। बंशीधर महोत्सव कृष्ण भगवान के आपसी प्रेम भाईचारा के संदेश को बढ़ावा देने वाला होना चाहिए न कि द्वेष और जलन में आकर लाखों कृष्ण भक्तों की भावना पर ठेस पहुंचाने वाला। कर्नल संजय ने सीएम को एक पत्र लिख उन सभी प्रशासनिक पदाधिकारियों पर कार्रवाई का आग्रह किया है जिन्होंने तस्वीर के साथ लगे बंशीधर महोत्सव वाला पोस्टर को हटाया तथा जानबूझ कर लाखों श्रद्धालुओं के भावना के साथ खिलवाड़ किया है।

कर्नल संजय ने बताया कि सरकारें बदलती रहती है। किसी दुर्भावना से ग्रसित होकर कोई ऐसा कदम नहीं उठाना चाहिए, जिससे आने वाले समय में पलामू प्रमंडल में व्याप्त स्वस्थ राजनीति का परिदृश्य बदल जाये। राजनीति में राजनैतिक धर्म का पालन होना चाहिए। धर्म में राजनीति का कोई स्थान नहीं है।

## पीएम आवास पूर्ण नहीं करने वाले लाभुकों का अनुबंध होगा रदः बीडीओ

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**सतबरवा पलामू।** बीडीओ राज किशोर प्रसाद ने गुरुवार को धावाडीह पंचायत के पीएम आवास योजना के लाभुकों से मिलकर निर्माणाधीन आवास को पूर्ण करने को कहा है। श्री प्रसाद ने कहा कि प्रखंड क्षेत्र के वैसे लाभुक जिनके खाते में प्रथम तथा द्वितीय किस्त की राशि चली गयी है और आवास निर्माण कार्य में कोताही बरत रहे हैं वैसे लाभुकों का आवास रद्द किया जायेगा। जिसके तहत धावाडीह गांव के 6 लाभुक क्रमशः दीनदयाल यादव पिता सरयू यादव, सेठा यादव पिता बुनु यादव, विद्यांचल यादव पिता स्वर्गीय सागर यादव, दिनेश यादव पिता रामचंद्र यादव, लक्ष्मी यादव पति रामचंद्र यादव तथा ओम प्रकाश यादव पिता बिंदेश्वरी यादव जिन्होंने 40 हजार की राशि प्राप्त करने के बावजूद निर्माण कार्य शुरू नहीं किया है। इन लाभुकों को आवास निर्माण से जुड़े कर्मियों के माध्यम से कई बार निर्माण कार्य शुरू करने के लिए नोटिस भी किया जा चुका है।

# संत मरियम के चेयरमैन अविनाश देव बने व्यवसायी संघ के संरक्षक

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** जिला व्यवसायी संघ कार्य समिति की बैठक की गयी। बैठक में संत मरियम स्कूल के चैयरमैन सह सदस्य माटी कला बोर्ड झारखंड सरकार के अविनाश देव को व्यवसायी संघ का संरक्षक मनोनीत किया गया। मौके पर व्यवसायी संघ के अध्यक्ष प्रभात अग्रवाल ने कहा कि अविनाश जी बेहतर समाज निर्माण के वाहक हैं।



अपने बेहतरीन कार्यों से वे समृद्ध और शिक्षित समाज के निर्माण में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। हम सभी आशा करते हैं कि अविनाश देव जी सदा व्यवसायी वर्ग के हित और उन्नति के प्रति क्रियाशील रहेंगे। मौके पर अविनाश ने कहा कि संगठन द्वारा दिये गये जिम्मेवारी का ईमानदारी से निर्वहन करेंगे। व्यवसायी वर्ग समाज के महत्वपूर्ण हिस्सा है। समाज के निम्न तबके से लेकर उच्च तबके तक के लोग इनके साथ सीधे जुड़े होते हैं। विकसित राष्ट्र के निर्माण में इनका महत्वपूर्ण योगदान होता है। आगे श्री देव ने कहा कि पूरी कर्तव्य निष्ठा के साथ व्यवसायी संघ के उत्तरोत्तर विकास में अपनी कर्तव्यों का पालन करूंगा।

संरक्षक मनोनीत होने पर अविनाश देव जी ने सर्वप्रथम व्यवसायी संघ के सभी सदस्य के प्रति आभार व्यक्त किया। मौके पर उपाध्यक्ष गणेश गिरी, सचिव नागेंद्र कुमार, सहायक सचिव महेंद्र अग्रवाल कोषाध्यक्ष दानवीर प्रसाद एवं सुनील गोस्वामी, संजय अग्रवाल, सुबोध गोस्वामी सहित कई लोग उपस्थित थे।

# उंटारी रोड में आग लगने से घर समेत सामान हुआ खाक

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**उंटारी रोड पलामू।** उंटारी रोड थाना क्षेत्र के ग्राम डेवडर में एक घर में आग लगने से घर का सारा समान जल कर राख हो गया। गृहस्वामी रवींद्र शर्मा ने बताया कि बुधवार की रात खाना खा कर सभी लोग सो गए थे। आग कब और कैसे लगी इस बात की जानकारी नहीं है। रात्रि लगभग तीन बजे आग की लपटों से जब अन्य घरों में सोये लोग झुलसने लगे तब आग लगने की जानकारी हुई।

ग्रामीणों की सहयोग से काफी देर बाद जब आग बुझाया गया तब तक घर में रखा सारा सामान जल कर राख हो गया था। गृहस्वामी ने बताया कि घर में रखा गेहूं, चावल, दाल, आटा, सरसों, खाने-पीने समेत कपड़ा भी जल गया। साथ ही पुत्र मनीष शर्मा का 10वीं, 12वीं और आईटीआई के सभी कागजात जल कर राख हो गये। मौके पर बीस सूत्री अध्यक्ष अशोक सिंह ने उंटारी रोड सीओ ललित राम से बात कर मामले की जानकारी दी। मौके पर सीओ ने कहा कि आपदा राहत से जो भी मदद होता है मिलेगा। मौके पर महमूद अंसारी, एस कुमार यादव, जगन शर्मा समेत दर्जनों ग्रामीण उपस्थित थे।



अगलगी के बाद घर का हाल जानने पहुंचे लोग।

स्पीड न्यूज

## हथियारबंद लोगों ने मजदूरों को पीटा

**बुढ़मू।** बुधवार रात में उमेडंडा केदली सड़क निर्माण कार्य करने वाले तीन मजदूरों के साथ अरविंद जी सहित छह हथियार बंद लोगों ने मारपीट की और काम बंद करने की चेतावनी दी। जानकारी के अनुसार सड़क निर्माण कार्य में कार्य करने वाले 6 मजदूर केदली स्कूल में रूके हुए थे। इसी दौरान रात में करीब 10 बजे अरविंद जी सहित 6 हथियार बंद पहुंचे और तीन मजदूरों के साथ मारपीट किया। मारपीट करते सभी को काम बंद करने की चेतावनी दी। मामले पर थाना प्रभारी कमलेश राय ने बताया कि सूचना मिली ह॥ मामले की छानबीन की जा रही है। जांच में किसी मजदूर के साथ मारपीट करने की बात सामने नहीं आयी है।

## लावारिस हालत में मिला ट्रैक्टर

**बुढ़मू।** बुधवार रात्रि सड़क हादसे में मृतक तीनों शवों क्रमशः माता, पिता व पुत्री का गुरुवार को पोस्टमार्टम किया गया। इस हृदयविदारक घटना ने लोगों का दिल दहला दिया। वहीं हर व्यक्ति दुर्घटना में बचे दो बच्चों के लिये दुआ मांग रहा है। जिस बालक का जांघ टूटा है उसका इलाज रिम्स में चल रहा है। घटना के बाद क्षेत्र का हर व्यक्ति बचे दोनों बच्चों के लिये चिंतित दिखा। इधर दुर्घटना के बाद गुरुवार सुबह ठाकुरगांव भवानी टोला में ग्रामीणों ने एक लावारिस ट्रेक्टर खड़ा देखा। इसकी सूचना पुलिस को दी गई। उसके बाद पुलिस उसे जब्त कर छानबीन कर रही है। संभावना है इसी ट्रैक्टर से दुर्घटना हुई है।

## ओरमांझी से नाबालिग छात्रा लापता, सनहा दर्ज

**ओरमांझी।** थाना क्षेत्र के हेंदेबिली से 14 वर्षीय कक्षा 9वीं की नाबालिग छात्रा अपने घर से लापता हो गई है। बताया गया तीन मई की रात 11 बजे के करीब छात्रा मोबाइल का टार्च जला कर शौच करने गईं। घर वाले जाते देखे और सो गए। सुबह चार बाजे के करीब छात्रा को नही देख, सवजन गांव में ढूंढ़ने लगे। काफी तालासा के बाद भी छात्रा नही मिली तो पिता जयराम करमाली द्वारा ओरमांझी थाना में गुमसुदगी का मामला दर्ज कराया गया है।

## लोटा किता गांव में हर्षोल्लास से फूलखुंदी संपन्न

**सिल्ली।** प्रखंड के लोटा किता गांव के चापाटांड़ स्थित बुढ़ा बाबा शिव मंदिर मंदिर में गुरुवार को हर्षोल्लास के साथ शिव पूजा संपन्न हो गया। इसको लेकर गांव के शिव मंदिर परिसर में बुधवार को भक्तों ने शाम को लोटन सेवा एवं विधि विधान से पूजा अर्चना की। मंदिर परिसर में मेले का आयोजन किया गया। जहां लोग रात भर छौऊ नृत्य तथा मेले का आनंद लिया। वही गुरुवार सुबह दहकते अंगारों पर चलकर फूलखुंदी करते हुए अपने असीम आस्था एवं भक्ति का परिचय दिया। पूजा उपरांत प्रसाद ग्रहण कर व्रत संपूर्ण किया। इस पुजा में काफी संख्या में व्रती महिलाएं भी शामिल हुए एवं आग पर चलकर व्रत पूर्ण किय।

## चान्हो: अनियंत्रित ट्रक घर में घुसी

**चान्हो।** रांची-मेदिनीनगर मुख्य पथ पर थाना क्षेत्र के टांगर देशवाली मोड़ के निकट तेज रफ्तार एक ट्रक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे बने घर में घुस गई। इस हादसे में ट्रक चालक उत्तर प्रदेश के सुल्तानपुर निवासी तीस वर्षीय जंग बहादुर यादव घायल हो गए। स्थानीय पुलिस की मदद से उन्हे चान्हो सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गयाए जहां से प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें रिम्स रेफर किया गया है।

# रातू : नौकरी का झांसा देकर 11.13 लाख की ठगी

### गोविंदनगर का है मामला, पुलिस कर रही है जांच-पड़ताल

खबर मन्त्र संवाददाता

**रातू।** थाना क्षेत्र के गोविंद नगर में रहने वाले ओम प्रकाश ने उत्तर प्रदेश अलीगढ़ लोढ़ा निवासी हिमांशु जादौन के खिलाफ रातू थाने में भादवि की धारा 406, 419, 420 बी के तहत कांड संख्या 183६ 23 दर्ज कराया है। हिमांशु पर आईआरसीटीसी पोस्ट ऑफिस में नौकरी दिलाने का झांसा देकर नेट बैंकिंग के जरिये 11०13 लाख की ठगी कर फर्जी ज्वाइनिंग लेटर और आई कार्ड दिये जाने का आरोप है। जानकारी के मुताबिक ओमप्रकाश 4 जनवरी 23 को वह जादौन के संपर्क में आया। जादौन ने पोस्ट ऑफिस में नौकरी लगा देने की पेशकश कर बैंक ऑफ बड़ौदा का खाता नंबर दिया और 9 लाख 23 हजार जमा करने को कहा। इसके बाद उस खाते में पैसा जमा करवा दिया गया।

**दोस्तों के खाते में भी रुपये डलवाये**

संजीव सिंह नामक दोस्त के केनरा बैंक के खाते में 35 सौ तथा बिहार के छपरा निवासी और फर्जी रेलवे अधिकारी यशवंत सोय के आईसीआईसीआई बैंक खाते में 1 लाख 55 हजार रुपये जमा कराया। इसके बाद उसने हिमांशु को फर्जी ज्वाइनिंग लेटर और आई कार्ड थमा दिया। जब वह योगदान देने पहुंचाए तो दस्तावेज फर्जी निकलने पर उसके होश उड़ गये। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## दुकान गयी नाबालिग से सामूहिक दुष्कर्म

**नामकुम।** हुवांगहातु पंचायत की रहनेवाली एक नाबालिग ने नामकुम थाने में आवेदन देकर चार गांव के चार लड़कों पर दुषकर्म का आरोप लगाते हुए प्राथमिकी दर्ज करायी है।थाने में दिए आवेदन में युवती ने बताया है कि 27 अप्रैल को शाम साढ़े सात बजे जब वह घर से बाहर गयी थी उसी दौरान आरोपी उसे जर्बजस्ती पकड़ कर सुनसान जगह ले गए और सामूहिक दुष्कर्म किया। दूसरे दिन वह वहां से किसी तरह जान बचाकर भागी। बुधवार को वह अपने गांव पहुंची और परिजनों को सारी बात बतायी तब परिजन उसे लेकर नामकुम थाना पहंचे और थाने में आवेदन दिया। पीड़िता के आवेदन पर मामला दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी गयी है।

# गुमटी-झोपड़ी पर गिरी पेड़ की डाली

**बेड़ो।** रांची-गुमला मुख्य मार्ग के पोस्ट ऑफिस के सामने बुधवार की रात एक पुराने करंज के पेड़ के अचानक बारिश व तेज हवा के झोंके से पुरानी पेड़ के डाली गिर जाने से संजय भगत की मोबाइल गुमटी व मुकेश वर्मा की चाउमीन गुमटी में पेड़ की डाली गिरने के बाद वहां पर लगाये गए दुकान व दुकान के सामान सहित गुमटी झोपड़ी क्षतिग्रस्त हो गया। दोनों पीड़ित परिवारों ने प्रखंड प्रशासन व जनप्रतिनिधियों से मुआवजा दिलवाने की मांग की है।



## बेड़ो: विकास योजनाओं की बीडीओ ने की समीक्षा

**बेड़ो।** कार्य के प्रति जिम्मेदार बनकर ही विकास की कहानी लिखी जा सकती है। अपने दायित्व का निर्वाह किए बगैर हम अपने कार्य के प्रति इंसाफ नहीं कर सकते हैं। उक्त बातें गुरुवार को प्रखंड मुख्यालय स्थित कक्ष में प्रखंड विकास पदाधिकारी डॉ प्रवीण कुमार की अध्यक्षता में प्रखंड में चल रहे विभिन्न विकास योजनाओं से संबंधित समीक्षात्मक बैठक के दौरान उन्होंने कही। उन्होंने कहा कि जिला और राज्य स्तर पर विकास योजनाओं की मॉनिटरिंग की जा रहे हैं और पंचायत में चलने वाले कार्यों को कई पैरामीटर पर परखा जा रहा है। हम कार्य के प्रति जिम्मेदार बने।

# राष्ट्र निर्माण का कार्य करें छात्र: राज्यपाल

### दीक्षांत समारोह

खबर मन्त्र संवाददाता

**अनगड़ा।** झारखंड के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने डीग्री प्राप्तकर्ता छात्र-छात्राओं से समाज और राष्ट्र के निर्माण के लिए कार्य करने का आह्वान किया। राज्यपाल गुरुवार को अनगड़ा के नारायण शोशो स्थित उषा मार्टीन यूनिर्वसिटी के प्रथम दीक्षांत समारोह में बतौर मुख्य अतिथि छात्रों को संबोधित करते हुए उक्त बातें कहीं। इस मौके पर राज्यपाल ने 577 डीग्री प्रदान करने सहित स्नातक और स्नाकोतर पाठयक्रमों के लिए 18 स्वर्ण पदक विजेताओं को भी सम्मानित किया। उन्होंने पद्मश्री एवं सुपर 30 के संस्थापक आनंद कुमार को डीलीट की मानद उपाधि से भी सम्मानित किया।



**इन्हें मिला गोल्ड मेडल**

कोयलादा दीपांकर दीपशिखा, जया लक्ष्मी, मेधा कुमारी, राज सोनी, मेरी जरमन एक्का, पांडे अभिषेक, नाथ राय, कृष्ण कुमार सिंह, जागृत राय, मोहम्मद यासिर, अराफात रोशन, राज प्रजापति, इन्द्रजीत यादव, गजाला परवीन, अभिनव कुमार गुप्ता, गोविन्दा गिरी, राखी कुमारी, पूरन बोपाई तथा चंदन कुमार शामिल हैं।

## डीआईजी ने किया मांडर अंचल निरीक्षक के कार्यालय का निरीक्षण

**मांडर।** मांडर पुलिस अंचल निरीक्षक के कार्यालय का निरीक्षण गुरुवार को दक्षिणी छोटानागपुर प्रमंडल के डीआईजी अनूप बिरथरे द्वारा किया गया। निरीक्षण के क्रम में उन्होंने पुलिस अंचल कार्यालय के तमाम अभिलेखों का अवलोकन किया और उन्हें अद्यतन करने के निर्देश दिये। डीआईजी ने इस दौरान अंचल कार्यालय के लंबित कांडों की समीक्षा भी की और इसको लेकर पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। वे लगभग चार घंटे तक वहां मौजूद रहे।

# सुतियांबे में कलश यात्रा के साथ यज्ञ शुरू

### शिव परिवार प्राण प्रतिष्ठा यज्ञ शुरू

खबर मन्त्र संवाददाता

**ठाकुरगांव।** पिठोरिया थाना क्षेत्र के सुतियाम्बे गांव में गुरुवार को कलश यात्रा के साथ पांच दिवसीय श्री हनुमान मंदिर सह शिव परिवार प्राण प्रतिष्ठा सह यज्ञ समारोह का शुभारंभ हुआ। कलशयात्रा में 751 महिलाओं व कन्याओं ने भाग लिया। कलश वितरण पूर्व सांसद रामटहल चौधरी, विधायक समरीलाल, भाजपा मंडल अध्यक्ष गोपाल महतो, भाजपा के वरीय नेता अनिल टाइगर ने किया। कलशयात्रा यज्ञ स्थल से पिठोरिया का भ्रमण कर बाजारटांड़ स्थित तालाब से जल ग्रहण कर मंदिर पहुंचा। इस दौरान महिलाओं के गगनचुंबी जयघोषों से पूरा क्षेत्र भक्तिमय हो गया। यज्ञ के सभी अनुष्ठान आचार्य अनुज पाठक व मृत्युंजय कुमार मिश्रा के सानिध्य में संपन्न हो रहा है। कलशयात्रा के सफल आयोजन में समिति के अध्यक्ष सुरेंद्र गोप, कृष्णा ओझा, बिनोद सिन्हा, दिनेश गोप, रघु ठाकुर, शिवशंकर मुंडा, सूरज मुंडा की भूमिका रही।



# कोरोना योद्धा मजदूरी के लिए लगा रहे कार्यालय का चक्कर

खबर मन्त्र संवाददाता

**ओरमांझी।** कोरोना वैक्सीन लगाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले कोरोना योद्धा को आज तक मजदूरी नहीं मिली है। कोविड के दौरान प्रखंड क्षेत्र में जगह-जगह कैंप में लोगों को वैक्सीन लगाए जा रहे थे। एक ओर कैंप में लोगों की भीड़ लगी रहती थी। वहीं कैंपों पर समय पर वैक्सीन पहुंचाले व लाने का कार्य की जिम्मेदारी प्रखंड क्षेत्र के तीन कोरोना योद्धा खलेश्वर महतो, सोहन महतो व इम्तियाज अंसारी को थी। ठंड का मौसम हो या गर्मी बारिश हो हर मौसम में तीनों सीएचसी से वैक्सीन लेकर समय पर कैंप में पहुंच जाते थे। कई कैंप सीएचसी से 18 से 20 किमी दूर सुदूरवर्ती गांव में थी। कैंप में वैक्सीन समय पर सुरक्षित पहुंचे। इसके लिए ऑटो से वैक्सीन पहुंचते थे। इसकी जानकरी देते हुए तीनो ने बताया कि पैसे नही मिलने से उन्हे काफी परेषानियों का सामना करना पड़ रहा है। वे ओटो में इंधन भी खुद भरवाते उसका भी पैसा नही मिला है। आज यही कोरोना योद्धाओं को अपनी मजदूरी के लिए सीएचसी का चक्कर लगाना पड़ रहा है। चिकित्सा प्रभारी डॉ रेनू बाखला ने कहा कि 1.31 लाख का बिल विभाग को भेजा गया है।

> आजतक कोरोना योद्धाओं को पैसा नही मिला इसकी जानकरी नहीं है। जिनको पैसा नहीं मिला है वे आवेदन देकर सभी को पैसा दिलवाया जाएगा।
>
> **विजय सोनी, बीडीओ।**

# नामकुम में खुले खदान में डूबने से दो बच्चियों की मौत

खबर मन्त्र संवाददाता

**नामकुम।** गुरुवार को खरसीदाग ओपी क्षेत्र के गढ़खटंगा में खुले खदान में डूबने से दो बच्चियों की मौत हो गयी। ओपी प्रभारी सुकेदव साहा ने बताया कि उन्हें दोपहर लगभग साढ़े तीन बजे सूचना मिली थी कि नहाने और कपड़ा धोने के क्रम में दो बच्चियां खदान में डूब गयी है। जिसके बाद वे सदलबल मौके पर पहुंचे और बच्चियों को निकलवा कर स्थानीय विनसेन्ट अस्पताल भिजवाया जहां डाक्टरों ने दोनो को मृत घोसित कर दिया। मृतका प्रिंसी बडाईक 13 वर्स गढखटंगा के रहनेवाले राजकुमार बड़ाईक की बेटी थी। वहीं साक्षी बड़ाईक 12 वर्ष पिता माहेश्वर बड़ाईक जगरन्नाथपुर थानाक्षेत्र के जगरन्नाथपुर की रहने वाली थी। देर शाम तक दोनों का शव अस्पताल में रखा था। परिजन बच्चियों के शव का पोस्टमार्टम नहीं कराने पर अड़े थे।

## स्कूटी से गिरने से पिता-पुत्र घायल

**सोनाहातू।** थाना क्षेत्र के भकुवडीह मोड के समीप स्कूटी से गिरने से बाप बेटा गंभीर रूप से घायल हुये है। घायल व्यक्ति बलराम मुंडा; 28 वर्ष और सचिन मुंडा 7 वर्ष बुंडू थाना क्षेत्र के उलीदा गांव का रहने वाला है। शादी समारोह में शामिल होने नापड़ा गांव जा रहा था। घटना गुरुवार दिन की है।

# स्वच्छता को लेकर बालिकाओं ने निकाली जागरूकता रैली

**इटकी।** इटकी उर्दू बालिका मध्य विद्यालय के छात्राओं द्वारा गुरुवार को स्वच्छता पखवाड़ा के तहत जागरूकता रैली निकाली गई। इटकी पश्चिमी मुखिया निर्मला भेंगरा के नेतृत्व में जागरूकता रैली स्कूल परिसर से शुरू हो कर मदरसा रोडए कमेटी हॉल रोड सहित अन्य मुहल्ले का भ्रमण करते हुए स्कूल परिसर पहुंच कर समाप्त हो गयी। रैली में छात्राओं ने स्वच्छता संबंधी पोस्टर लिए व नारा लगाते हुए विभिन्न मुहल्ले के भ्रमण किया। इधर उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय सियार टोली में स्वच्छता जागरूकता रैली निकाली गई। मौके पर मुखिया ने कहा कि पंचायत स्तरीय स्वच्छता पखवाड़ा के तहत पूरे पंचायत में यह अभियान चलाया जाएगा। मौके पर आंगन बाड़ी सेविका, जल सहिया व स्कूल के शिक्षक शिक्षिकायें सहित अन्य मौजूद थे।



# गोवर्धन पर्वत उठा श्रीकृष्ण ने जल, जंगल संरक्षण का दिया था संदेश

### मतातू में शिव परिवार प्राण प्रतिष्ठा समारोह

खबर मन्त्र संवाददाता

**ओरमांझी।** प्रखंड के मतातू ओरमांझी में सात दिवसीय शिव परिवार प्राण प्रतिष्ठा रूद्रामहायज्ञ समारोह को लेकर क्षेत्र के लोगों में काफी उत्साह देखा जा रहा था। आसपास गांव के लोग सुबह से ही यज्ञशाला का परिक्रमा करने पहुंच रहे हैं। वहीं रात्रि में आयोजित संगीतमय श्रीमद्भागत महापुराण कथा में भी प्रतिदिन भक्तों की भीड़ उमड़ रही है। अयोध्या के प्रवचनकर्ता श्री रमोजजी वत्स महराज ने संगीतयमय श्रीमद्भागत महापुराण कथा के छठे दिन श्रीकृष्ण जन्म महोत्सव व कृष्ण बाल लिला का प्रसंग सुनाई और कहा भगवान श्रीकृष्ण के बाल-गोपल ब्राहमण, क्षत्री, वैष व शुद्र सभी जाति के मित्र थें। सभी के साथ मिलकर भोजन कर श्रीकृष्ण ने ही सबसे पहले सनातन धर्म में जाति-पाति की कुपर्था के खिलाफ संदेश दी थी। उन्होंने कहा भगवान श्रीकृष्ण ने ही गोवर्धन पर्वत उठा कर सबसे पहले पहाड़ पर्वत, पेड़ व जलाषयों को संरक्षण देने और कालिया नाग से जमुना की मुक्ति दिलाकर जलाशयों को साफ व निर्मल रखने का भी संदेश दिया था। उन्होने लोगों को गो पालन करने का अहवान किया और कहा जहां गोमाता का वास होता हैं वहां की भुमि उपजाउ होती है। उन्होंने कहा श्रीमद्भागवत कथा सुनने का उदेष्य समाज की कुप्रथा को समाप्त करना है। आयोजन समिति के अध्यक्ष ने लोगों का आभार जताया है।



कथा सुनाते अयोध्या के श्रीवत्स जी महाराज।


**e-Procurement Cell**
Office of the Superintending Engineer,
Building Construction Department, Chotanagpur Circle, Line Tank Road, Ranchi
**e-Procurement Notice**
(Very Shorty Notice)
Tender Ref. No.-BCD/SECNC/08/Building Div. No.-1, Ranchi/2023-24 Date:04.05.2023

| क्र० | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|
| 1 | Construction of Panchkarma Centre at Morabadi, Ranchi For the Year 2023-24 | Rs. 57,43,414.00 | 6 Months |
| i | वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि | 09-05-2023 | |
| ii | बिड प्राप्ति के लिए अन्तिम तिथि/समय | 15-05-2023 को अपराह्न 3:00 बजे | |
| iii | हार्ड कॉपी जमा करने की तिथि/समय | 16-05-2023 को दोपहर 12:00 बजे तक | |
| iv | निविदा खोलने की तिथि/समय | 16-05-2023 को अपराह्न 3:00 बजे | |
| v | निविदा प्रकाशित करने वाले कार्यालय का नाम एवं पता | Office of the Superintending Engineer, Building Construction Department, Chotanagpur Circle, Line Tank Road, Ranchi-834001 | |
| vi | प्रोक्योरमेंट पदाधिकारी का सम्पर्क संख्या | 9801305638/8987663716 | |
| vii | ई-प्रोक्योरमेंट सेल का हेल्पलाईन संख्या | 0651-3530790 | |

• इस निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार की सूचना/बदलाव/संशोधन का अवलोकन http://jharkhandtenders.gov.in पर किया जा सकता है।
*Note : New Updated UCAN Registration is mandatory for all Bidders.*

Nodal Officer, e-Procurement Cell, Office of the Superintending Engineer, Building Construction Department, Chotanagpur Circle, Ranchi.

PR 296608 Building Construction Dept Chotanagpur Circle(23-24)D

**कार्यालय, कार्यपालक अभियंता, एन० आर० ई० पी०, सिमडेगा**
**PM Ayushman Bharat Health Infrastructure Mission Scheme (PM-ABHIM)**

**अतिअल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना**

ई-निविदा संख्या -01/2023-24/NREP/SIMDEGA दिनांक - 03.05.2023

1. कार्य का विवरण :-

| क्र0 | प्रखण्ड का नाम | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि अंक में (लाख में) | प्राक्कलित राशि अक्षर में | परिमाण विपत्र की राशि (रूपये में) | अग्रधन की राशि (रूपये में) | कार्य अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | बानो | स्वास्थ्य उपकेन्द्र बानो | 55.50 | पचपन लाख पचास हजार | 10000.00 | 111000.00 | 6 माह |
| 2 | बानो | स्वास्थ्य उपकेन्द्र चानसाय | 55.50 | पचपन लाख पचास हजार | 10000.00 | 111000.00 | 6 माह |
| 3 | बानो | स्वास्थ्य उपकेन्द्र हाटिंगहोड़े | 55.50 | पचपन लाख पचास हजार | 10000.00 | 111000.00 | 6 माह |
| 4 | बोलबा | स्वास्थ्य उपकेन्द्र बेहरीनबासा | 55.50 | पचपन लाख पचास हजार | 10000.00 | 111000.00 | 6 माह |
| 5 | बोलबा | स्वास्थ्य उपकेन्द्र कुन्दुरमुण्डा | 55.50 | पचपन लाख पचास हजार | 10000.00 | 111000.00 | 6 माह |
| 6 | बोलबा | स्वास्थ्य उपकेन्द्र मालसाडा | 55.50 | पचपन लाख पचास हजार | 10000.00 | 111000.00 | 6 माह |
| 7 | बोलबा | स्वास्थ्य उपकेन्द्र पिड़ियापोछ | 55.50 | पचपन लाख पचास हजार | 10000.00 | 111000.00 | 6 माह |
| 8 | बांसजोर | स्वास्थ्य उपकेन्द्र बांसजोर | 55.50 | पचपन लाख पचास हजार | 10000.00 | 111000.00 | 6 माह |
| 9 | जलडेगा | स्वास्थ्य उपकेन्द्र कारीमाटी | 55.50 | पचपन लाख पचास हजार | 10000.00 | 111000.00 | 6 माह |
| 10 | जलडेगा | स्वास्थ्य उपकेन्द्र पतिअम्बा | 55.50 | पचपन लाख पचास हजार | 10000.00 | 111000.00 | 6 माह |
| 11 | कोलेबिरा | स्वास्थ्य उपकेन्द्र सरंगापानी | 55.50 | पचपन लाख पचास हजार | 10000.00 | 111000.00 | 6 माह |
| 12 | कोलेबिरा | स्वास्थ्य उपकेन्द्र सिजांग | 55.50 | पचपन लाख पचास हजार | 10000.00 | 111000.00 | 6 माह |
| 13 | कोलेबिरा | स्वास्थ्य उपकेन्द्र सोकोरला | 55.50 | पचपन लाख पचास हजार | 10000.00 | 111000.00 | 6 माह |

2. वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि :- 08.05.2023
3. ई-निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :- 15.05.2023 अपराह्न 5:00 बजे तक।
4. जिला नियंत्रण कक्ष सिमडेगा में निविदा शुल्क, अग्रधन की राशि, शपथ-पत्र की मूलप्रति जमा करने की तिथि एवं समय :- 16.05.2023 को 3:30 अपराह्न तक।
5. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :- 17.05.2023 को 3:30 पूर्वाह्न तक।
6. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :- कार्यपालक अभियंता, एन0आर0ई0पी0, सिमडेगा।
7. ई-निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0 :- 9470162141
8. निविदा शुल्क झारखण्ड राज्य में अवस्थित भारतीय स्टेट बैंक/अन्य राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा निविदाकार के नाम/खाता से ही निर्गत बैंक ड्रापट/बैंकर्स चेक के रूप में **कार्यपालक अभियंता, एन0आर0ई0पी0, सिमडेगा** के पक्ष में भुगतेय होगा जो लौटाया नहीं जायेगा।

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
एन0 आर0 ई0 पी0, सिमडेगा

PR 296566 Rural Development(23-24)#D

**झारखण्ड सरकार**
**ग्रामीण कार्य विभाग मुख्य अभियंता का कार्यालय**
**102, द्वितीय तल्ला, अभियंत्रण भवन, कचहरी रोड, राँची**

**ई-अल्पकालीन पुनर्निविदा आमंत्रण सूचना**

ई-अल्पकालीन पुनर्निविदा संख्या:- **330/RI/2023-24/RWD/DALTONGANJ** दिनांक :- **04.05.2023**

मुख्य अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, झारखण्ड, राँची द्वारा निम्न विवरण के अनुसार e-procurement पद्धति से पैकेज के रूप में निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र0 सं0 | आईडेन्टी फिकेशन संख्या/पैकेज संख्या | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रूपये में) अंक में | प्राक्कलित राशि (रूपये में) अक्षर में | कार्य समाप्ति की अवधि | टेण्डर कॉल नं0 |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | RWD/ DALTONGANJ/ 17/2022-23 | जंघासी खींच से बनासो मेन रोड तक पथ निर्माण कार्य (लं- 2.850 कि0मी0) | 2,78,50,649.00 | दो करोड़ अठहत्तर लाख पचास हजार छः सौ उनचास रू0 मात्र | 09 माह | द्वितीय |

2.वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि:- **09.05.2023**
3.ई-निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय:- **22.05.2023** अपराह्न 5.00 बजे तक।
4.(क) मुख्य अभियंता कार्यालय, ग्रामीण कार्य विभाग, अभियंत्रण भवन, कचहरी, राँची अथवा (ख) जिला नियंत्रण कक्ष, **राँची** अथवा (ग) जिला नियंत्रण कक्ष, **डालटनगंज** में से किसी भी कार्यालय में निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय:- **23.05.2023** अपराह्न 3.30 बजे तक।
5.निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि स्पीड पोस्ट के माध्यम से भी मुख्य अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, 102, द्वितीय तल्ला, अभियंत्रण भवन, कचहरी चौक, राँची, झारखण्ड, पिन- 834001 को भेजा जा सकता है। यह निविदाकार की जिम्मेवारी होगी कि स्पीड पोस्ट के माध्यम से भेजा जाने वाला निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि निर्धारित तिथि एवं समय (23.05.2023 अपराह्न 3.30 बजे तक) से पूर्व प्राप्त हो जाय। अंतिम तिथि एवं समय से पूर्व प्राप्त निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि पर ही विचार किया जायेगा।
6.निविदा खोलने की तिथि एवं समय:- **24.05.2023** अपराह्न 3.30 बजे।
7.निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता:- मुख्य अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, 102, द्वितीय तल्ला, अभियंत्रण भवन, कचहरी चौक, राँची, झारखण्ड, पिन- 834001
8.ई-निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0- 0651-2207818
9.निविदा शुल्क झारखण्ड राज्य में अवस्थित भारतीय स्टेट बैंक/राष्ट्रीयकृत बैंक/अनुसूचित बैंक द्वारा निर्गत बैंक ड्राफ्ट के रूप में जो कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, **डालटनगंज** के पक्ष में एवं **डालटनगंज** में भुगतेय जमा करना होगा जो लौटाया नहीं जायेगा।

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।

नोडल पदाधिकारी
ई-प्रोक्युर्मन्ट सेल

PR296571 (Rural Work Department)23-24*D

**झारखण्ड सरकार**
**पेयजल एवं स्वच्छता विभाग**

ई-प्रोक्योरमेन्ट सूचना
अति अल्पकालीन ई-निविदा सूचना संख्या-08/2022-23 (3rd Call)
तिथि :- 04.05.2023
P.R. No. 292556 (Drinking Water and Sanitation) 22-23 (D) & 294984 (Drinking Water and Sanitation) 23-24 (D)

| | | |
|---|---|---|
| 1. | विभाग का नाम | पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, झारखण्ड, राँची |
| 2. | विज्ञापनकर्त्ता का नाम | कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता यांत्रिक नागरिक प्रमण्डल, राँची |
| 3. | वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि | 04.05.2023 को 12:00 बजे अपराह्न में |
| 4. | प्री-बीड मिटिंग की तिथि एवं समय | 09.05.2023 को 02:00 बजे अपराह्न में |
| 5. | प्री-बीड मिटिंग का स्थान | अधीक्षण अभियन्ता का कार्यालय पेयजल एवं स्वच्छता यांत्रिक अंचल, राँची। |
| 6. | निविदा प्राप्ति (ऑन लाईन बिडींग) की अंतिम तिथि एवं समय | 15.05.2023 को 05:00 बजे अपराह्न में |
| 7. | अग्रधन की राशि एवं परिमाण विपत्र का मूल्य की मूल प्रति जमा करने की अंतिम तिथि, समय एवं स्थान | 16.05.2023 को 02:00 बजे अपराह्न में कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, पेयजल एवं स्वच्छता यांत्रिक नागरिक प्रमंडल, राँची |
| 8. | तकनीकी बीड खोलने की तिथि एवं समय | 17.05.2023 को 2:00 बजे अपराह्न में |
| 9. | तकनीकी बीड खोलने का स्थान | अधीक्षण अभियन्ता का कार्यालय पेयजल एवं स्वच्छता यांत्रिक अंचल, राँची। |
| 10. | निविदा आमंत्रित करने वाले कार्यालय का टेलीफोन नम्बर | 0651-2400934, 9304682229 |
| 11. | ई- प्रोक्योरमेन्ट सेल का हेल्प लाईन संख्या | 0120-4001002/0120-4001005/0120-6277787 |

| क्रम सं0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रु0 में) | अग्रधन की राशि (रु0 में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रु0 में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Utility shifting of 33 KV Rukka feeder line at proposed WTP Site village – Rukka under Electric supply section Ormanjhi. | 24,14,760.00 | 48,300.00 | 5,000.00 (Non-refundable) | One month |

नोट:-(i) केवल ई-निविदा ही स्वीकार किये जायेंगे।
(ii) निविदा सम्बन्धी सूचना, नियम एवं शर्तों की जानकारी हेतु वेबसाईट www.prdjharkhand.in तथा प्रमण्डलीय कार्यालय एवं अंचलीय कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है।
(iii) निवदा सम्बन्धी सूचना हेतु वेबसाईट http://jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।
(iv) संवेदकों को निविदा में भाग लेने के लिए 33 KV तक का "विद्युत संवेदक अनुज्ञा प्रमाण पत्र" होना अनिवार्य है।
(v) निविदादाता को निविदा में हिस्सा लेने से पूर्व स्थल का निरीक्षण करना होगा। स्थल निरीक्षण के उपरान्त निविदादाता site incharge/concerned officer से M.O.M./Certify कराना सुनिश्चित करेंगे एवं उसकी प्रति तकनीकि बीड में संलग्न करेंगे।

कार्यपालक अभियन्ता
पेयजल एवं स्वच्छता यांत्रिक नागरिक प्रमंडल, राँची

PR296567 (Drinking Water and Sanitation)23-24*D

## पवार की रणनीति


राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी संस्थापक शरद पवार कुशल राजनेता है। कांग्रेस का भविष्य जानकर ही उन प्रमुख लोगों में थे जिन्होंने अपने राज्य महाराष्ट्र में अपनी राजनीति को अपने बल पर स्थापित कर लिया। इसे एनसीपी में अजित पवार की बढ़ती महत्वाकांक्षाओं पर लगाम कसने का संकेत माना तो किसी ने भाजपा को सत्ता से विदा करने की तैयारी माना। एनसीपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष पद से इस्तीफा देने की बात कह दी। अमूमन राजनेता किसी बड़े पद से स्वेच्छा से हटने से पहले माहौल बनाते हैं। राजनीति से संन्यास, पार्टी में मतभेद, उम्र और स्वास्थगत कारण आदि का हवाला देकर फिर तामझाम के साथ विदाई लेते हैं। लेकिन उससे भी बड़ा सवाल ये है कि शरद पवार ने आखिर एनसीपी के अध्यक्ष पद को क्यों छोड़ा और ऐसे वक्त में यह फैसला क्यों लिया, जब महाराष्ट्र से लेकर राष्ट्र की राजनीति तक उथल-पुथल मची हुई है। अभी कुछ दिनों पहले शरद पवार ने दिल्ली में राहुल गांधी और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे से मुलाकात कर विपक्षी एकता की कोशिशों की नयी शुरूआत की थी। कांग्रेस और राहुल गांधी से शरद पवार कई बातों पर असहमत होने के बावजूद विपक्ष को एक साथ करने की कोशिशों में जुटे तो यह माना गया कि इस बार भाजपा की जड़ें हिलाने के लिए श्री पवार दृढ़प्रतिज्ञ हैं। लेकिन इस मुलाकात के चंद दिनों बाद कारोबारी गौतम अडानी से शरद पवार ने बंद कमरे में दो घंटे मुलाकात की। शरद पवार हमेशा से उद्योगपतियों के मित्र राजनेता के तौर पर जाने जाते रहे हैं, ये और बात है कि अब मित्रता साबित करने की नयी मिसालें देश में आ गई हैं। पवार पद छोड़ देंगे लेकिन उनकी हैसियत पद से बड़ी है। आखिर इस एलान के पीछे एक बड़ी महत्वाकांक्षा की गणित छिपी हो सकती है जो कई क्षेत्रपों को सता रही है।

## मन से देश की बात

मन की बात की सौवीं कड़ी को एक उत्सव में बदलने की मंशा को सफलता मिली भी है। भारत ही नहीं, विदेशों में भी कार्यक्रम की चर्चा, भागीदारी और प्रतिभागिता हुई। जिसकी गूंज संयुक्त राष्ट्र में सीधे प्रसारण के रूप में पहुंची। निस्संदेह, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एक कुशल वक्ता हैं। उनकी आयोजनों को उत्सव में बदलने की क्षमता भी विशिष्ट ही है। इस कार्यक्रम के जरिये उन्होंने तमाम उन योद्धाओं को सामने लाने की कोशिश की जो गुमनामी में व्यवस्था बदलने के काम में लगे थे। जिनके बारे में मुख्य मीडिया में चर्चा कम ही हुई। ये वो लोग थे जिन्होंने अपना जीवन लीक से हटकर विशिष्ट बदलावों के लिये लगाया। निस्संदेह, मन की बात कार्यक्रम के जरिये रेडियो को भी नये सिरे से प्रतिष्ठा मिली। जो कि आज के इंटरनेट-सोशल मीडिया के दौर में महत्वपूर्ण उपलब्धि है। रेडियो के जरिये देश के दूर-दराज के इलाकों के लोगों का इस कार्यक्रम से जुड़ना आसान हुआ है। इस सौवें एपिसोड में प्रधानमंत्री ने कहा भी कि जब मैं गुजरात से दिल्ली आया तो मुझे व्यवस्थागत व सुरक्षा कारणों से अलगाव महसूस हुआ। बहरहाल, समाज में रचनात्मक बदलाव के वाहकों को सम्मान देना हमारा सामाजिक दायित्व भी है और अन्य लोगों को ऐसा करने के लिये प्रेरणा भी मिलती है। हालांकि, विपक्ष इसे इवेंट मैनेजमेंट बताता रहा है और इसे राजनीतिक लक्ष्य साधने का जरिया कहता है। साथ ही विपक्षी नेता आरोप लगाते रहे हैं कि प्रधानमंत्री समय के विवादित प्रश्नों व विषयों को मन की बात कार्यक्रम में शामिल नहीं करते। वे कार्यक्रम में पेश किये गये कुछ तथ्यों पर उंगली उठाते रहे हैं कि इससे समाज में ऊहापोह की स्थिति पैदा होती है क्योंकि सत्ता शीर्ष से निकले तथ्य जनमानस में प्रमाणिकता की कसौटी होते हैं। निश्चित तौर पर कुछ सकरात्मक पहलू को भी प्राथमिकता दिया जाना चाहिए।

# विश्व की समृद्धि, संरक्षण और समभाव के प्रेरक बुद्ध





- गिरीश्वर मिश्र

> मनुष्य के आचरण के लिए मन की प्रधानता बतलाते हुए वे कहते हैं: *मनो पुब्बंगमा धम्मा मनोसेट्ठा मनोमया* अर्थात सब कुछ मन से शुरू होता है और मनोमय है। अगर कोई दुष्ट मन से बोलता या करता है तो दु:ख उसका पीछा करता है वैसे ही जैसे बैलगाड़ी का पहिया उसे खींचने वाले बैल के पीछे पीछे चलता है। इसके विपरीत यदि कोई प्रसन्न मन से बोलता या कुछ करता है तो सुख उसके पीछे-पीछे अनुसरण करता है

**पूजा** और प्रशस्ति के बीच बुद्ध की प्रखर चिंतन प्रक्रिया ओझल या सरलीकृत हो जाती है। उनकी चिंतन प्रक्रिया कोरे वाग्विलास की जगह व्यावहारिक समाधान की ओर उन्मुख थी। जीवन की पीड़ादायी और असंतोषजनक स्थिति उनके विचार-यात्रा का मूल थी। जन्म-मृत्यु के बंधन कारागृह जैसे ही थे। पुनर्जन्म का अनवरत चलने वाला वात्याचक्र दुःख का कारण था और इससे उबरना मुख्य समस्या थी। ईसा पूर्व पाँचवीं सदी में जन्मे महात्मा बुद्ध अपने समय में प्रचलित धर्म-कर्म, विश्वास और जीवन पद्धति की विसंगतियों से क्षुब्ध थे। इतिहास में यह वह काल था जब कृषि की समृद्धि से नगर जन्म ले रहे थे और व्यापार के माध्यम से भारत से बाहर की संस्कृति की जानकारी भी मिल रही थी। बाह्य सम्पर्क से यह भी पता चल रहा था कि जाति विहीन समाज भी होते हैं और संस्कृत के अतिरिक्त और भी भाषाएँ बोली जाती हैं। बढ़ती सामाजिक गतिशीलता के आलोक में नए किस्म के धर्म की आवश्यकता महसूस की जाने लगी थी। तरह-तरह के कर्मकांड थे और आगे चल कर उपनिषद के वेदांत विषयक विचार के प्रतिपादन में अनादि और अनंत ब्रह्म और उसकी प्राप्ति को जीवन के लक्ष्य के रूप में प्रतिष्ठित किए जा रहे थे। जीवन परिवर्तनशील है और ब्रह्म शाश्वत अर्थात निरंतर उपस्थित रहने वाला और इस भाँति अपरिवर्तनीय। उसे शिव (कल्याणकारी) के रूप में प्रतिपादित किया गया। संभवतः ब्रह्म के साथ तादात्म्य के जरिए अमरता की प्राप्ति की अवधारणा शिवत्व का आधार थी।

महात्मा बुद्ध ने हमारे अनुभव जगत की परिवर्तनशीलता और अनित्यता के घोर सत्य को स्वीकार किया। इसके साथ ही उन्होंने यह भी लक्ष्य किया कि हमारे सुख-संतोष के क्षण भी आसन्न मृत्यु की पृष्ठभूमि में अस्थायी हो जाते हैं। परिवर्तन में दुःख, कुंठा और असंतोष भी स्वभावतः आ जाते हैं। महात्मा बुद्ध के विचार में जीवन के तीन लक्षण हैं: उसका अस्थायित्व, संतोष का अभाव और आत्मा की अनुपस्थिति। चीजें अस्थायी हैं इसलिए असंतोष होगा और वे आत्मा नहीं हो सकतीं क्योंकि उसे स्थायी और शाश्वत माना गया था। यदि आत्मा है जो परिवर्तित नहीं होता जो वह हमारे जीवन में, जो सतत परिवर्तनशील है, भाग ही नहीं ले सकता और हमें उसका किसी तरह की प्रतीति या अनुभव भी नहीं हो सकता। अनुभव तो कार्य और कर्म के परिणाम का ही होता है या हो सकता है जिसका चक्र निर्वाण मिलने तक चलता ही रहता है।

ध्यान रहे कि अनात्त कह कर अस्तित्व की निरंतरता को नकारते हुए बुद्ध व्यक्ति को उसकी नैतिक जिम्मेदारी से मुक्त या बरी नहीं करते। हमारी निरंतरता (आत्मा की जगह) कर्म में बनी होती है। उपनिषद के चिंतन में जो स्थायी है अधिक महत्व का और वास्तविक यानी सत्य है और दूसरी ओर जो बदलता है वह कमतर सत्य है। अपरिवर्तनशील आत्मा का अस्तित्व है। बुद्ध इसके विपरीत खड़े होते हैं। कर्म का शाब्दिक अर्थ है कार्य या क्रिया। कर्म का बाद में भविष्य में अच्छा या बुरा परिणाम होता है जैसे- किसान खेत में बीज बोते हैं और बाद में चल कर फसल काटते हैं। बुद्ध के लिए कर्म भौतिक न था। वह कर्म को उसके पीछे की भावना या मंतव्य से जोड़ते हैं जो नैतिक या अनैतिक हो सकती है। पर हम जीवन का आरम्भ साफ स्लेट से नहीं करते। हम अपने अतीत के कर्मों के दाय से युक्त होते हैं। यदि नैतिक रूप से अच्छी भावना हो तो मन शुद्ध रहता है। नैतिक आदमी ध्यान द्वारा चित्त को शुद्ध कर सकता है तब स्वार्थी मनोवृत्तियों से मुक्त हो कर बुद्धि निर्मल हो जाती है। महात्मा बुद्ध ने चार आर्य सत्य बताए। उनमें पहला यह है कि सभी प्राणी दुःख का अनुभव करते हैं। दूसरा यह है कि दुःख का कारण होता है। वह है इच्छाएँ होना। इच्छाओं का पूरा न होना दुःख का कारण बनता है। दुःख से मुक्ति की राह है इच्छाएँ न करना। चौथा इसका उपाय है अष्टांगिक मार्ग जो सम्यक आचरण, आदि हैं। हम स्वयं अपने लिए उत्तरदायी हैं।

महात्मा बुद्ध खुद को इच्छाओं के बाण को बाहर निकालने वाले शल्य चिकित्सक की तरह व्यक्त करते हैं। वे यह भी कहते हैं कि जैसे समुद्र का स्वाद नमकीन होता है उनकी शिक्षाओं में सिर्फ मुक्ति का संदेश है। वे यह भी कहते हैं कि संदेह होने पर किसी और पर नहीं बल्कि अपने साक्षात अनुभव को प्रमाण मानें। बुद्ध ने यह कहा कि हमारे जीवन और अनुभव में जो कुछ है वह केवल प्रक्रिया है और सभी चीजें कारणों से जुड़ी होती हैं। अर्थात विश्व का न कोई आदि है न सर्जक। कुछ भी कारण से स्वतंत्र नहीं है। प्रक्रियाएँ याद्दच्छिक (रैंडम) नहीं हैं न ही पूरी तरह पूर्वनिश्चित हैं। वे पूर्व दशाओं की सीमा में होती हैं। यदि चुनने का विकल्प न हो तो नैतिकता का ही लोप हो जायगा। कर्म को केंद्र में ला कर महात्मा बुद्ध ने आत्मा के विचार के स्थान पर, जो स्थिर और नैतिकता से रहित था, उसकी जगह एक प्रक्रिया के विचार को स्थापित किया जिनका अवलोकन किया जा सकता है और जो अनुभवगम्य है। यह प्रक्रिया परिवेश के साथ सतत अंत क्रिया करती रहती है और व्यक्ति को प्रभावित करती है।

महात्मा बुद्ध कोरे सिद्धांतकार न थे। उन्होने जीवन जीने के अनेक सूत्र भी दिए हैं। धम्म पद में इनका सुंदर संकलन मिलता है। मनुष्य के आचरण के लिए मन की प्रधानता बतलाते हुए वे कहते हैं: मनो पुब्बंगमा धम्मा मनोसेट्ठा मनोमया अर्थात सब कुछ मन से शुरू होता है और मनोमय है। अगर कोई दुष्ट मन से बोलता या करता है तो दुःख उसका पीछा करता है वैसे ही जैसे बैलगाड़ी का पहिया उसे खींचने वाले बैल के पीछे पीछे चलता है। इसके विपरीत यदि कोई प्रसन्न मन से बोलता या कुछ करता है तो सुख उसके पीछे-पीछे अनुसरण करता है जैसे आदमी की परछाई उसके साथ-साथ रहती है। महात्मा बुद्ध का दृढ़ विचार है कि अवैर से ही वैर समाप्त होता है।

वे कहते हैं कि पृथ्वी पर सभी प्राणियों का जीवन नश्वर है परंतु अक्सर लोग यह बड़ा तथ्य भूल जाते हैं। जो यह जानता है कि इस दुनिया से विदाई अनिवार्य है उसके मन में दूसरों के प्रति कटुता दूर हो जाती है, आसक्ति जैसी अग्नि नहीं रहती और द्वेष जैसा मल भी नहीं एकत्र होता है। इसी तरह यदि जीवन में अपरिग्रह (यानी जरूरत से ज्यादा

## खास बात

# मटके का पानी

**मनोज शर्मा**

**मटके** के पानी में कितने गुण हैं, और यह अच्छे स्वास्थ्य के लिए खास उपयोगी है। दरअसल मिट्टी में ऐसे तत्व मौजूद रहते हैं, जो स्वास्थ्य रक्षक होते हैं। यही तत्व मिट्टी के बने मटके में आ जाते हैं। मिट्टी के मटकों की दीवारों में असंख्य सूक्ष्म छिद्र होते हैं, जिनसे पानी रिसता रहता है। इस कारण मटके की सतह पर हमेशा गीलापन रहता है। मटके में पानी रखने पर इसका वाष्पीकरण होता है ,जिससे पानी के कण गर्मी के रूप में ऊर्जा प्राप्त करते हैं और फिर गैस में बदल जाते हैं। बाद में ये कण हवा के साथ मिश्रित हो जाते हैं, तथा मटके में फैल जाते हैं, जिससे मटके का पानी ठंडा हो जाता है। मटकों की खासियत है कि ये पीने के लिए ठंडा पानी ही नहीं देते ,बल्कि मिट्टी के गुण भी प्रदान करते हैं। वहीं मिट्टी के बर्तनों में पानी को ठंडा करने की अद्भुत क्षमता होती है। यह विशेषता अन्य किसी भी धातु के पात्र में नहीं होती। इसलिए, मिट्टी के बर्तनों का पानी प्यास बुझाने के लिए आज भी बेहतर जाना जाता है।

पीढ़ियों से भारतीय घरों में पानी स्टोर करने के लिए मिट्टी के बर्तन यानी मटकों का पानी इस्तेमाल किया जाता रहा है । मिट्टी की भीनी-भीनी खुशबू के कारण गर्मियों में मटके का ठंडा पानी पीने का आनंद और तृप्ति अलग ही है। विशेषज्ञों के अनुसार, मिट्टी में कई प्रकार के रोगों से लड़ने की क्षमता पाई जाती है। मिट्टी के बर्तनों में रखे पानी में मिट्टी के गुण स्वतः ही आ जाते हैं जिसके चलते मटके में रखा पानी हमें निरोग रखने में मदद करता है। इसके अलावा मटके को रंगने के लिए इस्तेमाल किया जाने वाला गेरू भी हमारे शरीर को गर्मी में शीतलता प्रदान करता है। मिट्टी में अनेक प्रकार के क्षार, विटामिन्स, खनिजों, धातुओं, रसायनों, तत्वों तथा रसों की मौजूदगी होती है। ये ही सारे गुण मटके में भी विद्यमान होते हैं। ऐसे में मटके के पानी का नियमित सेवन करने से शरीर में मौजूद जहरीले पदार्थ बाहर चले जाते हैं। मिट्टी में कुदरती रूप से शरीर में जमा टॉक्सिंस खींच लेने की ताकत होती है। इसलिए, पेट में जमा और सड़े भोजन को मटके का पानी शरीर से बाहर कर आंतों की सफाई भी करता है।

## दीक्षा गुरु ही देंगे

धर्म-प्रवाह

**स्वामी निरंजनानंद सरस्वती**

**जीवन** गुरु और शिष्य के पारस्परिक सम्बन्धों पर आधारित होता है। गुरु ही प्रत्येक संन्यासी के जीवन की धुरी होते हैं। गुरु के बिना संन्यास नहीं हो सकता, क्योंकि गुरु त्याग और संन्यास के मूर्तरूप होते हैं। गुरु शिष्य के कर्म और उसकी नियति को पहचान जाते हैं। शिष्य को दीक्षा देने के पूर्व गुरु को उसके विकास के स्तर का मूल्यांकन करना पड़ता है। उन्हें यह निश्चित करना होता है कि शिष्य किस सीमा तक भौतिक जगत से बंधा हुआ है और किस सीमा तक उन बन्धनों को तोड़कर ऊपर उठ सकता है। तब उसके आधार पर गुरु निर्णय लेते हैं कि वह संन्यास के किस मार्ग के उपयुक्त है। इस संबंध में गुरु का निर्णय ही अंतिम रूप से मान्य होता है, इसलिए शिष्य को उस निर्णय को बदलने का आग्रह नहीं करना चाहिए।

संन्यास की दीक्षा केवल गुरु दे सकते हैं। दीक्षा के बाद शिष्य गुरु के माध्यम से संन्यास पथ पर स्थापित होता है। गुरु शिष्य को शिक्षित-प्रशिक्षित करते हैं और यह निश्चय करते हैं कि उसके लिए सर्वोत्तम क्या होगा। गुरु के निर्देशों का पालन करते हुए संन्यासी संन्यास के निर्दिष्ट पथ पर सफलतापूर्वक आगे बढ़ता जाता है।

अपनी प्रगति को सुनिश्चित करने के लिए संन्यासी-शिष्य को अपने अहंकार को व्यवस्थित करने के लिए गुरु के हाथों में छोड़ देना चाहिए। तभी शिष्य गुरु की कृपा से संन्यास की उच्चतर अवस्थाओं तक पहुंच पायेगा।

प्रस्तुति-स्वामी मुक्तरथ

**माननीय** राज्यपाल महोदय से मिला, स्वास्थ्य मंत्री द्वारा अवैध हथियार रखने, अश्लील वीडियो चैट करने, प्रशासन एवं पुलिस द्वारा राजनीतिक दबाव में उनके खिलाफ कारवाई नहीं करने तथा सरकार द्वारा मंत्री को खुला संरक्षण देने के मामला से अवगत कराया। वे अचंभित थे, कहा सरकार से रिपोर्ट मांगेंगे।

**- सरयू राय, विधायक**

## आपके ट्वीट

**गांव** मजबूत होगा तभी राज्य मजबूत होगा। बहुत जल्द डेयरी के क्षेत्र में भी गढ़वा जिला को हम सौगात देने जा रहे हैं। सरकार आपको स्वरोजगार शुरू करने के लिए भी मदद दे रही है। आप आगे बढ़िए, सरकार आपके साथ है।

**- हेमंत सोरेन, सीएम**





**शिमला** के नगर निगम चुनाव में कांग्रेस की बड़ी जीत। बब्बर शेर कार्यकर्ताओं, नेताओं, सदस्यों को बहुत बधाई।

लोगों को दी गारंटी पूरी कर वादा निभाया, तभी शिमला ने कांग्रेस पर भरोसा जताया। अब कर्नाटक में, 5 गारंटी की बारी है।

**- राहुल गांधी**

## कॉर्टून वर्ल्ड




साभार कॉर्टून मूववेंट

## लेटर टू एडीटर

### विश्वसनीयता जरूरी

**लोकतंत्र** का चौथा स्तंभ है मीडिया। संयुक्त राष्ट्र ने 1993 में विश्व प्रेस स्वतंत्रता दिवस 3 मई को मनाए जाने की घोषणा की थी। लोकतंत्र को मजबूती प्रदान करने और अभिव्यक्ति की आजादी के लिए प्रेस मुख्य भूमिका निभाती है। अखबार के लिए गागर में सागर वाली कहावत उपयुक्त है। भारत में प्रेस राजनीतिक पार्टियों के लिए प्रचार का साधन है।

**-रविशंकर सिंह, रांची**

### इस्तीफा और राजनीति

**शरद** पवार के अचानक इस्तीफे की पेशकश ने महाराष्ट्र की राजनीति में भूचाल ला दिया है। शरद पवार के इस कदम से महाराष्ट्र विकास अघाड़ी के भविष्य पर प्रश्नचिन्ह ही नहीं लगा है बल्कि विपक्षी एकता मुहिम भी संदेह के घेरे में खड़ी हो गई है। पवार ने जरूर विचार किया होगा क्योंकि राष्ट्रीय परिप्रेक्ष्य में शरद पवार की भूमिका न के बराबर हो गई थी।

**-दिनकर, हजारीबाग**

# बुद्ध के विचार से ही विश्व का कल्याण संभव

**विजय केसरी**

**आज** बुद्ध जयंती है। राजकुमार सिद्धार्थ का गौतम बुद्ध के रूप में रूपांतरण होना कोई साधारण सी घटना नहीं थी। अपितु प्रचलित धारा को एक नई दिशा देने की खोज थी। राजकुमार सिद्धार्थ के पिता महाराज शुद्धोधन को जब यह जानकारी हुई थी कि यह बालक जब राजा बनेगा तो एक महान राजा बनेगा। अगर एक धर्म उपदेशक बनेगा तो महान धर्म उपदेशक होगा। यह जानकर उनके पिता को खुशी जरूर हुई थी । लेकिन कहीं ना कहीं उनके मन में यह डर भी बैठा हुआ था कि अगर राजकुमार सिद्धार्थ धर्म उपदेशक बना तो कपिलवस्तु के राज सिंहासन पर कौन बैठेगा ? इसलिए राजा शुद्धोधन ने राज गुरुओं से राजकुमार सिद्धार्थ को सनातन धर्म शास्त्र सहित भारतीय जीवन दर्शन की शिक्षा दिलवाई थी। एक राजकुमार के लिए जो राज प्रशिक्षण हुआ करता था, उससे बढ़-चढ़कर राजकुमार सिद्धार्थ को दिया गया था।

उनके पिता शुद्धोधन ने कम उम्र में ही उनकी शादी राजकुमारी यशोधरा से कर दी थी । ऋतु के हिसाब से राजकुमार सिद्धार्थ के लिए तीन -तीन महलों की व्यवस्था की गई थी । विलासिता की सारी सामग्रियां उनके लिए इन तीनों महलों में मौजूद थीं। ताकि राजकुमार सिद्धार्थ का मन वैराग्य की ओर ना भटके । लेकिन होनी को कुछ और ही मंजूर था ।

राजकुमार सिद्धार्थ ने जवानी से बुढ़ापा होना, व्यक्ति का रोगी होना, फिर अंत में संसार से उसकी विदाई की

धर्म

गुत्थियों को सुलझाना चाहते थे। वे जितना इसे सुलझाना चाहते थे। उलझते चले जा रहे थे । उन्होंने मन बना लिया कि इन महलों में रहकर, राजकुमारी यशोधरा और पुत्र राहुल के साथ विलासिता पूर्वक जीवन जीकर दिव्य ज्ञान की खोज करना नामुमकिन था । इसलिए वे एक रात राजकुमारी यशोधरा, राहुल एवं परिवार के अन्य सदस्यों को छोड़कर जंगल की ओर गमन कर गए थे । जंगल में तो वे दिव्य ज्ञान की खोज में आ गए थे। यहां भी उन्हें वर्षों भटकना पड़ा था। लंबी तपस्या के बावजूद जिस दिव्य ज्ञान की खोज में बुद्ध ने वैराग्य धारण किया था, वह अभी भी कोसों दूर था। इसी भटकाव में उनका आगमन बोधगया हुआ था । यहां उन्होंने लंबी साधना की थी । एक रात उन्हें दिव्य ज्ञान की प्राप्ति हुई थी। उनके चेहरे पर खुशी की लकीरें खिल गई थी । अब वे राजकुमार सिद्धार्थ से गौतम बुद्ध बन चुके थे।

गौतम बुद्ध के संबंध में हमारे मनिषियों का कथन है कि वे भगवान विष्णु के अवतार थे । इस संदर्भ में बहुत अधिक जानकारियां उपलब्ध नहीं है । श्रुति के आधार पर यह बातें स्थापित की जाती रही हैं। राजकुमार सिद्धार्थ अगर महल में रह जाते, तब उनके मन में उठते प्रश्नों का निराकरण संभव नहीं था। वे कपिलवस्तु के सुविख्यात महाराज जरूर बन जाते । लेकिन गौतम बुद्ध के रूप में उनका रूपांतरण नहीं हो पाता । उनकी फकीरी ने उन्हे राज सिंहासन से बड़ा सिंहासन प्रदान किया था।

भारतीय दर्शन से अलग उन्होंने कुछ भी नया नहीं कहा था । गौतम बुद्ध ने प्रेम , सत्य और अहिंसा को मानवीय जीवन का सबसे बड़ा आधार कहा था। उन्होंने जगत के सभी प्राणियों से प्रेम करने की बात कही थी । उन्होंने किसी से भी घृणा ना करने की बात कही थी । आज की बदली परिस्थिति में जहां चंहुओर रक्तपात मचा हुआ है। आज बुद्ध के विचार पर चलकर संसार को रक्त पात से बचाया जा सकता है । उन्होंने जगत के सभी प्राणियों से प्रेम करने की बात कही थी। अर्थात मनुष्य का मनुष्य से प्रेम। मनुष्य का सभी पशु पक्षियों से प्रेम की बात निहित है। प्रेम से दूसरे के दिल को जीता जा सकता है। गौतम बुद्ध ने जगत के किसी भी प्राणी को दुख नहीं देने का

# जब बुद्ध को यशोधरा ने संन्यास के लिए विदा किया

**एनके मुरलीधर**

जहं **जहं चरण पड़े गौतम के**, तिक न्यात हन्ह की विश्व विख्यात पुस्तक है। मैं पूरे विश्वास से कह सकता हूं कि बुद्ध को जानकर यह पुस्तक लिखी गयी है।

उस रात सिद्धार्थ गंभीर और गुमशुम थे। पूरी चांदनी थी। महिनों से यशोधरा को लग रहा था कि सिद्धार्थ जो चाहते हैं वह मैं नहीं दे सकती। वह सिद्धार्थ को किसी भी हाल खुश देखना चाहती थी। उसने सेवक से कहा आज रात सबसे प्यारा घोड़ा तैयार रखना सिद्धार्थ आज अपनी सबसे प्रबल यात्रा पर निकलेंगे। हां तुम भी साथ जाना। वहां तक जहां से तुम्हें वे लौटा न दें। फिर यशोधरा से सबसे श्वेत वस्त्र निकाले और उसे अपने कक्ष से बाहर रख दिया। यशोधरा के विशाल ह्दय ने जो सोचा था वैसा ही हुआ।

बुद्ध का मन वन गमन को तैयार था। वे एक बार अपने बेट राहुल और यशोधरा को देखना चाहते थे। यशोधरा की आंखें खुली थी और राहुल बेखबर नींद में थे। बुद्ध हिचकिचाये। फिर मन कड़ा कर कक्ष की ओर बढ़े। यशोधरा ने आखें बंद कर ली। बुद्ध ने दोनों को देखा। फिर मुड़ें और चल दिये। सेवक उनका सबसे प्रिय अश्व लेकर खड़ा था। अश्व हिनहिनाया। यह सुनकर लेटी यशोधरा उठी और बाहर भागी। बाहर निकल कर देखा सेवक और सिद्धार्थ अलग-अलग घोड़ें पर जा रहें है। यशोधरा के

प्ररेणा

आंखों से आंसू की बूंद ढलक पड़ी। उसे पीछे छोड़ सिद्धार्थ जा चुके थे। इसी बीच राहुल रोने लगा और वह भागी-भागी कक्ष में आ गयी।

जो यह जानता है कि इस दुनिया से विदाई अनिवार्य है उसके मन में दूसरों के प्रति कटुता दूर हो जाती है, आसक्ति जैसी अग्नि नहीं रहती और द्वेष जैसा मल भी नहीं एकत्र होता है। इसी तरह यदि जीवन में अपरिग्रह (यानी जरूरत से ज्यादा संग्रह न करना) आ जाय तो लोग सुखी जीवन बिता सकेंगे। पारस्परिक सम्बन्धों के बारे में धम्म पद में कहा गया है कि विजय से दूसरे के साथ वैर जन्म लेता है और पराजित आदमी दुःख की नींद सोता है किंतु जो जय और पराजय दोनों से परे रहता है वह चैन से सुख की नींद सोता है। शांति से बड़ा कोई सुख नहीं होता : नत्थि संतिपरं सुखं । महात्मा बुद्ध की सीख है कि अक्रोध से क्रोध को, भलाई से दुष्ट को, दान से कंजूस को और सच से झूठ को जीतना चाहिए। चूँकि सबको अपना जीवन प्रिय होता है और सब जीव अपने लिए सुख की कामना करते हैं इसलिए महात्मा बुद्ध कहते हैं कि आदमी अपने ही तरह सबका सुख-दुःख जान कर न तो खुद ही किसी को मारे और न दूसरों को किसी को मारने के लिए उकसाए।

जीवनचर्या पर महात्मा बुद्ध के विचार ध्यान देने योग्य हैं। वे संतोष को सर्वाधिक महत्व का बताते हैं और इच्छा, मोह, राग और द्वेष को सबसे बड़े दोषों के रूप में पहचान की है। वे कहते हैं कि मनुष्य को शीलवान, समाधिमान, उद्यमशील और प्रज्ञावान हो कर जीना चाहिए। वे सत्य को सबसे पहला धर्म कहते हैं और धर्म का आचरण निष्ठा से की हिदायत देते हैं।

अपने आपको जीतने वाला आत्म-जयी सबसे बड़ा विजेता होता है। जिसका चित्त स्थिर नहीं, जो सद्धर्म को नहीं जानता और जिसकी श्रद्धा डावाँडोल है, उसकी प्रज्ञा परिपूर्ण नहीं हो सकती। योग से प्रज्ञा की वृद्धि होती है । जिसे प्रज्ञा नहीं होती उसे ध्यान नहीं होता। जिसे ध्यान नहीं होता उसे प्रज्ञा नहीं होती।


संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह

वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह

द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।

संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 94313-55233
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com

R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797

*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

# सभी बैंक 40 % करें सीडी रेशियो : डीसी

## गुमला में डीएलसीसी और डीएलआरसी की तिमाही बैठक संपन्न

खबर मन्त्र संवाददाता


बैठक में निर्देश देते उपायुक्त व उपस्थित बैंकर्स।

**गुमला।** जिला सलाहकार समिति (डीएलसीसी) एवं जिला स्तरीय समीक्षा समिति की तिमाही बैठक गुरुवार को समाहरणालय सभागार में उपायुक्त सुशांत गौरव की अध्यक्षता में हुई। उपायुक्त ने सर्वप्रथम पूर्व की बैठकों में दिये गये निर्देशों के प्रति हुए कार्यों की समीक्षा की।

बैठक में सीडी रेशियो मार्च 2022 में सभी बैंकों का 27.71 प्रतिशत देखने को मिला था। वहीं, इस वर्ष मार्च 2023 तक 29.30 प्रतिशत देखने को मिला। उपायुक्त ने सीडी रेशियो के मानकों के आधार पर सभी बैंकों को कम से कम 40 प्रतिशत की उपलब्धि हासिल करने की बात कही। वहीं, वार्षिक क्रेडिट योजना संवितरण अंतर्गत कृषि क्षेत्र में वित्तीय वर्ष 2021-22 में 51.56 प्रतिशत उपलब्धि थी। वहीं, वित्तीय वर्ष 2022-23 में 58.40 प्रतिशत की उपलब्धि हुई है, जो कि पिछले वित्तीय वर्ष की तुलना में 6.84 प्रतिशत अधिक है।


गवरमेंट स्पांसर्ड स्कीम के अंतर्गत वर्ष 2022-23 के मार्च तिमाही तक कुल उपलब्धि 52.97 प्रतिशत रही। इसमें पिछले वित्तीय वर्ष की तुलना में 13.84 प्रतिशत वृद्धि देखने को मिली। उक्त वित्तीय वर्ष में केसीसी के तहत कुल 11013.54 लाख राशि का वितरण लगभग 19,800 किसानों के बीच किया गया। वहीं, एसएचजी के तहत वित्तीय वर्ष 2022-23 में मार्च तिमाही तक कुल 2202 ग्रुप का क्रेडिट लिंकेज किया गया, जो कि पिछले वर्ष की तुलना में 102 ग्रुप अधिक है। वहीं, मुद्रा लोन के तहत वित्तीय वर्ष 2022-23 में सभी बैंकों द्वारा 5176 लाभुको को 5717.67 लाख रुपये ऋण की राशि से अच्छादित किया गया है।

बैठक में प्राप्त रिपोर्ट के आधार पर उपायुक्त ने अपने बिंदुवार समीक्षा के क्रम में कई आवश्यक निर्देश दिये। उक्त रिपोर्ट के आधार पर सबसे अधिक उपलब्धि झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक एवं बैंक ऑफ इंडिया की देखने को मिली। इसपर उपायुक्त ने उक्त बैंकों के कार्यों की सराहना की एवं अन्य बैंकों को उनसे सीख लेने को कहा। पिछले 2 वर्षों के डाटा के आधार पर उपायुक्त ने वित्तीय वर्ष 2023-24 में बेहतर अचीवमेंट के लिए प्लानिंग तैयार करने की बात कही।

उपायुक्त ने प्रत्येक माह विभिन्न बैंकों द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में जाकर कैंप लगाने का भी निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि नये छोटे उद्यमियों एवं किसानों को सरकार की सभी योजनाओं से अच्छादित करने की आवश्यकता है। बैठक में उप विकास आयुक्त गुमला, एलडीएम गुमला, कार्यपालक अभियंता नगर परिषद, जिला कृषि पदाधिकारी, जिला सहकारिता पदाधिकारी सहित विभिन्न बैंकों के मैनेजर एवं प्रतिनिधि उपस्थित थे।

# भंडरा के चट्टी में घर का ताला तोड़ जेवर, बर्तन, कपड़े की चोरी

खबर मंत्र संवाददाता


चोरी के बाद बिखरे सामान।

**भंडरा।** भंडरा थाना क्षेत्र के चटी गांव निवासी बचदान टोप्पो के घर में ताला तोड़कर दो लाख से ज्यादा के जेवरात एवं सामान की चोरी रात में ताला तोड़ कर कर ली गई। घर मालिक बचदान टोपो अपने बच्चों की पढ़ाई को लेकर गुमला में रहता है। घर का केयरटेकर जतरो उरांव घर की देखरेख एवं सुरक्षा करता है। घर के देखरेख करने वाले जतरो के घर में शादी था। दो दिन वह अपने घर में व्यस्त था। जिसके कारण वह घटना वाले रात घर में नहीं सोया था।

इस संबंध में घर के मालिक बचदांन टोप्पो ने बताया कि 2 दिन के बाद बुधवार की रात जतरो घर में सोने आया तो देखा ताला टूटा हुआ है। घर के अंदर सामान बिखरा हुआ है। अलमारी वगैरह टूटा हुआ था। वह चोरी की संभावना को देखते हुए घर मालिक को फोन पर सूचना दिया। सूचना मिलने के बाद बचदांन टोप्पो घर की स्थिति देखने आया और इसकी सूचना भंडरा थाना को दिया। घर मालिक के अनुसार घर में लगभग डेढ़ लाख का जेवर एवं एक लाख के आसपास के बर्तन जिसमें कासा, तांबा एवं पीतल सभी तरह का बर्तन था। इसके साथ ही कीमती कपड़े भी चोर ले गए। इधर भंडरा पुलिस चोरी की घटना की पड़ताल मे जुट गई है।

## स्पीड न्यूज

### ऑटो को पीछे से ट्रक ने मारा धक्का, दो लोग घायल

**गुमला।** गुमला थाना क्षेत्र के अंबेराडीह के समीप पीछे से आ रहे ट्रक ने ऑटो को धक्का मार दिया। घटना में ऑटो चालक 22 वर्षीय जितवाहन महतो व पालकोट थाना क्षेत्र के तपकारा निवासी 45 वर्षीय रजनी देवी घायल हो गई।

### बाइक से गिरकर दो युवक जख्मी

**गुमला।** पालकोट थाना क्षेत्र के राजा मैदान के समीप बाइक सवार कुम्हरिया निवासी 30 वर्षीय अनिल गोप व सोलगा निवासी 25 वर्षीय सजीत टेटे गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गये। घटना के उपरांत दोस्तों के द्वारा नजदीकी उप स्वास्थ्य केंद्र में उन्हें भर्ती कराया गया। अनिल गोप के सिर पर गंभीर चोट लगी है और सजीत के चेहरे पर चोट लगी है।

### पिछड़ा वर्ग संघर्ष समिति की बैठक 7 को

**गुमला।** पिछड़ा वर्ग संघर्ष समिति झारखंड प्रदेश की बैठक गुमला जिला के रौनियर धर्मशाला पालकोट रोड में 7 मई को आहूत की गई है। बैठक में आगामी आंदोलन की रूपरेखा के साथ साथ संगठन की मजबूती पर चर्चा की जाएगी। यह जानकारी केंद्रीय महासचिव दिलीप नाथ साहू ने दी।

### युवक ने किया आत्महत्या का प्रयास

**गुमला।** पालकोट थाना अंतर्गत पोजेंगा गांव निवासी 35 वर्षीय गंगाराम ने कीटनाशक खाकर आत्महत्या का प्रयास किया। उसका इलाज सदर अस्पताल में जारी है। जानकारी देते हुए गंगाराम ने बताया कि मैं जो बात कहता हूं परिवार के सदस्य द्वारा उसकी अवहेलना की जा रही है। इसे लेकर मैं डिप्रेशन में चूहे मारने का कीटनाशक खा लिया।

### चयन शिविर आज

**गुमला।** हॉकी झारखंड के द्वारा राज्यस्तरीय अंडर 19 हॉकी बालक जूनियर टूर्नामेंट का आयोजन जमशेदपुर में 10 मई को किया गया है। इसे लेकर गुमला टीम के चयन को लेकर 5 मई शुक्रवार को संत इग्नासियुस स्ट्रोट्रप मैदान में जिला स्तरीय चयन शिविर का आयोजन किया गया है। चयन में भाग लेने के लिए प्रतिभागी को आधार कार्ड और नगर पालिका या अंचल से निर्गत जन्म प्रमाण पत्र लाना अनिवार्य है। चयनित खिलाड़ी प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए जमशेदपुर 9 मई को जाएंगे जो आने जाने की यात्रा भत्ता स्वयं वहन करेंगे।

### गोल्डन क्लब ने की आर्थिक मदद

**गुमला।** सड़क दुर्घटना में जख्मी हुसैन नगर निवासी आंसर अहमद को गोल्डन सोसायटी क्लब द्वारा इलाज के लिए आर्थिक मदद दी गयी। सड़क दुर्घटना में आंसर अहमद की दोनों पैर में गंभीर चोट लगी है। जिसके इलाज में लगभग तीन लाख का खर्च बताया गया था। इस दुर्घटना की जानकारी गोल्डेन सोसाइटी क्लब के सदस्यों को मिली तो अंसार अहमद के परिजनों से क्लब के सदस्यों ने मिलकर घटना की जानकारी ली और अंसार अहमद के इलाज के लिए दस हजार रुपये से तत्काल अर्थिक मदद की तथा भविष्य में और मदद करने का भरोसा दिया।

# गाड़ी, टीवी और नकद के लालच में ग्रामीण ने गंवा दिये 17,250 रुपये

खबर मन्त्र संवाददाता


भुक्तभोगी।

**भंडरा।** गाड़ी, टीवी व 50 हजार नकद की लॉटरी के लालच में एक ग्रामीण ठगी का शिकार हो गया। उसने तीन बार में 17,250 रुपये ठग के फोन पे में ट्रांसफर कर दिए। जब और 16,500 रुपये की मांग की गई तो ग्रामीण भंडरा स्थित कालिंदर साहू के प्रज्ञा केंद्र पैसा डालने गया।

प्रज्ञा केंद्र संचालक को संदेह होने पर कालिंदर साहू ने ग्रामीण से मामले की जानकारी ली तो प्रज्ञा केंद्र को साइबार क्राइम द्वारा ठगे जाने का अहसास हो गया। और प्रज्ञा केंद्र के संचालक के सूझबूझ के कारण ग्रामीण को और ठगी होने से बचा लिया गया। इसके बाद ग्रामीण द्वारा पुलिस से शिकायत करके कार्रवाई की मांग की गई। क्षेत्र के गांव आकाशी पंचायत के खारूमाटू निवासी स्व बिरसा उरांव का पुत्र महादेव उरांव ने बताया कि 2 मई को उसके मोबाइल पर 6204066168 से कुंदन कुमार नामक युवक द्वारा फोन कर लॉटरी मे गाड़ी,टीवी व नगद 50 हजार रुपया निकले की बात बताई गई। इसके लिए 14 हजार रुपया फोन पे मे डालने को कहा गया। महादेव को साइबर क्राइम कि जानकारी नही थी। और वह साइबार अपराधी के झांसे मे आकर तुरंत प्रज्ञा केंद्र से 14 हजार रुपया डलवा दिया। इसके बाद ठग द्वारा कागजात बनाने के लिए 2 हजार और 1250 अपने फोन पे मे डलवाने के बाद गाड़ी के कागजात बनवाने के एवज मे 16500 रुपया की मांग की गई। ग्रामीण महादेव अपना सारा जमा पैसा साइबार अपराधी को दे चुका था। किसी तरह उधारी लेकर महादेव प्रज्ञा केंद्र पैसा डलवाने पहुचा और इस बार प्रज्ञा केंद्र के संचालक की सूझ बुझ के कारण ग्रामीण को साइबार क्राइम मामले की जानकारी हुई। तब तक ग्रामीण 17 हजार रुपया का ठगी का शिकार हो चुका था। इधर भंडरा पुलिस मामले की जानकारी होने के बाद जाँच पड़ताल मे जुट गई है।

# दुर्घटना में मारे गये चार लोगों को मृत्यु प्रमाण पत्र उपलब्ध कराने का निर्देश

## गुमला में जन्म-मृत्यु निबंधन से संबंधित समीक्षा बैठक संपन्न

खबर मन्त्र संवाददाता

**गुमला।** उपायुक्त सुशांत गौरव को अध्यक्षता में गुरुवार को जन्म मृत्यु निबंधन से संबंधित बैठक का आयोजन किया गया। इसमें जन्म एवं मृत्यु के अनुपात में निर्गत किये गये प्रमाण पत्रों के संबंध में उपायुक्त ने समीक्षा की।

इस दौरान मंगलवार को डुमरी में हुए हादसे में 4 लोगों की मृत्यु के संबंध में भी चर्चा की गई। उपायुक्त ने मृतकों के परिवार जनों को अविलंब मृत्यु प्रमाण पत्र उपलब्ध कराने का निर्देश दिया, ताकि परिवार को सरकारी सहायता मिल सके। साथ ही जिले के अन्य क्षेत्रों में दुर्घटनाओं से हुए मृत्यु को देखते हुए उन्हें भी अविलंब मृत्यु प्रमाण पत्र उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। इसके अलावा उपायुक्त ने जिला समाज कल्याण विभाग, जेएसएलपीएस, स्वास्थ्य विभाग, प्रखंड एवं पंचायत स्तरीय अधिकारी एवं समितियों से समन्वय स्थापित करते हुए जन्म एवं मृत्यु प्रमाण पत्र के निबंधन हेतु सूची प्राप्त करते हुए अप टू डेट करते हुए प्रमाण पत्र निर्गत कराने का निर्देश दिया गया। उपायुक्त ने कड़े रूप से निर्देशित करते हुए कहा कि सभी निबंधन के विरुद्ध प्रमाण पत्र अविलंब उपलब्ध कराया जाए अन्यथा संबंधितों पर कार्रवाई की जाएगी। वहीं वर्ष भर में अच्छा कार्य करने वाले पंचायतों सेवकों व अन्य कर्मियों को पुरस्कृत करने का उपायुक्त ने निर्देश दिया। इसके अलावा अन्य कई विषयों पर चर्चा करते हुए उपायुक्त ने आवश्यक दिशा निर्देश दिया। बैठक में मुख्य रूप से जिला सांख्यिकी पदाधिकारी सहित संबंधित विभाग के कर्मी मौजूद थे।

## एक नजर में

### जनसेवकों ने किया उपायुक्त कार्यालय के समक्ष प्रदर्शन




**गुमला।** झारखंड राज्य जनसेवक संघ शाखा गुमला के सदस्यों ने गुरुवार को जनसेवकों का ग्रेड पे 24 सौ रुपये करने की मांग को लेकर कृषि पशुपालन व सहकारिता विभाग के सचिव के नाम का ज्ञापन उपायुक्त को सौंपा। मांग को लेकर जनसेवकों ने जुलूस निकालकर उपायुक्त कार्यालय के समक्ष प्रदर्शन किया। जनसेवकों का कहना था कि पूर्व से उनका ग्रेड पे 24 सौ रुपये थे। इसे घटाकर दो हजार कर दिया गया है, जो नियम संगत व तार्किक नहीं है। प्रदर्शन करने वालों में मुरारी प्रसाद सिन्हा, कुंवर राम मोची सहित कई लोग शामिल थे।

### आदिवासी महासभा ने किया भारत माला प्रोजेक्ट का विरोध



**गुमला।** अखिल भारतीय क्रांतिकारी आदिवासी महासभा ने पूर्व घोषित कार्यक्रम के अनुसार भारत माला परियोजना के तहत रायपुर धनबाद एक्सप्रेस वे निर्माण के विरोध में राष्ट्रपति व प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी तथा केन्द्रीय राजमार्ग एवं परिवहन मंत्री नीतिन गडकरी के नाम उपायुक्त को मांग पत्र सौंपा। ज्ञापन में कहा गया है कि हमें हमारे बेशकीमती जमीन से उजाड़ने के वजाय मौजूदा सड़कों का ही एक्सप्रेस वे के रूप में कायाकल्प किया जाये।

### सोसाइटी ने 17 मांगों को लेकर बीडीओ को सौंपा ज्ञापन



**कैरो।** प्रधानमंत्री 15 सूत्री कार्यक्रम को लेकर डॉ. ए. पी. जे. अब्दुल कलाम वेल्फेयर सोसाइटी कैरो के एक प्रतिनिधिमंडल सोसाइटी के अध्यक्ष जावेद अख्तर के अगुवाई में प्रखंड विकास पदाधिकारी (बीडीओ) कैरो से मिलकर 17 प्रस्तावों का मांगपत्र सौंपा। ज्ञापन में दिये गये मांगों में कैरो क्षेत्र के विकास को लेकर कैरो में सद्भावना मंडप का निर्माण, कैरो में पैरामेडिकल कॉलेज व पालीटेक्निक कॉलेज की स्थापना, स्वास्थ्य उपकेंद्र कैरो को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का दर्जा देने, स्वास्थ्य उपकेंद्र कैरो में प्रसूति रोग व शिशु रोग विशेषज्ञ स्थापित करने, कैरो में प्रतियोगिता परीक्षाओं की तैयारी हेतु रीमिडियल कोचिंग क्लास की स्थापना, मैट्रिक परीक्षा का केंद्र कैरो में बनाना आदि शामिल है। ज्ञापन सौंपने वालों में सोसाइटी के अध्यक्ष जावेद अख्तर, प्रवक्ता सह मीडिया प्रभारी इमरान खान आदि उपस्थित शामिल थे।

### तालाब में मिला अधेड़ व्यक्ति का शव

**सेन्हा (लोहरदगा)।** सेन्हा थाना क्षेत्र के बक्सीडीपा स्थित पवन एक्का के तालाब में अधेड़ व्यक्ति का शव मिलने पर गांव में मातम छा गया। घटना की सूचना सेन्हा थाना के प्रभारी थाना प्रभारी गणेश यादव को मिलते ही पुआनि शर्मा भगत एवं सआनि जमशेद खान दलबल के साथ घटना स्थल पहुंच शव को कब्जे में लेते हुए अग्रतर कारवाई में जुट गये। मृतक का पहचान बक्सीडीपा निवासी स्वर्गीय बैजू उरांव के 50 वर्षीय पुत्र रामप्रसाद उरांव के रूप में की गयी है।

### पदक विजेता छात्रों को किया गया सम्मानित



**भंडरा।** स्काई अप पब्लिक स्कूल के आठ छात्रों ने राज्यस्तरीय जूडो-कराटे प्रतियोगिता में गोल्ड रजत मेडल जीतकर कुम्हारिया सहित पूरे भंडरा प्रखंड का नाम रोशन किया है। राज्यस्तरीय जूडो-कराटे प्रतियोगिता का आयोजन लोहरदगा में हुआ था। इसमें स्काई अप पब्लिक स्कूल के 8 विद्यार्थियों ने भाग लिया था। आठवीं कक्षा से छात्रा किरण उरांव व आंनद उरांव ने गोल्ड मेडल जीता जबकि अंजलि कुमारी, साक्षी उरांव व लक्ष्य कुमार मोदी ने रजत पदक हासिल किया। वही नैना कुमारी,संजीत उरांव व अनुज कुमार साहू ने कांस्य पदक जीता। गुरुवार को विद्यालय मे कार्यक्रम आयोजित कर पदक विजेता सभी छात्रों को सम्मानित किया गया।

### फ्रस्ट्रेशन में की थी मासूम बच्ची की हत्या

**गुमला।** बसिया थाना क्षेत्र में चार वर्षीय मासूम बच्ची के हत्या के आरोपी बिम्बयारी गांव निवासी रवि सिंह को पुलिस ने गिरफ्तार कर गुरुवार को जेल भेज दिया है। हत्या का मुख्य कारण फ्रस्ट्रेशन बताया जा रहा है। इस संबंध में गुरुवार को बसिया थाना में प्रेस कांफ्रेंस करते हुए एसडीपीओ विकास आनंद लागुरी ने बताया कि बुधवार को बिम्बयारी निवासी रूकमनी देवी अपनी बच्ची को आंगनबाड़ी सेविका के घर खेलने के लिए छोड़ दी थी। हत्यारोपी रवि सिंह बच्ची को खेलते देखे फ्रस्ट्रेशन में आकर उसकी हत्या कर दी। गिरफ्तार रवि ने पूछताछ में बताया कि पिछले तीन साल से उसकी पत्नी आपसी झगडे के कारण बच्ची के साथ मायके में रह रही है। घर में बच्ची को खेलते देख व फ्रस्ट्रेशन में आ गया और बच्ची की चाकू से मारकर हत्या कर दी।

### दुकान लगाने को लेकर मारपीट, एक घायल

**गुमला।** मुर्गा दुकान लगाने को लेकर हुए मारपीट में गुमला थाना क्षेत्र के बसुआ गांव निवासी 24 वर्षीय इम्त्याज आलम घायल हो गया। उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

### जलसहियाओ ने निकाली स्वच्छता रैली



**घाघरा।** स्वच्छता पखवाड़ा के तहत घाघरा प्रखंड सह अंचल कार्यालय परिसर से जलसहियाओं ने गुरुवार को स्वच्छता रैली प्रखंड मुख्यालय में निकाला। स्वछता रैली का नेतृत्व बीडीओ विष्णु देव कच्छप ने की। रैली प्रखंड सह अंचल कार्यालय परिसर से शुरू होकर थाना चौक, चांदनी चौक होते हुए वापस प्रखंड कार्यालय परिसर पहुंचकर समाप्त हुआ। प्रखंड सह अंचल कार्यालय परिसर में स्वच्छता के प्रति बीडीओ ने सभी जलसहिया व ग्रामीणों को शपथ दिलवायी।

### स्वच्छता के लिए स्कूली बच्चों ने निकाली प्रभातफेरी

**डुमरी।** स्वच्छ भारत, स्वच्छ विद्यालय अभियान के तहत विद्यालयों के पोषक क्षेत्र में स्वस्थ्य स्वच्छता के प्रति समाज को जागरूक करने को लेकर राजकृत उच्च विद्यालय मझगांव के छात्र-छात्राओं द्वारा गांव में प्रभातफेरी निकाली गई जो स्कूल परिसर से प्रारंभ होकर मझगांव बस्ती में घूमी। प्रभातफेरी में स्कूली छात्र-छात्राओं सेविकाओं द्वारा कई नारे लगाये गये। प्रभात फेरी में सागर कुजूर, शशि संगीता कुमारी, अरविंद कुजुर, संदीप तिर्की आदि शिक्षक शिक्षिका एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

# शीला अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर में शपथ ग्रहण समारोह आयोजित


शपथ ग्रहण में मौजूद लोग।

खबर मन्त्र संवाददाता

**लोहरदगा।** शीला अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर के सभागार में बाल भारती, किशोर भारती एवं कन्या भारती के चयनित पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण कराया गया। कार्यक्रम का प्रारंभ आगत अतिथियों द्वारा पुष्पार्चन एवं दीप प्रज्वलन से हुआ। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष शशिधर लाल अग्रवाल, सचिव अजय प्रसाद एवं विद्यालय के प्रधानाचार्य बिपिन कुमार दास उपस्थित रहे। सर्वप्रथम बाल भारती किशोर भारती के सचिव आशुतोष कुमार पांडेय, सह सचिव आदित्य राज, सेनापति अंशु पांडेय, सहसेनापति आशीष कुमार, अनुशासन प्रमुख रवि कुमार गुप्ता, अनुशासन सह प्रमुख तेजस प्रतीक भगत को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई गई। तत्पश्चात कन्या भारती की सेनापति समृद्धि गुप्ता,सह सेनापति कशिश कुमारी, अनुशासन प्रमुख मीशू खेस एवं अनुशासन सह प्रमुख आदिति कुमारी को शपथ दिलाया गया। इसके बाद ध्वनि, जल, वाहन, घोष, खेल ,स्वच्छता, खोया पाया, बागवानी एवं चिकित्सा विभाग के प्रमुख एवं सह प्रमुख भैया /बहनों को शपथ दिलाकर उनके दायित्व का बोध कराया गया। मौके पर विद्यालय के अध्यक्ष शशिधर लाल अग्रवाल ने कहा कि इससे विद्यार्थियों में नेतृत्व क्षमता बढ़ती है। प्रधानाचार्य बिपिन कुमार दास ने कहा कि नेतृत्व क्षमता के विकास के लिए बाल संसद का गठन विद्या मंदिरों में किया जाता है।

# तीन करोड़ की राशि से बन रहे एफएसटीपी प्लांट का नप पदाधिकारी ने किया निरीक्षण

खबर मन्त्र संवाददाता


एफएसटीपी प्लांट का निरीक्षण करते नप पदाधिकारी।

**गुमला।** शहरी क्षेत्र अंतर्गत निमार्णाधीन एफएसटीपी प्लांट (फिकल स्लज ट्रीटमेंट प्लांट) का नगर परिषद के प्रशासक संजय कुमार ने अपनी टीम के साथ गुरुवार को निरीक्षण किया। लगभग तीन करोड़ से अधिक की लागत से बन रहे इस प्लांट का निर्माण कार्य लगभग अंतिम चरण में है। इस प्लांट के बनने के बाद शहर के मलबा निस्तारण की समस्या का निदान हो जाएगा।

संजय कुमार ने बताया कि वार्ड-2 दुन्दुरिया में 3.13 करोड़ रुपए की लागत से इस प्लांट के निर्माण का जिम्मा बैंगलोर की कंपनी मेसर्स टाइड टेक्नोक्रेट को मिला था। कुछ माह पूर्व कंपनी के द्वारा किये गये कार्य का औचक निरीक्षण के क्रम में निर्माण की गुणवत्ता में खामियां उजागर हुई थी। जिस पर नगर परिषद ने कड़ा रुख अपनाते हुए एजेंसी को कारण पृच्छा करते हुए विभाग को सूचित किया था। अब विसंगतियों को काफी हद तक दूर करा लिया गया है। निर्माण का काम लगभग 80-90 प्रतिशत पूर्ण हो गया है। एजेंसी को शीघ्र ही इस प्लांट को पूरा कर संचालनात्मक स्थिति में लाने का निर्देश दिया गया है। प्लांट बनने के बाद 5 वर्ष तक रखरखाव एवं संचालन का जिम्मा संबंधित एजेंसी का ही होगा। यह प्लांट न केवल घरेलू सेप्टिक टैंकों के स्लज को बल्कि शहर के अन्य सभी प्रकार के दूषित मलबे को ट्रीट कर सॉलिड और लिक्विड में अलग करता है। जिसके बाद बचे सॉलिड वेस्ट का इस्तेमाल खाद के रूप में किसान कर लेते हैं। जबकि बचे लिक्विड का इस्तेमाल सिंचाई के लिए किया जा सकता है। प्लांट पूरी तरह वैज्ञानिक आधार पर कई स्टेप में काम करता है। अलग-अलग स्टेप के लिए विभिन्न चेंबर होते हैं। इन चैंबरों का निर्माण कार्य लगभग पूरा हो चुका है।

निरीक्षण के दौरान नगर प्रबंधक हेलाल अहमद, एजेंसी के पदाधिकारी, नप के कनीय अभियंता एवं अन्य संबंधित कर्मचारी मौजूद थे।

# टीबी मुक्त गुमला की दिशा में बढ़ा कदम : शिशिर सिन्हा

## चैनपुर प्रखंड कार्यालय के सभागार में टीबी उन्मूलन कार्यक्रम का किया गया आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता



कार्यक्रम में शामिल बीडीओ, चिकित्सा प्रभारी व अन्य।

**चैनपुर।** चैनपुर प्रखंड कार्यालय के सभागार में पंचायती राज के तत्वावधान में टीबी उन्मूलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में टीबी मुक्त भारत बनाने को लेकर उपस्थित लोगों को रणधीर निधि ने जानकारी देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री ने वर्ष 2025 तक भारत को टीबी मुक्त करने का लक्ष्य निर्धारित किया है। उस लक्ष्य की प्राप्ति के लिए जिले को टीबी से मुक्त करने के लिए कई तरह के कार्यक्रम चलाये जा रहे हैं। वहीं, उन्होंने लोगों को इस कार्यक्रम में अपनी सहभागिता देने की भी बात कही।

बीडीओ डॉ शिशिर कुमार सिन्हा ने कहा कि गुमला जिला टीबी मुक्त होने की दिशा में कदम बढ़ा चुका है। टीबी उन्मूलन को लेकर रोगियों को गोद लेकर उन्हें पौष्टिक आहार प्रदान किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि यक्ष्मा बीमारी से बचने के लिए लोग जागरूक बनें। अगर टीबी बीमारी से ग्रस्त हैं, तो अपना इलाज करायें। साथ ही, टीबी की दवा का नियमित सेवन करें।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रखंड विकास पदाधिकारी डॉ शिशिर कुमार सिंह, चिकित्सा प्रभारी डॉ राजमोहन खलखो, चैनपुर मुखिया शोभा देवी, जनसेवक हीरा लाल साहू तथा कई एएनएम, सहिया आदि उपस्थित रहे।

# पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना के लिए आवेदन 10 मई तक

**लोहरदगा।** समेकित जनजाति विकास अभिकरण अंतर्गत पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना 2022-23 के लिए आवेदन की अंतिम तिथि 10 मई तक है। प्रवेशिकोत्तर पाठ्यक्रमों में अध्ययनरत अनुसूचित जाति, जनजाति एवं पिछड़ी जाति के छात्र-छात्राएं इसके लिए आवेदन कर सकते हैं। लोहरदगा जिले के पंजीकृत 21 शिक्षण संस्थानों में कुल 15335 छात्र-छात्राएं इस योजना का लाभ पाने के लिए योग्य हैं जिसमें से कुल 8702 छात्र-छात्राएं इआवेदन कर चुके हैं। वैसे अहर्ता प्राप्त छात्र-छात्राएं जो अब तक इस योजना के लिए अपना आवेदन समर्पित नहीं किये हैं वे अंतिम तिथि से पूर्व अपना आवेदन विभाग के वेबसाइट पर समर्पित कर दें।

## स्पीड न्यूज

### नि:शुल्क नेत्र जांच शिविर 7 को

**झुमरीतिलैया (कोडरमा)।** इनरव्हील क्लब व रोटरी क्लब की ओर से 7 मई को रोटरी भवन में नि:शुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिविर में मरीजों के नेत्रों की जांच डॉ. संगीता प्रसाद के द्वारा किया जाएगा। शिविर का आयोजन सुबह 10 से अपराह्न 2 बजे तक आयोजित की जाएगी। उक्त जानकारी इनरव्हील क्लब की अध्यक्ष मंजू कंधवे, सचिव नीलम महर्षि व प्रोजेक्ट डायरेक्टर अमित कुमार ने देते हुए शहर के जरूरतमंद पीड़ित महिला पुरुषों से अपील किया कि शिविर में जांच करवाने से पूर्व अपना रजिस्ट्रेशन करवा लें, ताकि सुगमता से आंखों की जांच की जा सके।

### झमाझम बारिश से सड़कें जलमग्न, गर्मी से मिली निजात

**मरकच्चो (कोडरमा)।** झमाझम बारिश से मरकच्चो की सड़कें जलमगन हो गईं, कई मोहल्लों में जल जमाव हो गया, बाजार की सड़कों पर भी जल जमाव देखने को मिला। उधर बच्चों व युवाओं ने बारिश का जमकर लुफ्त उठाया। बताते चलें कि दोपहर को आसमान में अचानक घने बादल छाए एवं 3 बजे से झमाझम बारिस शुरू हो गयी। जो आधे घण्टे तक बरसी और मौसम सुहावना हो गया।

### सवारी व टोटो के टक्कर में दो लोग घायल

सतगावां (कोडरमा)। थाना क्षेत्र के मर्चोई पंचायत के टोला गोनरडीह में रजाबर बासोडीह मुख्य पथ में गोनरडीह बजरंगबली पुल के पास टोटो और सवारी गाड़ी में टकर हुई। जिससे अनियंत्रित होकर सवारी गाड़ी पलटी मार दी एवं टोटो भी झाड़ी में गिरा। जिसमें चार वक्ति घायल हो गए। जिसमें 65 वर्षीय जाया देवी पति स्वर्गीय प्रयाग सिंह ग्राम बीसनीडीह, 25 वर्षीय रौशन कुमार पिता राजो सिंह ग्राम बीसनीडीह, 28 वर्षीय अमित साव पिता कार्तिक साव ग्राम बहादुरपुर बिहार, 28 वर्षीय सुजीत साव पिता शिवालक साव ग्राम बहदुरपुर बिहार निवासी घायल हो गये। सभी घायल लोगों को ग्रामीणों की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सतगावां लाया गया, जहां सभी को प्रभारी चिकत्सक पदाधिकारी डॉ. सत्यनययण भकत के द्वारा उपचार किया गया। वहीं जया देवी एवं रौशन कुमार की गंभीर स्थिति को देखते हुए सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। मिली जानकारी के अनुसार सवारी गाड़ी रजवार से बसोडिह आ रही थी, और टोटो बसोडीह से बिसानीडीह जा रही थी।

### कार्यशाला का आयोजन

**कोडरमा।** स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के तत्वावधान में जिले में 29 अप्रैल से 15 मई तक चलने वाले स्वच्छता पखवाड़ा को लेकर गुरुवार को चंदवारा, डोमचांच और कोडरमा प्रखण्ड मुख्यालय में प्रखण्ड स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। साथ ही सभी प्रखण्डों के विभिन्न ग्रामों में ग्राम स्तर पर जल संरक्षण, एकल प्लास्टिक का उपयोग नही करने, ठोस एवं तरल कचरा प्रबंधन, वृक्षारोपण आदि विषयों को लेकर जागरूकता रैली निकाल कर ग्रामीणों को इसके प्रति जागरूक किया गया और घर घर जाकर अपशिष्ट और एकल प्लास्टिक का संग्रहन, विभिन्न स्कूलों में श्रमदान के जरिये वृक्षारोपण व शपथ ग्रहण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

### पीकअप वाहन की चपेट में आने से ऑटो सवार युवती की मौत, एक घायल

**कोडरमा।** जिले के चंदवारा थाना क्षेत्र अंतर्गत उरवां मोड़ के समीप गुरुवार सुबह करीब पांच बजे एक ऑटो और डीजे लदे पिकअप वाहन के बीच हुई टक्कर में ऑटो सवार एक युवती की मौत व एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। मिली जानकारी के अनुसार ऑटो संख्या जेएच12के/4782 कोडरमा स्टेशन से सवारी लेकर बरही की ओर जा रही थी। इसी दौरान पीछे से आ रहे एक डीजे लदे पिकअप वाहन टक्कर मारकर फरार हो गया। जिनका इलाज निजी अस्पताल में किया जा रहा है। वहीं घटना के बाद चंदवारा थाना पुलिस शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। वहीं चिकित्सकों ने शव का पोस्टमार्टम कर परिजनों को सौंप दिया।

---

मांगों के समर्थन में जन सेवकों ने दिया समाहरणालय के समक्ष धरना, कृषि मंत्री के नाम डीसी को सौंपा ज्ञापन

# कर्मियों के साथ सौतेला व्यवहार कर रही है राज्य सरकार : शशि पांडेय

खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** जिले के जन सेवकों ने अपनी 9 सूत्री मांगों को लेकर झारखण्ड राज्य जन सेवक संघ के बैनर तले समाहरणालय के समक्ष एक दिवसीय धरना दिया। धरना की अध्यक्षता संघ के प्रमंडलीय अध्यक्ष दिलीप कुमार यादव और संचालन सचिव सतीश कुमार ने किया। वहीं धरना को सम्बोधित करते हुए प्रमंडलीय अध्यक्ष श्री यादव, जिलाध्यक्ष सत्यजीत हिमवान, फिरदौस आलम आदि वक्ताओं ने कहा कि राज्य सरकार और कृषि विभाग जन सेवकों के साथ सौतेला व्यवहार कर रही है, कहा की राज्य सरकार के सकारात्मक रुख के बावजूद भी अब तक जन सेवकों की वर्षों से लम्बित मांगों पर कृषि विभाग का रुख निराशाजनक है, जिससे सरकार के खिलाफ रोष है। मांगें पूरी नही होने पर हमलोग बाध्य होकर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाने को मजबूर होंगे। जिसकी पूरी जिम्मेवारी राज्य सरकार और षि विभाग की होगी। वहीं कर्मचारी संघ के महामंत्री शशि पांडेय ने कहा कि जनसेवकों की मांगें जायज है, उन्हें पूर्व की भांति तकनीकी पद मानते हुए जन सेवकों का ग्रेड पे 4200 किया जाय। संघ के जिलाध्यक्ष श्री हिमवान ने कहा की मांगों के समर्थन में दो और तीन मई को जिले के जनसेवकों ने काला बिल्ला लगाकर अपने दायित्वों का निर्वहन किया। वहीं 4 मई को जिला स्तर पर धरना प्रदर्शन का आयोजन किया गया, वहीं 6 मई को राजभवन के समक्ष धरना प्रदर्शन किया जाएगा, जिसमें राज्यभर के जन सेवक शामिल होंगे, 8 मई को जिला स्तर पर मशाल जुलूस निकाला जाएगा, इसके बाद भी सरकार हमारी मांगों को पूर्ण नही करती है तो बाध्य होकर राज्यभर के जन सेवक अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाने की तैयारी करेंगे। धरना के उपरांत 9 सूत्री मांग पत्र उपायुक्त को सौंपा गया।

मौके पर रवि रंजन, सनोज कुमार, अनिल कुमार यादव, सुनील कुमार, कपिलदेव यादव, प्रेम कुमार, पंकज कुमार, नूतन कुमारी, निर्मला एक्का, विकास रंजन आदि मौजूद थे।



## एसपी से चौक पर पुलिस बल तैनात करने की मांग



खबर मन्त्र संवाददाता

**जयनगर (कोडरमा)।** प्रखंड अंतर्गत झंडा चौक व पिपचो चौक में आए दिन रोज लगने वाले जाम से निजात दिलाने को लेकर पुलिस उपस्थिति सुनिश्चित करने की मांग को लेकर भाजपा किसान मोर्चा के कोषाध्यक्ष सुरेंद्र मोदी ने गुरुवार को एसपी कुमार गौरव को ज्ञापन सौंपा। उन्होंने बताया कि आए दिन जयनगर झंडा चौक, पिपचो चौक पर कोडरमा कोवाड़ मुख्य मार्ग में जाम लगता रहता है, जिससे एंबुलेंस, स्कूल बस तथा पथिकगण काफी परेशान रहते हैं। वही एसपी ने अविलंब सीओ, थाना प्रभारी व स्थानीय प्रतिनिधियों की बैठक बुलाने की बात कहीं ताकि सबके सहयोग से जाम से निजात का हला निकाला जा सके।

## हाथियों ने किया तोड़ फोड़, लोगो में दहशत

खबर मन्त्र संवाददाता



**मरकच्चो (कोडरमा)।** प्रखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत पपलो में बुधवार रात्रि हाथियों ने गांव के तीन अलग अलग घरों में घुसकर, विद्यालय का गेट तोड़फोड़ कर आलू खाया एवं आंगनबाड़ी का गेट तोड़कर आंगनबाड़ी में घुसकर जेठुवा फसल, बांस, कटहल, गेहूं आदि का नुकसान कर दिया। ज्ञात हो कि बुधवार को 10 बजे दिन में ग्रामीणों ने देखा की गांव के उत्तर जंगल में बडाकर नदी के किनारे हाथियों का झुंड है, इसके बाद रात्रि में करीब 8 बजे हाथियों का झुंड उत्क्रमित मध्य विद्यालय पपलो के पास पहुंचा, जहां स्कूल में तोड़फोड़ करने लगे, इसे देख अगल बगल के ग्रामीणों ने हाथी भगाने का प्रयास किया। मगर हाथी ग्रामीणों पर ही धावा बोल दिया। इस दौरान एक महिला का हाथ टूट गया। वहीं भगीरथ पासवान घायल हो गये। किसी तरह ग्रामीणों ने टीना बजा कर, लुक जलाकर, पटाका फोड कर हाथी को भगाया। वहीं प्रकाश यादव, रामसहाय यादव, संजय यादव, सहदेव यादव, बैजनाथ यादव का जेठूवा फसल बर्बाद कर दिया।

पुनः रात्रि लगभग 10:30 बजे हाथी पपलो के ऊपर टोला पहुंचे, जहां मसोमात शनिचरी देवी सपरिवार अपने घर में सो रही थी, जब हाथी उसके दरवाजा को धक्का देकर घुसने का प्रयास किया, तो हाथी देख शनिचरी देवी बेहोश हो गयी। वहीं अन्य के द्वारा हल्ला करने पर ग्रामीण एकत्रित हुए एवं पटाखा फोड कर, लुक जलाकर भगाया। वहीं पंचायत समिति सदस्य उपेंद्र यादव ने बताया कि वन विभाग की टीम रात्रि में हाथी भगाने के लिए फोन किया, मगर वन विभाग की टीम नहीं आई। ग्रामीणों में हाथियों से दहशत बना हुवा है। इसके पूर्व भी हाथियों ने कई बार उत्पात मचाया है। इससे ग्रामीणों में दहशत का माहौल है।

## सेक्रेड हार्ट स्कूल में पोस्टर मेकिंग कंपटीशन का आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** सेक्रेड हार्ट स्कूल में सीसीए कार्यक्रम के तहत इंटर हाउस पोस्टर मेकिंग कंपटीशन का आयोजन किया गया, जिसमें कुल 27 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। इसमें पावन हाउस की छात्रा रिशु कुमारी को प्रथम, आकाश हाउस की छात्रा ऋषिका कुमारी, पानी हाउस की छात्रा साक्षी राज को संयुक्त रूप से द्वितीय और धरती हाउस की छात्रा सौम्या कुमारी राम को तृतीय स्थान मिला। निर्णायक की भूमिका रजनी बाला, सुमित साव और अनमोल रतन ने निभाई। जबकि जूनियर वर्ग में कार्टून कैरेक्टर मेकिंग कंपटीशन हुआ। इसमें तेजस कुमार को प्रथम, तन्मय कुमार को द्वितीय और साक्षी रजक को तृतीय स्थान मिला। बच्चों ने पोस्टर मेकिंग और कार्टून करैक्टर बनाकर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। पूरे आयोजन को सफल बनाने में वर्ग 6 से 8 में कोऑर्डिनेटर सुभय कुमार, आशुतोष गौतम, संजय कुमार, मनोज सिंह, राहुल कुमार, जूनियर वर्ग में कुंतल जेठवा, लता सिन्हा, अलका सिंह, किशोर कुणाल, रूबी वर्मा, सपना शर्मा, रेणु सेठ, सरोज पांडेय, स्वाति कुमारी, प्रियंका सिंह, प्रियंका गुप्ता, दीक्षा सिंह, कामिनी सहाय और मरियम मैडम समेत अन्य शिक्षकों का योगदान रहा। विद्यालय के एकेडमिक डायरेक्टर प्रमोद कुमार शर्मा व प्राचार्य नवीन कुमार ने बच्चों की प्रतिभा को सराहा और कहा कि ऐसे प्रतियोगिताओं से बच्चों का थिंकिंग स्किल डेवलप होता है। इससे उनमें रचनात्मक कौशल का विकास होता है। उन्होंने सभी बच्चों को बधाई दी।



## शहर के कई प्रतिष्ठानों को किया गया सील

**झुमरीतिलैया (कोडरमा)।** नगर परिषद द्वारा लगातार लोगों को ट्रेड लाइसेंस को लेकर जागरूक किया जा रहा था। जिसके बावजूद भी कई ऐसे प्रतिष्ठान हैं जो बिना ट्रेड लाइसेंस के अपने व्यापार को संचालित कर रहे हैं। जिसे लेकर नप द्वारा गुरुवार को संयुक्त टीम गठित कर कई प्रतिष्ठानों को सील किया गया। सील किए गए प्रतिष्ठानों में टाटा मोटर्स, शगुन बैंक्विट हल, मोदी ट्रेडर्स, प्रतिक ऑटोमोबाइल्स महिंद्रा एवं ओम ट्रेडिंग है।

# नल जल योजना में बड़े पैमाने पर बरती जा रही अनियमितता

खबर मन्त्र संवाददाता

**कुंदा (चतरा)।** पीएचडी विभाग द्वारा जिले के अति उग्रवाद प्रभावित कुंदा प्रखंड में नल जल योजना के अधिष्ठापन में बड़े पैमाने पर अनियमितता बरती जा रही है। जिसे लेकर क्षेत्र के लोगों में नाराजगी है। ग्रामीणों का अरोप है कि संवेदक द्वारा सरकारी नियमावली से हटके पाइप को जमीन के अंदर 3 फीट गहरे गड्ढे खोदकर बिछाने के बजाय, कहीं-कहीं मजदूरों द्वारा महज आधे फीट गड्ढे में पाइप को बिछाकर आधा अधूरा कार्य किया जा रहा है। जिससे भविष्य में पाइप की क्षतिग्रस्त होने की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता। वहीं ग्रामीणों ने यह भी बताया की नल-जल योजना में कार्य कर रहे संवेदक से लेकर कर्मी सभी लूटने में पड़े हैं।

एक वायरल ऑडियो में से स्पष्ट होता है कि नल जल योजना में कार्य कर रहे मुंशी किस तरह से कम पैसे का लालच देकर पाइप को बेचने की बात कर रहा है। वहीं स्थानीय जनप्रतिनिधि भी कार्य में हो रहे लापरवाही को लेकर मुख दर्शक बनकर बने हैं। जिसके कारण संवेदक पूरी तरह बेखौफ होकर मनमानी कर रहा है। दबे जुबान से लोग यह भी बता रहे हैं कि स्थानीय जनप्रतिनिधियों के लिए भी परसेंटेज बंधा हुआ है। जिसके कारण प्रतिनिधि मौन धारण किए हुए। वहीं जब ग्रामीण विरोध करते हैं तब संवेदक के द्वारा विरोध किए गए स्थान में कार्य में थोड़ा सुधार लाया जाता है। लेकिन जैसे ही दूसरे स्थान में प्रवेश करते है अनियमितता की पुरानी स्थिति चालू हो जाती है। ग्रामीणों ने नल-जल योजना कार्य की जांच करने की मांग वरीय पदाधिकारियों से की है।

# आम नागरिकों को किसी भी हाल में पेयजल की समस्या न हो: डीसी



खबर मन्त्र संवाददाता

**चतरा।** समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में उपायुक्त अबु इमरान की अध्यक्षता में पेयजल एवं स्वक्षता प्रमंडल चतरा के कार्यों की समीक्षा बैठक की गई। बैठक में जिले भर के प्रखंड क्षेत्रों में पेयजलापूर्ति को सुचारू रूप से चलाने हेतु अधिष्ठापित चापानल,जल मीनार के वर्तमान स्थिति की जानकारी ली गई। उन्होंने पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल चतरा के कार्यपालक अभियंता को सभी प्रखंड के प्रखंड विकास पदाधिकारी के साथ समन्वय स्थापित कर मरम्मती कार्य करने हेतु क्षेत्र के मुखिया के साथ बैठक करने का निर्देश दिया। उपायुक्त के निदेशानुसार जिले के सभी मुखिया अब 15वें वित्त के टाईड फंड से पेयजल से संबंधित कार्य कर सकेंगे। सभी मुखिया अपने क्षेत्र के पंचायत भवन में चापाकल मरम्मती के लिए पाइप क्रय कर रखना सुनिश्चित करेंगे साथ ही इस संबंध में तकनीकी जानकारी वे पेयजल एवं स्वच्छता विभाग से प्राप्त कर सकते हैं। बैठक में उपायुक्त ने कहा मुखिया के साथ समन्वय स्थापित करते हुए खराब चापानल, जलमीनार का मरम्मती कार्य जल्द से जल्द कराएं। उक्त बैठक में पंचायती राज पदाधिकारी पूर्णिमा कुमारी, जिला आपूर्ति पदाधिकारी सलमान जफर खिजरी, सहकारिता पदाधिकारी नीलम कुमारी, नगर परिषद कार्यपालक पदाधिकारी अभय कुमार झा, पेयजल एवं स्वक्षता प्रमंडल चतरा कार्यपालक अभियंता अवीक अंबाला प्रखंड विकास पदाधिकारी समेत अन्य संबंधित उपस्थित थे।

## खाद्य वितरण में सुधार लाने का सख्त निर्देश

**चतरा।** समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में उपायुक्त अबु इमरान की अध्यक्षता में आपूर्ति विभाग की समीक्षात्मक बैठक आहूत की गई। बैठक में आपूर्ति कार्यालय द्वारा क्रियान्वित विभिन्न कार्य यथा राशन कार्ड वितरण, ईसीआरएमएस, एनएफएसए वितरण, यूआईडी सीडिंग,मुख्यमंत्री दाल भात योजना समेत अन्य योजनाओं और उनके अघतन स्थिति पर विस्तारपूर्वक समीक्षा की गई। बैठक में उपायुक्त ने एनएफएसए (राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम) के तहत अप्रैल और मई माह में जिले में किये गए खाद्य वितरण की जानकारी ली। चतरा, कुन्दा, इटखोरी, सिमरिया और लावालौंग समेत अन्य प्रखंड जिन्होंने लक्ष्य के अनुरूप काम न कर पाने पर नाराजगी जताते हुए खाद्य वितरण के कार्यों में सुधार लाने का सख्त निर्देश दिया। राशन कार्ड प्रबंधन प्रणाली के तहत प्रखंडवार किये गए कार्यों की जानकारी लेते हुए उन्होंने निर्देश दिया कि सभी लंबित आवेदनों का ससमय निष्पादन किया जाए। यूआईडी सीडिंग कार्य को लेकर उन्होंने अविलंब कार्य पूर्ण करने का निर्देश दिया तथा डिड्यूप्लिकेशन कार्य को लेकर उन्होंने हंटरगंज और सिमरिया में लक्ष्य के अनुरूप कार्य पूर्ण करने का निर्देश दिया। बैठक में मुख्यमंत्री दाल भात योजना के तहत जलछाजन और बस अड्डा स्तिथ दाल भात केंद्र समेत जिले के अन्य दाल भात केंद्रों द्वारा किए जा रहे कार्यों कि जानकारी लेते हुए उन्होंने आवश्यक दिशा निर्देश दिए। साथ ही 10 से अधिक सदस्य वाले राशन कार्डधारियों का सत्यापन संबंधित पदाधिकारियों के माध्यम से कराने का निदेश दिया गया ताकि जिन सदस्यों की मृत्यु हो गई हो वैसे सदस्यों का नाम संबंधित राशन कार्ड से हटाया जा सके। सभी पी.वी.टी.जी परिवारों को प्रति माह समय पर खाद्यान्न का पैकेट उपलब्ध हो इसे सुनिश्चित करने का निदेश दिया गया। मौके पर जिला आपूर्ति पदाधिकारी सलमान जफर खिजरी, संबंधित प्रखंड़ो के प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी सहित सभी अन्य संबंधित मौजूद थे।



---

एक नजर में

## संघर्ष के बीच नेत्रहीन सोमेश ने लिखी सफलता की कहानी, बना इनकम टैक्स ऑफिसर



खबर मन्त्र संवाददाता

**चतरा।** मंजिल उन्हीं को मिलती है, जिनके सपनों में जान होती है, पंख से कुछ नहीं होता, हौसलों से उड़ान होती है। जी हाँ, आज हम बात करेंगे एक शख्स की जिन्होने अपने हौसले के बदौलत दृष्टिहीन होने के बावजूद भी अपने सपने को साकार करके समाज के लिए एक मिशाल पेश किया है। हम बात कर रहे हैं चतरा जिले के टंडवा के सिसई गांव के सोमेश की जो की दृष्टिहीन होने के बावजूद भी एसएससी की परीक्षा पास कर इनकम टैक्स में जॉब पाया है। मोबाइल पर तेजी से चलती उंगलियां और फरार्टेदार शब्दों में जवाब, जिसे देखकर कोई भी नहीं कहेगा कि सोमेश पांडे नेत्रहीन हैं। ये उनकी प्रतिभा ही है, जिसकी चमक एसएससी से लेकर इनकम टैक्स डिपार्टमेंट तक पहुंची और सोमेश ने ना सिर्फ एसएससी की परीक्षा को पास किया, बल्कि इनकम टैक्स डिपार्टमेंट मे जॉब भी पाया। सोमेश तीन भाईयों मे सबसे छोटे हैं. बड़े भाई प्रवेश पांडे मेहनत मजदूरी कर घर परिवार चलाते हैं, तो वहीं मंझले भाई सुदन पांडे हाथ से दिव्यांग हैं, तो सोमेश आंखों से सोमेश बचपन से ही नेत्रहीन हैं, लेकिन हौसलो के नहीं। लिहाजा दसवीं के परीक्षा पास करने बाद पिता की मृत्यु हो गई और फिर दो वर्षों बाद मां भी छोड़कर चली गई। माता-पिता के असमय चले जाने से सोमेश टूट गये। तब ऐसा हुआ कि सोमेश सहित घर वालों को लगा कि अब वे कुछ नहीं कर पायेंगे, लेकिन उन्होंने हार नहीं मानी। सोमेश दिल्ली यूनिवर्सिटी से ब्रेन लिपी के जरिए हिस्ट्री ऑनर्स लिया और वर्तमान में पढ़ाई कर रहे हैं। इसी दौरान सोमेश ने एसएससी का परीक्षा दिया, जिसमें वे सफल हुए और उनका चयन इनकम टैक्स डिपार्टमेंट में हुआ है। सोमेश कहते हैं कि उनका लक्ष्य एसएससी नहीं है, बल्कि उनका लक्ष्य यूपीएससी है। जिस यूपीएससी की परीक्षा को पास कर वे आईएएस अधिकारी बनना चाहते हैं। बहरहाल, सोमेश उन युवाओं के लिए मिसाल हैं, जो शारिरिक कमजोरी को अभिशाप मानकर खुद से हार बैठते हैं। अगर मन में लगन हो, दिल में जोश और दिमाग में सही रास्ते पर चलने का क्लियर रूट हो तो सफलता जरूर मिलती है। सोमेश भी कहते हैं कि मंजिल चाहे कितनी भी ऊंची क्यों ना हो, लेकिन उसके रास्ते हमेशा पैरों के नीचे होते हैं।

## टेंपो पलटने से उसके नीचे दबकर बच्चे की मौत, पांच घायल

खबर मन्त्र संवाददाता



**भवनाथपुर।** भवनाथपुर-केतार मुख्य मार्ग पर सिंघीताली गांव के हरिचन मोड़ के समीप गुरुवार को एक तेज रफ्तार टेम्पो पलटने से उसके नीचे दबकर एक मासूम की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। जबकि उस पर सवार चार महिला और एक पुरुष घायल हो गए। सभी घायलों को स्थानीय लोगों और पुलिस के सहयोग से भवनाथपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। जहां पर डॉक्टर अभिनीत विश्वास और प्रियंका कुमारी ने प्राथमिक इलाज किया। मृतक श्री बंशीधर नगर थाना क्षेत्र के पाल्हे गांव निवासी आशीष राम का आठ वर्षीय पुत्र शुभम कुमार बताया जा रहा है। घायलों में केतार थाना क्षेत्र के बीजडीह गांव निवासी श्रीधन राम, सोनी देवी पति कृपाशंकर पासवान, श्री बंशीधर नगर के पाल्हे निवासी फूलमनी कुंवर 65 वर्ष, ललिता देवी पति अनिरुद्ध राम, एवं श्री बंशीधर नगर के बारोडिह निवासी के सुगिया देवी पति राजेश राम का नाम शामिल है। घटना की सुचना मिलते ही थाना प्रभारी रामेश्वर उपाध्याय ने घटनास्थल पर पहुंचकर सभी घायलों को अस्पताल पहुंचाने में मदद किया और टेम्पु को जप्त कर थाना लाया। जानकारी के अनुसार सभी लोग केतार थाना क्षेत्र से शादी समारोह से लौट रहे थे।

## एएसडी प्ले स्कूल का ऐप लॉन्च, अभिभावक देख पाएंगे बच्चों के क्लास वर्क व होमवर्क



ऐप लॉन्चिंग के मौके पर उपस्थित अभिभावक

खबर मन्त्र संवाददाता

**गढ़वा।** शहर के सहिजना स्थित एएसडी प्ले स्कूल में कार्यक्रम आयोजित कर विद्यालय के ऐप का लॉन्च किया गया। इस अवसर पर काफी संख्या में अभिभावक उपस्थित थे। बैठक के दौरान अभिभावक को विद्यालय के ऐप से संबंधित जानकारी दी गई। मौके पर विद्यालय के निदेशक डॉ आदित्य आरूनी ने कहा कि एसडी प्ले स्कूल अपना ऐप लॉन्च किया है। इसे अभिभावक सीधे प्ले स्टोर से डाउनलोड कर यूजरनेम व पासवर्ड का इस्तेमाल कर विद्यालय की सभी गतिविधियों से अवगत हो सकते हैं। यह ऐप बच्चों की शिक्षा व विद्यालय की गतिविधि को बेहतर करने में मील का पत्थर साबित होगा। अभिभावक प्रियरंजन सिन्हा ने कहा कि संभवत यह पहला विद्यालय है जिसने आधुनिक तकनीक वाला यह ऐप लॉन्च किया है। इस ऐप के माध्यम से बच्चों के साथ साथ अभिभावक भी सीधे तौर से विद्यालय प्रबंधन व शिक्षकों से जुड़ पाएंगे। इतना ही नहीं अभिभावकों की एंट्री सीधे बच्चों के क्लास रूम तक हो जाएगी। यह अपने आप में एक उत्कृष्ट कार्य है।

**ऐप की क्या है खासियत :** एएसडी प्ले स्कूल नाम के इस ऐप की सबसे बड़ी खासियत है कि अभिभावक सीधे तौर से ऐप के माध्यम से विद्यालय से जुड़ जायेंगे। प्रतिदिन बच्चों के क्लास वर्क व होमवर्क वे इस ऐप के माध्यम से देख पाएंगे। जरूरत पड़ने पर सीधे इस ऐप के माध्यम से विद्यालय के शिक्षक से संपर्क कर सकते हैं। जहां शिक्षक उनकी जिज्ञासा को शांत कर सकते हैं। अभिभावकों को अपने बच्चों के विद्यालय आने की सूचना व विद्यालय से घर वापसी की सूचना प्रतिदिन मोबाइल पर मिलती रहेगी। बच्चों के फी भरने के लिए अभिभावकों को लाइन में लगने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी, ना ही उन्हें विद्यालय जाने की आवश्यकता पड़ेगी। मौके पर शिक्षिका ज्योति दुबे, प्रिया पाठक, मानसी कुमारी, नेहा कुमारी, नेहा पाल, सीमा कुमारी, काजल कुमारी, अदिति कुमारी, साक्षी आर्य सहित काफी संख्या में अभिभावक उपस्थित थे।

## स्पीड न्यूज

### बालूमाथ : कीटनाशक दवा खाकर आत्महत्या का प्रयास

**बालूमाथ।** बालूमाथ थाना क्षेत्र के धाधु ग्राम में गुरुवार को मोहम्मद अनवर की पुत्री मुस्कान परवीन 17 वर्ष ने कीटनाशक दवा खा कर आत्महत्या का प्रयास किया है। परिजनों द्वारा अचेत अवस्था में मुस्कान परवीन को बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां चिकित्सकों द्वारा प्राथमिक इलाज की गई। बताया जाता है कि किसी बात को लेकर पिता द्वारा अपनी पुत्री को डाटा था और गुस्से में आकर मुस्कान परवीन ने घर में रखे कीटनाशक दवा खा लिया।

### चंदवा प्रखंड उपप्रमुख ने डीसी को सौंपा ज्ञापन, डीएमएफटी मद से योजना संचालित करने की मांग की

**चंदवा।** चंदवा प्रखंड उपप्रमुख आश्विनी कुमार मिश्रा ने मंगलवार को उपायुक्त भोर सिंह यादव को ज्ञापन सौप डीएमएफटी मद से चंदवा प्रखंड के अति महत्वपूर्ण योजनाओ को कराने का अनुरोध किया। ज्ञापन में कहा है कि प्रखंड अंतर्गत विभिन्न पंचायतो में कुछ महत्वपूर्ण योजनाएं कराने की जरूरत है। इसी के निमित उपप्रमुख ने विभिन्न पंचायतो के महत्वपूर्ण योजनाओ से संबंधित सूची सौपी है। उन्होंने आग्रह करते हुए कहा है कि डीएमएफटी मद से सारी योजनाओ को कराने का कार्य करे ताकि ग्रामीणों को इसका लाभ मिल सके। योजनाओं को लेकर सौंपी गयी सूची में कृषि फार्म में सामुदायिक भवन निर्माण, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में गार्डन व कैंटीन का निर्माण, मुख्य खेल मैदान में स्टेडियम का निर्माण समेत कई पंचायतो के महत्वपूर्ण योजनाएं शामिल है।

### अवैध कोयला लोड पिकअप को वन विभाग ने पकड़ा


जब्त पिकअप वैन।

**चंदवा।** वन क्षेत्र पदाधिकारी राकेश कुमार को मिली गुप्त सूचना के आधार पर बुधवार की रात्रि अभियान पर निकली चंदवा वन विभाग की टीम ने सिरम भगिया वन क्षेत्र से अवैध कोयला लोड एक पिकअप वैन जेएच 01 पी/1314 को पकड़ने में सफल रही। पिकअप में लगभग 3 टन कोयला लोड बताई जा रही है। हालांकि वाहन चला रहा चालक व कोयला तस्कर वन विभाग की टीम को देखते ही वाहन छोड़कर भागने में सफल रहे। जिसके बाद वाहन को जब्त कर वन विभाग की टीम वन विभाग कार्यालय ले आई है। रेंजर राकेश कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि बड़े पैमाने पर अवैध कोयला का तस्करी उक्त वन क्षेत्र होते की जा रही है, इसी आलोक में टीम गठित कर कार्रवाई की गई, जिसमें उक्त सफलता मिली। इधर मामले में वन विभाग की टीम अग्रसर कार्रवाई में जुटी थी। अभियान में रेंजर के अलावे वन पाल, वन रक्षी शामिल थे।

### लंबित पीएम आवास के निमार्ण मामले में बीडीओ हुए रेस


पीएम आवास की जांच करते बीडीओ राकेश सहाय।

➲ पहला राशि लेकर काम चालू नहीं करने वालों पर होगी कार्रवाई

**बेतला।** बरवाडीह प्रखंड विकास पदाधिकारी राकेश सहाय ने बरवाडीह प्रखंड क्षेत्र के वैसे लाभुक जो प्रधानमंत्री आवास योजना के पहली किस्त की राशि लेकर काम चालू नहीं किए हैं उन्हें कड़ी शब्दों में हिदायत दिया गया। उन्हें निर्देश दिया की किसी भी स्थिति में 31 मई तक पूर्ण करें अन्यथा उनके खिलाफ सरकारी राशि की दुरुपयोग करने के मामले में कानूनी कार्रवाई करते हुए उनके विरुद्ध एफ आई आर दर्ज कराई जाएगी। गुरुवार को प्रखंड क्षेत्र के ग्राम पंचायत अंतर्गत कई लाभुकों द्वारा कुटमु पोखरी खुर्द में कई लंबित आवास की जांच किए, उन्हें निर्देश दिया ताकि प्रधानमंत्री आवास योजना की गति में तेजी लाया जा सके। मौके पर प्रधानमंत्री आवास योजना के प्रखंड कोऑर्डिनेटर दीपक कुमार, आवास मित्र उमेश कुमार समेत कई लोग मौजूद थे।

## उपायुक्त के निर्देश पर जिले कैटगरी (1) के 77 बालूघाटों से बालू का उठाव होगा

# जिला खनन पदाधिकारी ने दिशा निर्देश की दी जानकारी

खबर मन्त्र संवाददाता

**लातेहार।** उपायुक्त के द्वारा जिले के कैटगरी वन 77 बालूघाटों से बालू उठाव को लेकर निर्देश जारी किया गया है। उपायुक्त के निर्देश के पश्चात जिला खनन पदाधिकारी आनंद कुमार ने बालू उठाव को लेकर दिशा निर्देश की जानकारी देते हुए बताया कि उपायुक्त के द्वारा जिले में 77 बालूघाट से बालू उठाव की अनुमति प्राप्त हुई है। सभी बालू घाटों पर निर्धारित नियम के तहत ही बालूघाटों से बालू उठाव करने की बात कही है। जिला खनन पदाधिकारी ने बताया कि जिले भर में कुल 77 बालूघाट से कैंटगरी वन बालू का उठाव किया जाएगा। बालू उठाव को लेकर पचायतस्तर पर आठ सदस्यी टीम गठित की गयी है। जो बालू उठाव का संचालन करेंगी। वहीं बालू उठाव के लिए बनायी गयी समिति की निगरानी प्रखंडस्तरीय द्वारा किया जाएगा। बताया कि बालू घाटों से उठाऐं गए बालू का उपयोग निजी, गैर व्यवसायिक, सामुदायिक उदेश्य एवं सरकार द्वारा प्रायोजित कल्याणकारी योजनाओं के लिए ही होगा एवं बालूघाटों से बालू का उठाव सिर्फ ट्रैक्टर के माध्यम से किया जाएगा। किसी भी कीमत पर मशीन का उपयोग नहीं होगा। उन्होंने स्पष्ट कहा कि बालू उठाव कर उसका भंडारण किसी अन्य स्थान पर नहीं कर सकते है। उन्होंने बताया कि बालूघाटों से उठायें गए बालू का स्वामिस्व कर से मुक्त रहेगा एवं बालूघाटों में पहुंच पथ, प्रबंधन, पर्यवेक्षण इत्यादी के लिए सरकार द्वारा निर्धारित संधारण राशि ग्राम पंचायत, स्थानीय शासन द्वारा लिया जाएगा जो एक सौ रुपए प्रति 100 घनफुट होगा। बालू का उठाव किसी भी कीमत पर नदी में बने पुल-पुलिया के 2500 से 500 परिधी समीप से नहीं किया जाएगा एवं मानसून काल में बालू उठाव वर्जित रहेगा। जिला खनन पदाधिकारी के द्वारा बताया गया कि पंचायत स्तर समिति अपने कैटेंगरी वन बालू घाट पर एक नामपट या सूचना पट लगवाएगी। जिसमें बालू घाट का नाम, अंचल, मौजा, खाता, प्लांट एवं रकवा समेत ग्राम पंचायत समिति के अध्यक्ष एवं अन्य सदस्यों का नाम मोबाईल नंबर, अबतक कुल निश्काशित खनिजो का आयतन एवं पर्वेक्षण पदाधिकारी का नाम एवं मोबाईल नंबर लिखवाना अनिवार्य होगा। उन्होंने कहा है कि बालू घाटों पर उपायुक्त द्वारा जारी आवश्यक निर्देश के आलोक में सुनिश्चित कराया जाएगा और इसकी जिम्मेवारी प्रखंड स्तरीय एवं पंचायत स्तरीय समिति की होगी।

### आठ सदस्यीय समिति बालूघाटो से करेगा संचालन



जिले के कैंटगरी वन बालूघाटों से बालू उठाव का संचालन पंचायतस्तर पर मुखिया की अध्यक्षता में गठित आठ सदस्यी टीम करेंगी। समिति में मुखिया, उप मुखिया, पंचायत सचिव समेत पांच सदस्यी टीम शामिल किए गए है। अंचलाधिकारी, प्रखंड पंचायत राज पदाधिकारी एवं अंचल निरीक्षक बालूघाट से बालू उठाव की करेंगे निगरानी, जिले के कुल 77 बालूघाटों से बालू उठाव की निगरानी प्रखंडस्तरीय टीम के द्वारा किया जाएगा। नियम के तहत बालू का उठाव हो इसकी संपूर्ण जिम्मेवारी प्रखंडस्तरीय टीम पर रहेगी। प्रखंडस्तरीय टीम में प्रखंड के अंचलाधिकारी, प्रखंड पंचायत राज पदाधिकारी एवं अंचल निरीक्षक शामिल है।

### लातेहार जिले में इन बालूघाटों से होगा बालू का उठाव

लातेहार जिले में कुल 77 बालू घाटों से बालू का उठाव आरंभ किया जाएगा। जिसमें चंदवा प्रखंड के 10, बालूमाथ 4, गारू 2, बरवाडीह 9, महुआडांड़ 5, मनिका 30, लातेहार 10, बारियातू 3 एवं हेरहंज 4, वहीं चंदवा प्रखंड में दामोदर नदी, डुमारो, औरंगा नदी, आन, दामोदर नदी, दामोदर नदी, दामोदर, दामोदर, देवनदिया घाट, स्वर्णरेखा, किता, स्वर्ण रेखा, किता, दामोदर, माल्हन,स्वर्ण रेखा, किता चंदवा, बालूमाथ प्रखंड में दामोदर, केरी घाट, बालूमाथ, दामोदर, बलबल, दामोदर मारंगलोइया, दामोदर, सीरम, बालूमाथ, गारू प्रखंड में उतर कोयल, रूद, गारू, उतर कोयल, समोध टोला, गारू, बरवाडीह प्रखंड में उतर कोयल, कंचनपुर, बरवाडीह, औरंगा, पोखरीखुर्द, बरवाडीह, उतर कोयल, छेछा, बरवाडीह, उतर कोयल, करकटिया टोला, बरवाडीह, उतर कोयल, खुरा, बरवाडीह, फल्गु, मंगरा, बरवाडीह, कनगसाबटी, लंका, बरवाडीह, औरंगा, चुंगरू, खरखाई, भूरीखार, बरवाडीह, महुआडांड़ प्रखंड में उतरी कोयल, सेमरबुढ़नी, महुआडांड़, उतरी कोयल, अक्सी, महुआडाड़, उतरी कोयल, लोध, महुआडाड़, उतरी कोयल, सरनाडीह, महुआडांड़, उतरी कोयल, सेमरबुढ़नी, **मनिका प्रखंड में** औरंगा नदी घाट, कोपे, मनिका, औरंगा, रांकीकला, औरंगा, दुंदू, औरंगा, दुंदू, औरंगा, कोपे, औरंगा, जमुना, औरंगा, जमुना, औरंगा, जमुना, औरंगा, जमुना, औरंगा, नंदबेलवा, औरंगा, नंदबेलवा, औरंगा, नंदबेलवा, औरंगा, देवबार, उतरी कोयल, रांकीकला, उसरी, डासहीह, औरंगा, लंका, औरंगा, भटको, औरंगा, दुंदू, औरंगा, दुंदू, औरंगा, दुंदू, औरंगा, जमुना, औरंगा, जमुना, औरंगा, नंदबेलवा, औरंगा, नंदबेलवा, उसतरी, दासडीह, औरंगा, देवबार, औरंगा, रांकीकला, औरंगा, रांकीकला, उतरीकोयल, जेरूआ, मनिका, लातेहार प्रखंड में औरंगा, जालीमखुर्द, औरंगा, डुमरियाटांड़, औरंगा, होटवाग, औरंगा, होटवाग, औरंगा, परसही, दामोदर, भुसूर, औरंगा, डुरूआ, बारियातू प्रखंड में औरंगा, बटहेट, औरंगा, गरगोमा, स्वर्णरेखा, बारियातू, हेरहंग प्रखंड में औरंगा, हुर, औरंगा, हेरहंज, औरंगा, कंटाग, औरंगा, हेरहंज का नाम शामिल है।

# प्रशासन की मौजूदगी में हुआ दंपति का अंतिम संस्कार

### घटना के बाद परिवारों में दिख रहा खौफ, प्रशासन के प्रयास के बाद गांव लौटा मृतक का बेटा

खबर मन्त्र संवाददाता

**चंदवा।** थाना क्षेत्र के उग्रवाद प्रभावित लाधुप पंचायत के हेसला गांव में मंगलवार की रात्रि अंधविश्वास में भीड़ तंत्र के हिंसा के शिकार हुए वृद्ध दम्पति शिबल गंझू व बवनी देवी का शव गुरुवार की सुबह हेसला गांव पहुंचा, जहां मृतक दंपति के पुत्र बिजेश्वर उर्फ पप्पू गंझू के दूसरे प्रदेश से वापस लौटने के बाद पुनि सह थाना प्रभारी अमित कुमार गुप्ता, मुखिया विफई मुंडा, पंसस बुधन गंझू की मौजूदगी में गांव के ही सुकलकट्टा सुखलाही नदी स्थित सरहरी घाट मुक्तिधाम में शिबल दम्पति का अन्तिम संस्कार कर दिया गया। इस दौरान प्रशासन ने ग्रामीणों से शांति बनाए रखने व अंधविश्वास से दूर रहने की अपील भी की। बता दें कि ओझा गुनी के शक में वृद्ध दंपत्ति शिबल गंझू व बवनी देवी की भीड़ के द्वारा निर्मम हत्या कर दिए जाने व बीच बचाव में आई पुत्रवधू बसंती देवी के साथ बुरी तरह से मारपीट करने की घटना के बाद दूसरे प्रदेश काम करने गया मृतक का पुत्र बिदेश्वर उर्फ पप्पू डर से गांव आने को भी तैयार नही था, साथ ही परिजन व ग्रामीण शव तक को लेने से इंकार कर रहे थे, जिन्हें समझाने में प्रशासन को काफी दिक्कत उठानी पड़ी। हालांकि पुनि सह थाना प्रभारी अमित कुमार गुप्ता के काफी समझाने के बाद मृतक का पुत्र वापस आया व परिजन शव को अंतिम संस्कार के लिए ले जाने को तैयार हुए। इधर घटना के बाद से गांव में मातमी सन्नाटा देखने को मिल रहा है, अंधविश्वास ने एक झटके में कई परिवार को बिखेर कर रख दिया है। वृद्ध दंपति की हत्या के बाद गांव के दर्जन भर लोगो के जेल जाने के बाद गांव में वीरानगी देखी जा रही है।


अंतिम संस्कार कराते लोग।

## एक नजर में

### मां गंगोत्री बोरवेल दुकान का हुआ उद्घाटन


उद्घाटन करते लोग।

**बालूमाथ।** मां गंगोत्री बोरवेल सेनेटरी एंड इलेक्ट्रिकल नामक दुकान का उद्घाटन बालूमाथ समाजसेवी बालेश्वर साव, सुरेश सिंह और मुखिया नरेश लोहरा ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। मौके पर बोलते हुए समाजसेवी बालेश्वर साव ने कहा के पानी वायरिंग, बोरिंग कार्य का दुकान एक ही छत के नीचे खुल जाने से अब ग्राहकों को सुविधा होगी। बालूमाथ में इस तरह का दुकान खुलने से स्थानीय लोगों को लाभ होगा। वही मौके पर जानकारी देते हुए संचालक मनोहर गुप्ता ने बताया की दुकान में चापानल, मोटर, पानी वायरिंग, पानी टैंकर सहित कई समान उपलब्ध है। साथ ही बताया कि 8,6,5,4 साइज का हीरा बोरिंग के लिए भी ग्राहक दुकान में संपर्क कर सकते है। उन्होंने कहा कि उचित मूल्य पर पारी वायरिंग सहित बोरिंग की सुविधा उपलब्ध है। मौके पर प्रेम गुप्ता, अरुण साव, दर्शन तिवारी, प्रदीप सिंह,आशीष ओझा, ज्ञानी पांडे, अरविंद साहनी जगरनाथ यादव,अर्जुन कुमार,दिवाकर साव,विजय कुमार,राजेंद्र साव हरकु साव सहित कई लोग उपस्थित रहे।

### इटके में शाहिन ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन द्वारा इंजीनियरिंग व डॉक्टर की पढाई के लिए नामांकन जारी

**बारियातू।** प्रखंड के इटके ग्राम स्थित जामिया परिसर में बेहतर शिक्षा के लिए शाहिन ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन का शुभारंभ किया गया है। इंसट्यूशन मे सेशन 2023-24 में इंजिनियरिंग व मेडिकल की शिक्षा के लिए नामांकन प्रारम्भ कर दी गई है। जानकारी देते हुए शाहिन ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन के सेंटर इंचार्ज अबुहंजला ने बताया कि इस इंस्टीट्यूशन में सौ अभ्यर्थियों का नामांकन किया जाना है। वैसे अभ्यार्थी जो हाफिज व आलिम की शिक्षा पूर्ण कर लिया हो उम्र 18 से 22 वर्ष तक हो वैसे अभ्यर्थियों को मेडिकल व इंजीनियर की पुरी शिक्षा पूर्ण कराई जाएगी। इच्छुक अभ्यर्थी 12 मई तक नामांकन के लिए ऑफ लाईन या ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। विशेष जानकारी के लिए टॉल फ्री नम्बर 18001216235 या मोबाइल नंबर 9739208857, 9044689072 पर व्हाट्सएप या कॉल कर विशेष जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

### स्वच्छ भारत मिशन के तहत चलाया सफाई अभियान


टोटी पंचायत क्षेत्र मे सफाई अभियान चलाते।

**बारियातू।** प्रखंड के टोंटी पंचायत अंतर्गत इटके मध्य विद्यालय सहित कई गांव-टोले मे स्वच्छ भारत मिशन कार्यक्रम के तहत साफ-सफाई अभियान चलाया गया। मुखिया शांति देवी, पंसस मो होजैफा, उप मुखिया जितेंद्र उरांव, सहित शिक्षक व स्कुली बच्चों व ग्रामीणों ने स्कुल के बाहर पड़े गंदगी को झाड़ु और कुदाल से सफाई की। उक्त संबंध मे मुखिया व पंसस ने बताया कि अपने आसपास में सफाई रखने से हमें विभिन्न तरह के रोगों से मुक्ति मिलता है। सफाई से आसपास में किसी भी तरह का रोग उत्पन्न नहीं होता है। साथ ही कहा कि स्वच्छता की शुरूआत अपने आसपास से करें तभी पूरा स्वच्छ करना संभव है। सफाई अभियान स्कुल प्रांगण से प्रारंभ होकर रैडाही, जतराटांड, बडकाटोला होते कई गांव टोला, मोहल्ला में अभियान चलाकर कर सड़क किनारे फैला कचरा को साफ किया। इससे पुर्व मुखिया, पंसस, उप मुखिया, शिक्षक सहित स्कुल के सभी छात्र-छात्राओं ने स्वच्छता का शपथ लिया। मौके पर प्रधानाध्यापक प्रेम जिवन धर लकड़ा, शिक्षक राजदेव उरांव, मो. साजिद, ग्रामीण मो. ओबैदुल्लाह, मनोज उरांव के अलावा कई ग्रामीण मौजुद थे।

# लाइफलाइन एक्सप्रेस की सुविधा को लेकर वीडियो कांफ्रेंसिंग से डीसी ने की बैठक

➲ जिले में 15 मई से 04 जून तक लाइफ लाइन एक्सप्रेस ट्रेन के तहत निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का किया जाएगा आयोजन

➲ लाइफ लाइन एक्सप्रेस ट्रेन के माध्यम से नेत्र, कान, दांत के रोगियों, कटे-फटे होठ वाले मरीजों का किया जाएगा उपचार

खबर मन्त्र संवाददाता

**लातेहार।** लातेहार जिला अंतर्गत लाइफलाइन एक्सप्रेस ट्रेन के तहत निःशुल्क चिकित्सा सुविधा के सफल क्रियान्वयन को लेकर वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से उपायुक्त भोर सिंह यादव की अध्यक्षता में बैठक आहूत की गई। बैठक में उपायुक्त द्वारा जानकारी देते हुए बताया गया कि जिला प्रशासन लातेहार व इंपैक्ट इंडिया फाउंडेशन के सौजन्य से इंपैक्ट इंडिया फाउंडेशन लाईफलाईन एक्सप्रेस प्रोजेक्ट के तहत जिले में लाईफ लाइन एक्सप्रेस ट्रेन के माध्यम से लोगों का निःशुल्क ईलाज 15 मई से शुरू किया जा रहा है। लाइफ लाईन एक्सप्रेस ट्रेन के माध्यम से सुदूरवर्ती क्षेत्र के लोगों को निःशुल्क स्वास्थ सुविधा 15 मई से 04 जून तक उपलब्ध कराई जाएगी। लाइफ लाईन एक्सप्रेस ट्रेन लातेहार जिले के चंदवा प्रखंड के टोरी स्टेशन पर खड़ी रहेगी। इस ट्रेन के जरिए नेत्र रोगियों का ईलाज और ऑपरेशन किया जाएगा, कटे-फटे होठ वाले मरीजों का ईलाज किया जाएगा। इसके साथ ही कान रोगियों, दांत के रोगियों का उपचार किया जाएगा। आगे उन्होंने कहा कि ऑपरेशन और ईलाज के बाद पोस्ट ऑपरेटिव केयर के लिए चंदवा प्रखंड के सामूदायिक स्वास्थ्य केंद्र में व्यवस्था की गई है। मरीजों को लाइफ लाइन एक्सप्रेस ट्रेन तक लाने और ले जाने के लिए जिला प्रशासन ने तैयारी कर ली है। इसका मुख्य उद्देश्य दूर-दराज और दुर्गम इलाकों में चिकित्सकीय मदद पहुंचाना है।

#### जिले में 15 मई से 04 जून तक लाइफ लाइन एक्सप्रेस ट्रेन के तहत स्वास्थ्य शिविर का किया जाएगा आयोजन

बैठक में इंपैक्ट इंडिया फाउंडेशन के प्रतिनिधि अजय कुमार ने लाइफ लाइन एक्सप्रेस हॉस्पिटल ट्रेन प्रोजेक्ट के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि जिले में 15 मई से 04 जून तक लाइफ लाइन एक्सप्रेस ट्रेन के तहत स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जाएगा। जिसमें आंख, कान, हड्डी, प्लास्टिक सर्जरी और दांतों की जांच सहित सभी तरह की स्वास्थ्य जांच की जाएगी। उन्होंने बताया कि मरीजों की स्क्रीनिंग के बाद ओपीडी और सर्जरी की जाएगी। इस दौरान उपायुक्त ने लाइफ लाइन एक्सप्रेस ट्रेन के सफल क्रियान्वयन को लेकर आवश्यक सारी सुविधाएं पूर्ण कर लेने का निर्देश संबंधित पदाधिकारी को दिया। उपायुक्त ने निर्देशित करते हुए स्वास्थ्य विभाग, प्रखंड विकास पदाधिकारी, डीएसडब्लूओ, सीडीपीओ को आपस में समन्वय स्थापित करते हुए कार्य करने की बात कही।

#### चिकित्सीय जांच के लिए समय किया गया निर्धारित

वहीं आंख की जांच एवं मोतियाबिंद की सर्जरी 15 से 20 मई 2023 तक, कान की जांच और कान की सर्जरी 22 से 26 मई 2023 तक, मुड़े हुए पैर का परिक्षण एवं सर्जरी (14 साल की नीचे) 28 से 30 मई 2023 तक, कटे, फटे ओठ की जांच एवं सर्जरी 28 से 30 मई तक, दांत की जांच एवं उपचार 30 मई से 04 जुन 2023 तक, स्तन और ग्रीवा कैंसर जागरुकता एवं परिक्षण 15 मई से 20 मई 2023 तक, वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक में उप विकास आयुक्त आलोक शिकारी कच्छप, परियोजना निदेशक, आईटीडीए विंदेश्वरी ततमा, सिविल सर्जन डॉ. दिनेश कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी लातेहार शेखर कुमार, जिला स्तरीय पदाधिकारी, सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, एमओआईसी, मुखिया, प्रिंट मीडिया एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के पत्रकार जनप्रतिनिधि आदि जुड़े थे।

### पोस्ता/अफीम की खेती करने वाले तीन गिरफ्तार


गिरफ्तार तीनों आरोपी एवं पुलिस अधिकारी।

**मनिका।** मनिका थाना क्षेत्र में अवैध रूप से पोस्ता/अफीम की खेती करने के आरोप में मनिका पुलिस के द्वारा तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लातेहार जेल भेज दिया गया है। दिन गुरुवार को प्रभारी थाना प्रभारी इंस्पेक्टर बबलू कुमार के द्वारा प्रेस कॉन्फ्रेंस कर जानकारी दिया गया कि मनिका थाना कांड संख्या 32/21 के अभियुक्त दिनेश सिंह उम्र 38 वर्ष पिता स्वर्गीय भागवती सिंह घर एकता थाना लेस्लीगंज जिला (पलामू), जितेंद्र सिंह उम्र 38 वर्ष एवं राजेश सिंह उम्र 45 वर्ष दोनों पिता स्वर्गीय मुन्नी सिंह घर पटना थाना मनिका जिला (लातेहार) को पुलिस के द्वारा गिरफ्तार किया गया। जिनके विरुद्ध अवैध तरीके से पोस्ता/अफीम की खेती करने के आरोप में मनिका थाना में प्राथमिकी दर्ज की गई थी। प्राथमिकी दर्ज होने के बाद से तीनों आरोपी फरार थे जिन्हें मनिका पुलिस ने छापामारी कर गिरफ्तार किया और न्यायिक हिरासत में भेज दिया। वहीं छापामारी दल में प्रभारी थाना प्रभारी इंस्पेक्टर बबलू कुमार, एसआई मिथिलेश कुमार, एसआई राजकुमार तिग्गा, एएसआई राम प्रताप सिंह, थाना रिजर्व गार्ड एवं सशस्त्र बल शामिल थे।

### सड़क किनारे लगे पिलर से टकराई बाइक, एक की मौत, दूसरा गंभीर




**चंदवा।** एनएच 99 रांची-चतरा मुख्य मार्ग पर चंदवा थाना क्षेत्र अंतर्गत भुषाढ़ के समीप तीखे मोड़ पर बुधवार देर रात एक बाइक जेएच 01 डीडब्ल्यू 9682 अज्ञात हाइवा वाहन से टकराने के बाद सड़क किनारे लगे रोड सेफ्टी पिलर से जा टकराई, जिसमें एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दूसरा युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। मृतक की पहचान अशोक गंझु पिता रामा गंझु छताबेर गोनिया बारियातु के रूप में हुई है। जबकि घायल युवक की पहचान प्रमोद उरांव पिता बुद्धदेव उरांव उदयपुरा लातेहार के रूप की गई है। घायल युवक का इलाज चंदवा के एक निजी अस्पताल में चल रहा है। घायल युवक ने बताया कि दोनों आपस में मित्र थे और चंदवा प्रखंड के ही हिसरी गांव में एक शादी समारोह में शामिल होने पहुंचे थे। दोनो रात में खाना खाने के बाद बाइक से लुकुईया गांव अपने किसी रिश्तेदार के यहां जा रहे थे। तभी भूषाढ़ के समीप तीखे मोड़ पर सामने से आ रही हाइवा से बाइक टकरा गई और संतुलन खोते हुए सड़क किनारे लगे रोड सेफ्टी पिलर से जा टकराई। सिर पर अत्यधिक चोट लगने की वजह से मौके पर ही अशोक गंझू की मौत हो गई। पुलिस को सूचना मिलते ही रात में युवक के शव को अपने कब्जे में कर अग्रेतर कार्रवाई में जुट गई है।

# अधिकारियों के कानो तक क्यों नहीं पहुंच रही है कुल्हाड़ियों की गूंज

### पलामू किले के मुख्य द्वार से महज कुछ दूरी पर दिन के उजाले में सागवान की हो रही है कटाई

➲ सवालों के घेरें में वन विभाग, उजाले में आम आदमी या तस्कर कैसे कर सकता है इमारती पेड़ों की कटाई

दीपक राज

**बरवाडीह।** पलामू टाइगर रिजर्व अंतर्गत विख्यात राजा मेदिनीराय के प्राचीन किले के मुख्य द्वार से महज 50 मीटर की दूरी पर बेशकीमती और इमारती सागवान के विशाल वृक्ष की कटाई हो रही है। किले के प्रवेश द्वार पर कदम रखते ही कुल्हाड़ियों की गूंज सुनाई दे रही है, लेकिन यह गूंज वन विभाग के अधिकारियों या कर्मियों के कानों तक नहीं पहुंच रही है, और विभाग अब भी पूरे मामले में अंजान बना हुआ हैं, जो लोगों को काफी अचंभित कर रहा है। इसका मुख्य कारण यह है कि पिछले चार पांच दिनों से खुलेआम सागवान की कटाई हो रही है। दिन में ऐसा करने की जुर्रत न कोई आम इंसान कर सकता है और न ही कोई तस्कर। इधर मंगलवार को खबर मंत्र को किले के अंदर सागवान की कटाई होने की जानकारी मिलने के बाद जब अफसरों से पूछताछ की गई तो उन्होंने इसकी जानकारी होने से इनकार कर दिया और अपना पल्ला झाड़ते हुए कारवाई करने की बात कही। दूसरे दिन बुधवार की सुबह 10 बजे भी सागवान की कटाई खुलेआम की जा रही थी। अब इस मामले में अफसरों की निष्क्रियता कहें या संलिप्तता यह तो उच्चस्तरीय जांच के बाद ही पता चल सकता है, क्योंकि इमारती पेड़ों की अवैध कटाई और लकड़ी चोरी के मामले में कार्रवाई को लेकर वन विभाग निष्क्रिय क्यों है, यह बहुत बड़ा सवाल बन गया है।


दिन में सागवान काटते लोग।

#### वन विभाग की कार्यप्रणाली पर खड़े हो रहे हैं सवाल

वनों की सुरक्षा के लिए पलामू किले के कुछ दूरी पर ही स्थित रेंज कार्यालय में तैनात रेंजर, वनपाल और ट्रेक्टर गार्ड आदि पर इस मामले को लेकर कई सवाल खड़े हो रहें है। इनकी यहां मौजूदगी होने के बावजूद बेतला नेशनल पार्क और किले के अंदर इमारती पेड़ों की अनगिनत ढूंठ क्यों है। वन सुरक्षा में तैनात वन अमला इस गंभीर विषय पर अनजान क्यों बना हुआ है। यह कौन लोग है जो दिन के उजाले में विभाग के नाक के नीचे बेशकीमती इमारती हरे भरे पेड़ों की कटाई कर खुलेआम गायब कर दें रहें है।

**अधिकारी कर रहें है जांच की बात:** दूसरी और वन विभाग के अधिकारी आज भी जांच की बात कह रहे है, विडंबना ही है जब जंगल कट गया उसके बाद जांच करवायेंगे। यह तो सांप के चले जाने के बाद लकीर पीटना वाली कहावत को ही चरितार्थ करने जैसा है। क्योंकि विभाग के द्वारा लाखों की लागत से बनाए गए कई वाच टावर, लगाए गए कैमरे के साथ-साथ अधिकारी और ट्रेकर गार्ड आदि जंगलों के कटने के समय क्या करते है।

स्पीड न्यूज

## गो फर्स्ट ने 15 मई तक रोकी टिकट की बुकिंग

**नयी दिल्ली।** एयरलाइंस कंपनी गो फर्स्ट ने 15 मई तक के लिए फ्लाइट्स की टिकट बुकिंग रोक दी है। इसके साथ ही कंपनी ने 9 मई तक के लिए अपनी सभी उड़ानें भी कैंसिल कर दी है। डीजीसीए ने एयरलाइन को कैंसिल फ्लाइट्स का पैसा यात्रियों को लौटने का निर्देश दिया है। डीजीसीए की ओर से गुरुवार को जारी एक बयान के मुताबिक गो फर्स्ट ने 15 मई तक अपनी उड़ानों के लिए टिकट बुकिंग रोक दी है। एयरलाइन ने कहा है कि वह या तो यात्रियों को टिकट का पैसा लौटाएगी या उन्हें भविष्य की तारीख में उड़ान की अनुमति देगी।

## कांग्रेस को जनता नहीं करेगी माफ : विहिप

**नयी दिल्ली।** विश्व हिन्दू परिषद (विहिप) ने गुरुवार को कहा कि कांग्रेस को भले ही अब यह एहसास हो गया है कि बजरंग दल को बदनाम करके उसने पाप किया है लेकिन इसके लिए कर्नाटक की जनता उसे (कांग्रेस को) माफ नहीं करेगी। विहिप ने कहा कि 10 मई को होने वाले चुनाव में राज्य के लोग कांग्रेस से इस पाप का हिसाब लेंगे। परिषद ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे से हिन्दू समाज से माफी मांगने और तत्काल पार्टी के घोषणापत्र में बदलाव करने को कहा।

## बीएसएफ ने पकड़ा 43 लाख का सोना

**कोलकाता।** मुर्शिदाबाद जिले में भारत-बांग्लादेश सीमा पर तैनात बीएसएफ ने 43 लाख रुपये का सोना पकड़ा है। गुरुवार को बीएसएफ ने बताया कि छह सोने के बिस्कुट पकड़े गए हैं जिनका वजन 700 ग्राम है और कुल कीमत 43 लाख पांच हजार 246 रुपये है। सीमा चौकी अठरोसिया के पास एक संदिग्ध ट्रैक्टर को रोका गया जो सीमा पार खेत में काम करके लौटा था। उसकी गहनता से तलाशी लेने पर उसमें बीप की आवाज आई। इसके बाद चालक को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई तो उसने शरीर के अंदर से छिपाकर रखे गए छह सोने के बिस्कुट जवानों को सौंपा।

## अमेरिका : सड़क हादसे में सिख दंपत्ति की मौत

वाशिंगटन, चार मई (भाषा) अमेरिका में एक सड़क हादसे में सिख दंपत्ति की मौत हो गई। हादसा पिछले शुक्रवार को उस वक्त हुआ था जब परमिंदर सिंह बाजवा और उनकी पत्नी हरप्रीत कौर बाजवा अपने दो बच्चों को स्कूल बस स्टॉप से लेने जा रहे थे तभी वाशिंगटन के केंट में एक कार चालक ने उन्हें सामने से टक्कर मार दी।

## सिंध में 50 हिंदुओं ने इस्लाम धर्म कबूला

इस्लामाबाद। पाकिस्तान के दक्षिणी प्रांत सिंध में दस परिवारों के कम से कम 50 सदस्यों ने इस्लाम धर्म कबूल कर लिया है, जिससे हिंदू कार्यकर्ता चिंतित हैं और उन्होंने सरकार पर सामूहिक धर्मांतरण में शामिल होने का आरोप लगाया है। ये लोग प्रांत के मीरपुरखास क्षेत्र के विभिन्न क्षेत्रों से हैं और इन्होंने शहर के बैत-उल ईमान न्यू मुस्लिम कॉलोनी मदरसे में आयोजित समारोह में धर्म बदला

### मणिपुर के हिंसा प्रभावित जिलों में सेना और असम राइफल्स के जवानों ने संभाला मोर्चा

# दंगाइयों को गोली मारने का आदेश

### आदिवासी एकजुटता मार्च के बाद भड़की हिंसा, नौ हजार लोग हुए विस्थापित

- गृह मंत्री शाह ने मुख्यमंत्री से हालात की ली जानकारी
- कांगपोकपी के सैकुल में हिंसा में 11 लोग हुए घायल

एजें

**इंफाल।** मणिपुर में आदिवासियों और बहुसंख्यक मेइती समुदाय के बीच हिंसा भड़कने के बाद स्थिति को नियंत्रित करने के लिए बृहस्पतिवार को राज्य सरकार ने गंभीर स्थिति में देखते ही गोली मारने का आदेश जारी किया। हिंसा के कारण 9,000 से अधिक लोग विस्थापित हो गए हैं।

नगा और कुकी आदिवासियों द्वारा आदिवासी एकजुटता मार्च आयोजित किए जाने के बाद बुधवार को हिंसा भड़क गई, जो रात में और तेज हो गई। राज्यपाल की ओर से जारी आदेश में कहा गया है किसमझाने और चेतावनी के बावजूद स्थिति काबू में नहीं आने पर देखते ही गोली मारने की कार्रवाई की जा सकती है। राज्य सरकार के आयुक्त (गृह) द्वारा हस्ताक्षरित अधिसूचना दंड प्रक्रिया संहिता, 1973 के प्रावधानों के तहत जारी की गई है। राज्य की आबादी में 53 प्रतिशत हिस्सा रखने वाले गैर-आदिवासी मेइती समुदाय की अनुसूचित जनजाति (एसटी) के दर्जे की मांग के खिलाफ चुराचांदपुर जिले के तोरबंग इलाके में ऑल ट्राइबल स्टूडेंट यूनियन मणिपुर (एटीएसयूएम) द्वारा बुलाए गए आदिवासी एकजुटता मार्च के दौरान बुधवार को हिंसा भड़क गई। मार्च का आयोजन मणिपुर उच्च न्यायालय द्वारा पिछले महीने राज्य सरकार को मेइती समुदाय द्वारा एसटी दर्जे की मांग पर चार सप्ताह के भीतर केंद्र को एक सिफारिश भेजने के लिए कहने के बाद किया गया। पुलिस के अनुसार,









चुराचांदपुर जिले के तोरबंग क्षेत्र में मार्च के दौरान हथियार लिए हुए लोगों की एक भीड़ ने कथित तौर पर मेइती समुदाय के लोगों पर हमला किया, जिसकी जवाबी कार्रवाई में भी हमले हुए, जिसके कारण पूरे राज्य में हिंसा भड़क गई।

इसी बीच हिंसा को लेकर केन्द्रीय मंत्री अमित शाह ने राज्य के मुख्यमंत्री से वार्ता कर स्थिति की जानकारी ली। मुख्यमंत्री ने स्थानीय लोगों से शांति और सांप्रदायिक सद्भाव बनाए रखने की अपील की है। दरअसल, बुधवार रात को कांगपोकपी जिले के सैकुल में संगठित हिंसा में 11 लोग घायल हुए थे। आंदोलनकारियों और सुरक्षा बलों के साथ हुई झड़प में दो लोगों की मौत हो गयी। गुरुवार को हिंसाग्रस्त इलाकों में सेना का फ्लैग मार्च किया गया।

इस बीच मणिपुर में तनावपूर्ण स्थिति को देखते हुए मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह ने राज्य के लोगों से शांति और सांप्रदायिक सद्भाव बनाए रखने की अपील की। मुख्यमंत्री सिंह ने संबंधित प्रदर्शनकारियों से ऐसी हिंसक गतिविधियों से दूर रहने की अपील की।

### मेरा राज्य जल रहा है, कृपया मदद करें केंद्र : मैरी कॉम

मुक्केबाज मैरी कॉम ने अपने ट्विटर हैंडल पर केंद्र सरकार से गुहार लगायी है। मैरीकॉम ने मणिपुर में जारी हिंसा को रोकने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह, राजनाथ सिंह और कई राष्ट्रीय इलेक्ट्रॉनिक न्यूज मीडिया को टैग कर सोशल मीडिया के जरिए केंद्र सरकार से मदद मांगी है।

## पाक के सिंध में हिंदू युवक की हत्या, पुलिस अधिकारी पर प्राथमिकी

**कराची।** पाकिस्तान के सिंध प्रांत में इस सप्ताह की शुरूआत में मुठभेड़ के दौरान एक हिंदू लड़के की हत्या करने के आरोप में एक पुलिस अधिकारी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। मीडिया में गुरुवार को आई एक रिपोर्ट से यह जानकारी मिली। मृतक के पिता ने अधिकारियों से शिकायत की थी कि उनके बेटे कमल किशन को पुलिस अधिकारी ने बिना किसी कारण के गोली मारी, जिसके बाद आरोपी फरमान शाह के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई।

## मुठभेड़ में छह सैनिकों की मौत और तीन आतंकी ढेर

**इस्लामाबाद।** अफगानिस्तान सीमा से सटे पाकिस्तान के खैबर-पख्तूनख्वा प्रांत में गुरुवार को आतंकवादियों के साथ हुई भीषण गोलीबारी में छह सैनिकों की मौत हो गई। सेना की मीडिया शाखा इंटर-स्टेट पब्लिक रिलेशंस (आईएसपीआर) ने एक बयान में कहा कि गोलीबारी उत्तरी वजीरिस्तान के दीर दुनी इलाके में हुई। गोलीबारी में छह सैनिकों की मौत हो गई जबकि तीन आतंकी मारे गए। आईएसपीआर ने कहा कि इलाके में छिपे आतंकियों को मार गिराने के लिए अभियान जारी है।

# सेना का ध्रुव हेलीकॉप्टर किश्तवाड़ में दुर्घटनाग्रस्त, तकनीशियन की मौत

### पायलट और सह पायलट घायल, कोर्ट ऑफ इंक्वायरी के आदेश

एजेंसी

**जम्मू ।** सेना के एक हेलीकॉप्टर को तकनीकी खामी के चलते जम्मू कश्मीर के किश्तवाड़ जिले में वन क्षेत्र में गुरुवार को मजबूरन उतारा गया जिससे वह दुर्घटनाग्रस्त हो गया। घटना में गंभीर रूप से घायल तकनीशियन की मौत हो गई वहीं पायलट और सह पायलट घायल हैं। अभियानगत मिशन में तैनात उन्नत हल्का हेलीकॉप्टर (एएलएच) ध्रुव मारवाह इलाके में एक नदी के किनारे दुर्घटनाग्रस्त हो गया। यह इलाका इन दिनों भारी बर्फबारी के कारण जिला मुख्यालय से कट गया है। सेना ने एक बयान जारी कर कहा कि घटना की कोर्ट ऑफ इन्क्वायरी के आदेश दिए गए हैं। उधमपुर स्थित उत्तरी कमान ने एक बयान में कहा कि परिचालन मिशन पर गए ह्यआर्मी एविएशन एएलएच ध्रुवह्ण हेलीकॉप्टर ने चार मई 2023 को पूर्वाह्न 11 बजकर 15 मिनट पर जम्मू कश्मीर के किश्तवाड़ में मारुआ नदी के किनारे एहतियाती



लैंडिग की। बयान में कहा गया है कि पायलट ने हवाई यातायात नियंत्रक (एटीसी) को तकनीकी खामी के बारे में बताया था और हेलीकॉप्टर को ऐहतियातन उतारने की बात कही थी। बयान के मुताबिक, ऊबड़-खाबड़ मैदान में, हेलीकॉप्टर को मजबूरन उतारा गया। तत्काल बचाव अभियान शुरू किया गया और सेना के बचाव दल मौके पर पहुंचे। सेना ने बताया कि घायलों को उधमपुर के कमान अस्पताल ले जाया गया है। स्थानीय लोग तत्काल दुर्घटना स्थल पर पहुंचे और उन्होंने घायलों को निकालने में मदद की। किश्तवाड़ के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक खलील अहमद पोसवाल ने बताया कि हेलीकॉप्टर का मलबा नदी के किनारे मिला। उन्होंने पहले कहा था कि दुर्घटना सुबह करीब दस बजकर 35 मिनट पर हुई। गौरतलब है कि ठंड के मौसम में इस इलाके के लोगों के लिए हेलीकॉप्टर ही परिवहन का एकमात्र साधन है, और इन्हीं के जरिए वहां सामान भी भेजा जाता है। इससे पहले हेलीकॉप्टर में सवार लोगों की संख्या को लेकर भ्रम था।

### बारामूला में मुठभेड़ दो आतंकवादी ढेर

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के बारामूला जिले में बृहस्पतिवार को सुरक्षाबलों के साथ मुठभेड़ में दो आतंकवादी मारे गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि उत्तरी कश्मीर में बारामूला जिले के वानीगाम पयीन क्रीरी इलाके में आतंकवादियों की मौजूदगी की जानकारी मिलने के बाद कार्रवाई करते हुए सुरक्षा बलों ने गुरुवार को तड़के तलाशी अभियान शुरू किया।

तलाशी अभियान तब मुठभेड़ में बदल गया जब आतंकवादियों ने बलों के एक तलाशी दल पर गोलीबारी की, जिसके बाद सुरक्षा बलों ने जवाबी कार्रवाई की। अधिकारी ने बताया कि जवाबी कार्रवाई में दो आतंकवादी मारे गए। उन्होंने बताया कि मुठभेड़ स्थल से एक एके 47 राइफल और एक पिस्तौल सहित आपत्तिजनक सामग्री, हथियार और गोला-बारूद बरामद किया गया।

### राष्ट्रपति ने बच्ची के रेप और हत्या के दोषी की दया याचिका खारिज की

**नयी दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने महाराष्ट्र में वर्ष 2008 में एक चार साल की बच्ची से बलात्कार करने और पत्थरों से कुचलकर उसकी हत्या करने के मामले में दोषी करार दिये गए एक व्यक्ति की दया याचिका खारिज कर दी है। राष्ट्रपति भवन ने यह जानकारी दी। उच्चतम न्यायालय ने तीन मई 2017 में वसंत संपत दुपारे (तब 55 वर्ष) की दया याचिका को खारिज कर दिया था और उसकी फांसी बरबरार रखी थी।उच्चतम न्यायालय ने 26 नवंबर 2014 में निचली अदालत और बम्बई उच्च न्यायालय के वर्ष 2008 में चार वर्षीय लड़की से बलात्कार एवं हत्या के मामले में महाराष्ट्र के निवासी दुपारे की मौत की सजा सुनाने के फैसले को बरकरार रखा था। शीर्ष अदालत ने 14 जुलाई 2016 में दुपारे की उस याचिका पर विचार करने पर सहमति जतायी थी जिसमें उसने दावा किया था कि निचली अदालत ने उसे अपनी बात रखने का उचित मौका नहीं दिया। दोषी की मौत की सजा को बरकरार रखते हुए शीर्ष अदालत ने कहा था कि नाबालिग लड़की से बलात्कार उसके सम्मान को राक्षसी तरीके से गर्त में दफनाना है।

# ये ऑल इंडिया रेडियो नहीं अब सिर्फ आकाशवाणी है...

- प्रसार भारती ने जारी किया आदेश, एआइआर नाम का इस्तेमाल नहीं करने दी सलाह

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** सार्वजनिक प्रसारक प्रसार भारती ने अपनी रेडियो सेवा के संदर्भ में ऑल इंडिया रेडियो (एआईआर) नाम का इस्तेमाल नहीं करने और इसे आकाशवाणी करने का फैसला किया है, जैसा कि कानून में उल्लेख किया गया है। आकाशवाणी की महानिदेशक वसुधा गुप्ता द्वारा बुधवार को जारी एक आंतरिक आदेश में इस वैधानिक प्रावधान को तत्काल प्रभाव से लागू करने का अनुरोध किया गया है, जिसके जरिये एआईआर (ऑल इंडिया रेडियो) का नाम बदलकर आकाशवाणी कर दिया गया था।

प्रसार भारती के मुख्य कार्यकारी अधिकारी गौरव द्विवेदी ने कहा कि यह सरकार का बहुत पुराना फैसला है जो पहले लागू नहीं किया गया था। अब हम इसे लागू कर रहे हैं। प्रसार भारती (भारतीय प्रसारण निगम) अधिनियम, 1990 में उल्लेख किया गया है कि आकाशवाणी से मतलब कार्यालयों, केंद्रों और अन्य प्रतिष्ठानों से है, चाहे उन्हें किसी भी नाम से पुकारा जाए, जो नियत दिन से ठीक पहले, केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के ऑल इंडिया रेडियो के महानिदेशक का हिस्सा बने या उसके अधीन थे। प्रसार भारती अधिनियम 15 नवंबर, 1997 को लागू हुआ था।

आंतरिक आदेश में कहा गया है कि उक्त वैधानिक प्रावधान जिसके जरिये एआईआर के नाम को बदलकर आकाशवाणी कर दिया है और यह बात सभी के ध्यान में लाई जाये ताकि नाम और शीर्षक संसद द्वारा पारित प्रसार भारती अधिनियम 1990 के प्रावधानों के अनुरूप हों। वर्ष 1939 में कलकत्ता शॉर्टवेव सेवा के उद्घाटन के लिए लिखी गई एक कविता में प्रसिद्ध कवि रवींद्रनाथ टैगोर द्वारा ऑल इंडिया रेडियो को आकाशवाणी के रूप में संदर्भित किया गया था। प्रसार भारती की वेबसाइट के अनुसार आकाशवाणी मैसूर नाम का एक निजी रेडियो स्टेशन 10 सितंबर, 1935 को स्थापित किया गया था।

# साढ़े चार माह के ऊंचे शिखर पर पहुंचा शेयर बाजार

### सेंसेक्स 556 अंक चढ़ा, निफ्टी 18000 के पार

- भारतीय स्टेट बैंक, टाटा कंसल्टेंसी , एयरटेल, रिलायंस इंडस्ट्रीज और टाटा स्टील ने बढ़त दर्ज की

एजेंसी

**मुंबई।** विदेशी कोषों के प्रवाह और कुछ बड़ी कंपनियों एचडीएफसी और रिलायंस इंडस्ट्रीज में लिवाली से गुरुवार को घरेलू शेयर बाजारों में तेजी लौटी और दोनों प्रमुख सूचकांक करीब एक प्रतिशत तक चढ़ गए।

बीएसई का 30 शेयरों वाला सूचकांक सेंसेक्स 555.95 अंक यानी 0.91 प्रतिशत चढ़कर 61,749.25 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 604.61 अंक तक उछल गया था।

नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का मानक सूचकांक निफ्टी भी 165.95 अंक यानी 0.92 प्रतिशत तेजी के साथ 18,255.80 अंक पर पहुंच गया। सेंसेक्स में शामिल कंपनियों में बजाज फाइनेंस, एचडीएफसी, एचडीएफसी बैंक, बजाज फिनसर्व, एशियन पेंट्स, भारतीय स्टेट बैंक, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, भारती एयरटेल, रिलायंस इंडस्ट्रीज और टाटा स्टील में बढ़त दर्ज की गई।मार्च तिमाही में 20 प्रतिशत शुद्ध लाभ कमाने वाली आवास वित्त कंपनी एचडीएफसी का शेयर 2.59



प्रतिशत चढ़ गया। दूसरी तरफ इंडसइंड बैंक, नेस्ले, पावर ग्रिड, आईटीसी, टाटा मोटर्स और महिंद्रा एंड महिंद्रा के शेयरों में गिरावट रही। शेयर बाजारों में इस तेजी के पीछे विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) की भूमिका को अहम माना जा रहा है। स्टॉक एक्सचेंज के आंकड़ों के मुताबिक, विदेशी निवेशकों ने बुधवार को 1,338 करोड़ रुपये मूल्य की शुद्ध खरीदारी की थी।

एशिया के अन्य बाजारों में चीन का शंघाई कम्पोजिट और हांगकांग का हैंगसेंग बढ़त के साथ बंद हुए जबकि दक्षिण कोरिया का कास्पी नुकसान में रहा। यूरोपीय बाजार दोपहर के सत्र में नकारात्मक दिशा में कारोबार कर रहे थे। इसके पहले बुधवार को अमेरिकी बाजार भी गिरावट के साथ बंद हुए थे। दरअसल, अमेरिकी केंद्रीय बैंक फेडरल रिजर्व के नीतिगत ब्याज दर में एक और वृद्धि करने के फैसले का असर देखा गया। अमेरिका में ब्याज दर 0.25 प्रतिशत वृद्धि के साथ 16 वर्षों के उच्चतम स्तर पर पहुंच गई है। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा कि हालांकि, भारतीय बाजार ने फेडरल रिजर्व की इस वृद्धि को पूर्वानुमान के मुताबिक माना। इसके साथ विदेशी निवेशकों का समर्थन बने रहने और प्रमुख कंपनियों में खरीदारी से बाजार को तेजी मिली। इस बीच, अंतरराष्ट्रीय तेल मानक ब्रेंट क्रूड 1.18 प्रतिशत चढ़कर 73.15 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया।






# 19 को रिलीज होगी पवन सिंह की कइसे हो जाला प्यार

**मुंबई।** भोजपुरी फिल्मो के पावर स्टार पवन सिंह की फिल्म ह्यकइसे हो जाला प्यार 19 मई को रिलीज होगी। फिल्म निर्माता और वितरक निशांत उज्जवल ने फिल्म कइसे हो जाला प्यार का पोस्टर को अपने इंस्टाग्राम पर पोस्ट किया और कहा कि पावर स्टार पवन सिंह एक बार फिर से दर्शकों के बीच एक बेहतरीन फिल्म लेकर आ रहे हैं। अपने चहेते स्टार की फिल्म को प्यार और आशीर्वाद देने के लिए तैयार हो जाइए।

निशांत उज्जवल ने कहा कि ह्यकइसे हो जाला प्यारह्ण एक शानदार लव स्टोरी है, जिसके




जरिए पवन सिंह और काजल राघवानी लंबे अरसे बाद एक बार फिर से बड़े पर्दे पर नजर आने वाले हैं जिसको लेकर दोनों के फैंस को बेसब्री से इंतजार है। उनके साथ फिल्म में ब्रजेश त्रिपाठी, राज प्रेमी, अमित शुक्ला भी मुख्य भूमिका में हैं। फिल्म के निर्देशक जगदीश शर्मा है। निमार्ता राजीव रंजन सिंह और अमित कुमार सिंह हैं। फिल्म को रेनू विजय फिल्म्स इंटरटेनमेंट देशभर में रिलीज कर रही है।

पवन सिंह ने भी दर्शकों से आग्रह किया कि वह एक बेहतरीन साफ-सुथरी और सामाजिक फिल्म को सिनेमाघरों में जाकर अपने पूरे परिवार के साथ देखें। फिल्म पूरी तरह से पैसा वसूल वाली है। दर्शक इसमें कभी भी बोर नहीं होंगे और फिल्म में भरपूर मनोरंजन दर्शकों को मिलेगा।

### गजनी -2 में काम करेंगे आमिर खान

**बॉलीवुड** अभिनेता आमिर खान अपनी सुपरहिट फिल्म गजनी के सीक्वल गजनी -2 में काम करते नजर आ सकते हैं। आमिर खान ने फिल्म इंडस्ट्री से ब्रेक ले रखा है। ठग्स ऑफ हिंदोस्तान और लाल सिंह चड्ढा की असफलता के बाद आमिर खान ने फिल्म इंडस्ट्री से ब्रेक ले लिया है। आमिर खान इन दिनों दक्षिण भारतीय सुपरस्टार अल्लू अर्जुन के पिता अल्लू अरविंद के साथ मिलकर अगली फिल्मों पर चर्चा कर रहे हैं।

# भारत की आर्थिक विकास गाथा का हिस्सा बनें निवेशक : सीतारमण

### एशियाई विकास बैंक की 56वीं सालाना बैठक में वित्त मंत्री ने निवेशकों को दिया निमंत्रण

एजेंसी

**इंचियोन।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने गुरुवार को अमृतकाल में भारत की आर्थिक विकास गाथा में शामिल होने का निवेशकों को निमंत्रण दिया। एशियाई विकास बैंक की 56वीं सालाना बैठक में भाग लेने यहां आई सीतारमण ने नये भारत को आकार देने और वैश्विक आर्थिक व्यवस्था में इसके स्थान को नये सिरे से स्थापित करने के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में बेहतर राजकाज को लेकर दृष्टिकोण और सुधारों का विस्तार से उल्लेख किया। वित्त मंत्री ने निवेशकों की गोलमेज बैठक को संबोधित करते हुए भारत में हुए हाल के सुधारों का जिक्र किया। उन्होंने राष्ट्रीय मौद्रीकरण पाइपलाइन (सरकारी संपत्तियों को बाजार पर चढ़ाने की योजना), डिजिटल सार्वजनिक बुनियादी ढांचा और उत्पादन आधारित प्रोत्साहन के अलावा रियल एस्टेट क्षेत्र तथा एफडीआई नीति में किये सुधारों के बारे में जानकारी दी।

